पारा आपडेट
मैक्सिमम 27.00 | मिनीमम 14.00
सूर्यास्त (आज) ▸ 17.43
सूर्योदय (कल) ▸ 06.23
बोकारो से प्रकाशित

सेंसेक्स 76,138.97 ● निफ्टी 23,031.40 ● डॉलर 86.89 ● सोना 85,630 ● चांदी 1,07,000

पेज 06 दिल्ली जीतकर भाजपा ने दिखाई... पेज 08 ममता और अभिषेक के बयानों...

हिन्दी दैनिक
# झारखंड दर्शन
हर खबर पर नजर
फाल्गुन कृष्ण पक्ष द्वितीया संवत 2082

पेज 12



RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, शुक्रवार 14 फरवरी 2025 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 222 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### मैट्रिक और इंटर की परीक्षाएं 14 फरवरी को रहेंगी स्थगित

**रांची।** राज्य भर में झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से ली जा रही मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुक्रवार को स्थगित रहेंगी। राज्य सरकार ने मुस्लिम समुदाय के त्योहार शब ए बारात पर होनेवाले अवकाश के चलते इन परीक्षाओं को स्थगित किया है। अवकाश को लेकर उपर्युक्त दोनों परीक्षाओं में लिये जाने वाले पेपर की परीक्षा अगली तिथि चार मार्च को होगी। शुक्रवार को जिन पेपर की परीक्षाएं होनी थी उनमें जनजातीय भाषा खड़िया, खोरठा, कुरमाली, नागपुरी और पंच परगनिया की परीक्षा शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि ये परीक्षाएं 11 फरवरी से शुरू हैं और तीन मार्च तक होनेवाली थी, लेकिन अब ये परीक्षाएं चार मार्च तक चलेंगी। अवकाश के कारण राज्य के सभी सरकारी कार्यालय शुक्रवार को बंद रहेंगे। अवकाश को लेकर कार्मिक विभाग ने गुरुवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

### अमानतुल्ला की गिरफ्तारी पर 24 फरवरी तक लगी रोक

**नई दिल्ली।** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने जामिया नगर में पुलिस टीम पर हमले का कथित तौर पर नेतृत्व करने के मामले में दर्ज नयी एफआईआर के मामले में आम आदमी पार्टी के ओखला से विधायक अमानतुल्ला खान को राहत दी है। स्पेशल जज जीतेंद्र सिंह ने अमानतुल्लाह खान की गिरफ्तारी पर 24 फरवरी तक की रोक लगा दी है। अमानतुल्लाह खान ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। दिल्ली पुलिस ने जामिया नगर में पुलिस टीम पर हमले का नेतृत्व करने के मामले में 11 फरवरी को अमानतुल्लाह खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक अमानतुल्लाह खान पर हत्या के प्रयास के मामले में भगोड़े शाबाज खान को पुलिस हिरासत से भागने में मदद करने का आरोप है।

### आजम खान व अब्दुल्लाह को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के रामनगर नगरपालिका परिषद की सफाई मशीन चोरी कराकर उसे जौहर यूनिवर्सिटी में मिट्टी में दबाए जाने के मामले में समाजवादी पार्टी नेता आजम खान और उनके पुत्र अब्दुल्लाह आजम को जमानत दे दी है। गुरुवार को जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली बेंच ने जमानत देने का आदेश दिया। इससे पहले कोर्ट ने 16 दिसंबर, 2024 को यूपी सरकार को नोटिस जारी किया था। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इससे पहले 21 सितंबर, 2024 को आजम खान की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। आजम खान और उनके पुत्र के खिलाफ 2022 में एफआईआर दर्ज की गई थी। आजम खान समेत सात लोगों के खिलाफ नकार अली खान ने एफआईआर दर्ज कराई थी। एफआईआर में कहा गया था कि वर्ष 2014 में नगरपालिका परिषद की सफाई मशीन की चोरी की गई थी।

### ताइवान के डिपार्टमेंट स्टोर में विस्फोट, 5 की मौत, 13 घायल

**ताइपे।** मध्य ताइवान के ताइचुंग शहर में गुरुवार सुबह एक डिपार्टमेंट स्टोर में लगभग 11 बजे गैस विस्फोट होने से पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 13 अन्य घायल हो गए। दुर्घटना एक फूड कोर्ट की निर्माणाधीन मंजिल पर हुई। स्थानीय अग्निशमन अधिकारियों के सहयोग से घटनास्थल पर खोज एवं बचाव अभियान चल रहा है। घटना के कारणों की जांच जारी है।

## विरोध : मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने सभी मुस्लिम संगठनों को साथ लेकर बनाई रणनीति

# वक्फ संशोधन बिल, यूसीसी और वर्शिप एक्ट के विरोध में चलाएगा देशव्यापी आंदोलन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने वक्फ संशोधन विधेयक, समान नागरिक संहिता और पूजा स्थल कानून को लेकर देशव्यापी आंदोलन चलाने की घोषणा की है। बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने कहा है कि अगर सरकार संसद से वक्फ संशोधन विधेयक को पास करने का प्रयास करती है तो हमारे पास सड़कों पर आकर इसका विरोध करने के अलावा कोई संवैधानिक रास्ता नहीं



बचता है। उनका कहना है कि वक्फ संशोधन विधेयक को देश का मुस्लिम समाज पूरी तरह से नकार चुका है और यह विधेयक हमें किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में आज गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में मौलाना ने कहा कि हमने वक्फ संशोधन विधेयक का हर स्तर पर विरोध किया है। संयुक्त संसदीय समिति में भी हमने वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर अपनी चिंताओं से उन्हें अवगत कराया था और करोड़ों मुसलमान के हस्ताक्षर वाले मेमोरेंडम जेपीसी को भेजे गए थे। मगर जेपीसी ने हमारी बातों को दरकिनार कर अपनी रिपोर्ट पेश कर दी है और इस विधेयक को राज्यसभा में लाया गया है। उन्होंने कहा कि हम चाहते थे कि शांतिपूर्वक तरीके से इस समस्या का समाधान हो जाए लेकिन मौजूदा सरकार की नीयत ठीक नहीं है। सरकार देश के शांतिप्रिय मुसलमान को उकसाने की कोशिश में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि हम इस विधेयक का शांतिपूर्वक ढंग से सड़कों पर आकर विरोध करेंगे। विरोध करना हमारा संवैधानिक अधिकार है जिसे कोई भी सरकार रोक नहीं सकती है।

### यूसीसी पूरी तरह से असंवैधानिक

मौलाना अरशद मदनी ने आगे कहा कि यूसीसी को उत्तराखंड सरकार द्वारा लागू किया गया है जो की पूरी तरह से असंवैधानिक है। यूसीसी केंद्र का मामला है और इसे केंद्र सरकार के जरिए ही लागू किया जा सकता है। उत्तराखंड सरकार ने अपने अधिकारों का उल्लंघन किया है और अब गुजरात सरकार के जरिए भी यूसीसी लागू करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि हम इन सब मामलों को लेकर के अदालत का भी दरवाजा खटखटाएंगे और सड़कों पर आकर भी इसका जोरदार विरोध करेंगे। जब तक वक्फ विधेयक और यूसीसी को वापस नहीं लिया जाएगा, हम इसका विरोध करते रहेंगे। मौलाना ने इस मौके पर कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू का इम्तिहान है। संसद में वक्फ विधेयक पर इनका क्या रुख होता है।

### संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन

बोर्ड उपाध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने इस अवसर पर कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ कानून के दायरे में रहते हुए हमारा विरोध जारी रहेगा। वक्फ संशोधन विधेयक मुसलमानों के संवैधानिक अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है, हम इस असंवैधानिक कानून को स्वीकार नहीं कर सकते। हम सब मिलकर इस विधेयक को संसद से पास नहीं होने देने के लिए सभी राजनीतिक दलों पर दबाव बनाने की कोशिश जारी रखेंगे। संवाददाता सम्मेलन में बोर्ड के उपाध्यक्ष और जमीअत उलमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी, बोर्ड के उपाध्यक्ष मौलाना उबेदुल्ला खां आजमी, जमात-ए-इस्लामी हिंद के उपाध्यक्ष मलिक मोहतसिम खान, बोर्ड के महासचिव मौलाना अब्दुल रहीम मुजद्दी, बोर्ड प्रवक्ता कासिम रसूल इलियास भी मौजूद थे।

# मणिपुर में लगा राष्ट्रपति शासन

एजेंसी

**इंफाल।** मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के अपने पद से इस्तीफा देने के चार दिन बाद मणिपुर में बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है। गृह मंत्रालय ने नोटिफिकेशन जारी किया है। विधानसभा को भी निलंबित कर दिया गया है। राज्य के सीएम एन बीरेन सिंह ने 9 फरवरी 2025 को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात कर मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दिया था, जिसके बाद अब यह फैसला लिया गया है।

मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच हिंसा के चलते कानून-व्यवस्था की स्थिति गंभीर बनी हुई है। मणिपुर प्रभारी संबित पात्रा बीजेपी के दिग्गज नेताओं के साथ मीटिंग कर रहे थे। हालांकि अब सूबे में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया है।

मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की घोषणा करते हुए गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मानना है कि 'ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसमें इस राज्य की सरकार संविधान के प्रावधानों के अनुसार नहीं चल सकती।'

अधिसूचना में कहा गया है, 'अब, संविधान के अनुच्छेद 356 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, मैं घोषणा करती हूं कि मैं भारत के राष्ट्रपति के रूप में मणिपुर राज्य सरकार के सभी कार्यों और इस राज्य के राज्यपाल द्वारा निहित या प्रयोग की जाने वाली सभी शक्तियों को अपने अधीन करती हूं।' अधिसूचना में कहा गया है कि विधानसभा को निलंबित कर दिया गया है।

- सीएम एन बीरेन सिंह ने 9 फरवरी को राज्यपाल को सौंपा था इस्तीफा
- गृह मंत्रालय ने जारी किया नोटिफिकेशन




## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने युवा प्रोबेशनर्स से किया आग्रह

# कुशल और पारदर्शी शासन प्रणाली बनायें

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने युवा अधिकारियों से नागरिक-केंद्रित, कुशल और पारदर्शी शासन प्रणाली विकसित करने की दिशा में प्रयास करने का आग्रह किया। श्रीमती मुर्मू ने गुरुवार को यहां राष्ट्रपति भवन में भारतीय सिविल लेखा सेवा, भारतीय डाक और दूरसंचार (वित्त एवं लेखा) सेवा, भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (लेखा) और भारतीय डाक सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के एक समूह से मुलाकात की।



राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि चाहे सार्वजनिक वित्त प्रबंधन हो या पूरे देश में निर्बाध संपर्क और संचार सुनिश्चित करना हो, युवा अधिकारियों के पास अपने कामकाज के माध्यम से राष्ट्र के विकास और समृद्धि में प्रत्यक्ष रूप से योगदान देने का अवसर है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जैसे-जैसे भारत नवाचार और डिजिटल पहलों पर ध्यान केंद्रित करते हुए सतत और समावेशी विकास की ओर बढ़ रहा है, उनके जैसे युवा लोक सेवकों के पास महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

राष्ट्रपति ने कहा कि लोगों में त्वरित सेवा वितरण और दक्षता के साथ-साथ पारदर्शिता और जवाबदेही की अपेक्षा लगातार बढ़ रही है। इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, सरकारी विभागों को उभरती हुई प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके अपने सिस्टम को आधुनिक और डिजिटल बनाना आवश्यक है। ऐसी प्रौद्योगिकियों में मशीन लर्निंग, डेटा एनालिटिक्स, ब्लॉकचेन तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शामिल हैं। उन्होंने युवा अधिकारियों से उन्नत प्रौद्योगिकियों और कौशल की जानकारी रखने तथा और अधिक नागरिक-केंद्रित, कुशल व पारदर्शी शासन प्रणाली विकसित करने की दिशा में प्रयास करने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये युवा अधिकारी व्यक्तिगत करियर में सफलता हासिल करने के साथ-साथ देश के लोगों को सरकारी सेवाओं के प्रभावी वितरण में योगदान देने के लिए भी प्रयास करेंगे।

# वित्त मंत्री सीतारमण ने लोकसभा में पेश किया नया आयकर विधेयक-2025

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में बहुप्रतीक्षित नया आयकर विधेयक-2025 पेश कर दिया। नए आयकर विधेयक को सलेक्ट कमेटी के पास भेज दिया गया है। इसके साथ ही लोकसभा की कार्यवाही 10 मार्च सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने लोकसभा में नया आयकर विधेयक-2025 को पेश करते



हुए कहा, 'हम आयकर धाराओं की संख्या घटाकर 536 कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि आयकर विधेयक में अध्यायों की संख्या में कमी के साथ-साथ महत्वपूर्ण बदलाव किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस विधेयक का उद्देश्य 64 साल पुराने आयकर अधिनियम में बड़े पैमाने पर बदलाव करना है।

नया आयकर विधेयक-2025 भारत की मौजूदा आयकर प्रणाली और वैधानिक प्रावधानों में एक क्रांतिकारी बदलाव के रूप में लाया गया है, जो 21वीं सदी की प्रगति और आर्थिक वास्तविकताओं के अनुरूप पुराने आयकर अधिनियम, 1961 को निरस्त करता है। दरअसल 622 पन्नों वाला यह विधेयक 6 दशक पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 की जगह लेगा।

### राष्ट्रपति 14 व 15 फरवरी को कर्नाटक और झारखंड के दौरे पर



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 14 एवं 15 फरवरी को कर्नाटक और झारखंड का दौरा करेंगी। राष्ट्रपति भवन ने गुरुवार को बताया कि राष्ट्रपति मुर्मू 14 फरवरी को आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा बेंगलुरु में आयोजित 10वें अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में शामिल होंगी। अगले दिन 15 फरवरी को राष्ट्रपति मुर्मू रांची में बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह को संबोधित करेंगी।

## लोकसभा : बजट सत्र का पहला भाग समाप्त

# सदन की कार्यवाही 10 मार्च तक के लिए स्थगित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बजट सत्र का प्रथम चरण आज पूरा हो गया और कार्यवाही 10 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ने सत्र के प्रथम भाग को उत्पादक बताया और सभी से आगे भी सहयोग की अपेक्षा की। प्रथम भाग के अंतिम दिन आज लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट पेश की गयी। आयकर विधेयक भी पेश किया गया।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही के पूरा होने पर सदन को अवगत कराया कि इस भाग की उत्पादकता 112 प्रतिशत रही। सदन ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर 17 घंटे 23 मिनट की सार्थक चर्चा की। इसमें 173 सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान कार्यवाही देर रात्रि तक भी चली। वहीं बजट पर 16 घंटे 13 मिनट चर्चा हुई। इसमें 170 सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। उन्होंने अपेक्षा जताई की आगे भी सदस्य सहयोग करते रहेंगे।

## महाकुम्भ › सिर्फ नागा साधु ही नहीं, महाकुम्भ की व्यवस्थाओं का अध्ययन भी कर रहे विदेशी पर्यटक

# विदेशी सैलानियों को मिली भारतीय संस्कृति की नई ऊर्जा

एजेंसी

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ 2025 में इस बार विदेशी सैलानियों की रुचि में बड़ा बदलाव देखा गया है। पहले जहां विदेशी पर्यटक नागा साधुओं और उनके रहस्यमय जीवन को जानने के लिए आते थे, वहीं इस बार वे महाकुम्भ की स्वच्छता, यातायात व्यवस्था और संपूर्ण आयोजन प्रबंधन का अध्ययन करने भी आ रहे हैं। इस बार मेले में पहले से कहीं ज्यादा विदेशी सैलानी पहुंचे और उन्होंने भारतीय संस्कृति को नजदीक से देखा और अनुभव किया।

- घाना से आए प्रतिनिधियों ने की महामंडलेश्वर संपूर्णानंद जी से मुलाकात
- विदेशी सैलानियों ने भारतीय संस्कृति को नजदीक से देखा और अनुभव किया



### विदेशी मेहमानों का बढ़ा रुझान, सनातन धर्म को जाना

अग्नि अखाड़े के सचिव महामंडलेश्वर संपूर्णानंद ने बताया कि इस बार कई देशों से विदेशी पर्यटक प्रयागराज आए हैं। उन्होंने यहां ब्रह्मचारी जीवन और गृहस्थ जीवन के अंतर को करीब से जाना और समझा। अब विदेशी सैलानी सिर्फ नागा साधुओं के जीवन को देखने नहीं आ रहे, बल्कि वे महाकुम्भ की व्यवस्थाओं और सनातन संस्कृति का गहराई से अध्ययन कर रहे हैं।

### घाना से आए प्रतिनिधियों ने की सनातन संस्कृति की सराहना

अफ्रीका के घाना देश से आए जितेंद्र सिंह नेगी (उच्चायोग अफेयर्स, घाना) ने बताया कि उनके पूर्वज भारत से घाना गए थे और पहली बार प्रयागराज आकर उन्हें सनातन धर्म की अद्भुत जानकारी मिली। हमने पहली बार गुरूजी (अग्नि अखाड़ा महामंडलेश्वर संपूर्णानंद) से मुलाकात की और सनातन धर्म के गूढ़ रहस्यों को समझा। हमारे साथ 16 अन्य प्रतिनिधि भी आए, जिन्होंने भारतीय संस्कृति को गहराई से जाना।

### अनुभव उम्मीदों से अधिक रहा

इसी क्रम में विदेशी सैलानी अंकिता उपाध्य ने कहा कि हमने महाकुम्भ के बारे में जो सुना था, उससे कहीं अधिक यहां आकर देखा और महसूस किया। व्यवस्थाओं की सुगमता और संगम की आध्यात्मिक ऊर्जा ने हमें नई अनुभूति दी है। प्रशासन के अनुसार, महाकुम्भ 2025 में अब तक 50 से अधिक देशों के सैलानी आ चुके हैं और आगे भी बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटकों के आने की संभावना है।

## जीबीएस मरीजों की संख्या दो सौ के पार

# पुणे में जीबीएस से पीड़ित एक और मरीज ने तोड़ा दम

एजेंसी

**मुंबई।** पुणे जिले के खडकवासला में गुलियन बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) पीड़ित एक और मरीज की मौत हो गई है। जीबीएस से राज्य में अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। राज्य में अब तक जीबीएस के 203 मरीज मिल चुके हैं, इनमें से 109 लोगों को पूरी तरह ठीक होने के बाद छुट्टी दी जा चुकी है। सूबे के विभिन्न अस्पतालों में से 54 मरीज आईसीयू में इलाज करा रहे हैं, जबकि 20 वेंटिलेटर पर हैं।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि खडकवासला क्षेत्रवासी 59 वर्षीय व्यक्ति की जीबीएस से मौत हो गई है। इस मरीज को 10 फरवरी को इलाज के लिए नवले अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मरीज को बहुत कमजोरी महसूस हो रही थी और वह अपनी जगह से हिल भी नहीं पा रहा था। एनसीवी परीक्षण के बाद प्लाज्मोफेरेसिस उपचार किया गया। 11 फरवरी को मरीज को हार्ट अटैक आया था, लेकिन इलाज के दौरान ही आज तड़के 3.30 बजे मरीज की मौत हो गई।

- राज्य में अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, शुक्रवार 14 फरवरी 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### इम्तियाज अहमद की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** अपर न्यायायुक्त की अदालत ने भारतीय सेना के कब्जे वाली जमीन फजीर्वाड़े मामले में जेल में बंद इम्तियाज अहमद को जमानत देने से इनकार किया है। अदालत ने उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका सुनवाई के बाद खारिज कर दी है। इम्तियाज इस मामले में 20 अगस्त 2024 से जेल में है। आरोपित पर अन्य आरोपितों के साथ मिलकर जाली कागजात आधार कार्ड, बिजली बिल बनाकर सेना की जमीन बेचने का आरोप है। आरोपित अन्य लोगों के साथ मिलकर रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस, कोलकाता के कर्मचारियों के प्रबंधन द्वारा फर्जी विलेख बनाने में भी शामिल था। इस मामले को लेकर बरियातू थाना में 4 जून 2022 को मुख्य आरोपित प्रदीप बागची के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। जांच के क्रम में इम्तियाज अहमद का नाम सामने आया। जांच अधिकारी की ओर से पूछताछ के दौरान सह-आरोपित अफसर अली ने होल्डिंग नंबर हासिल करने के लिए 90 हजार रुपये के लेनदेन की बात स्वीकार की। इसके अलावा, सीआरपीसी की धारा 41ए के तहत नोटिस के जवाब में अंकुश कुमार द्वारा सौंपे गए जवाब के अवलोकन से पता चलता कि सह-आरोपित अफसर अली भी धोखाधड़ी और जालसाजी करने में प्रदीप बागची का सक्रिय सहयोगी था।

### भाजपा का राष्ट्रवाद दिखावा : कांग्रेस

**रांची।** जम्मू कश्मीर के अखनूर मे शहीद कैप्टन करमजीत सिंह का पार्थिव रांची लाया गया था, लेकिन इस अवसर पर शहीद को श्रद्धांजलि देने के लिए रांची से सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के नहीं पहुंचने और अपने किसी प्रतिनिधि को नहीं भेजने पर प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने इसे शहीद का अपमान बताया है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए गुरुवार को राकेश सिन्हा ने कहा कि शहीद को श्रद्धांजलि देने के लिए रक्षा राज्य मंत्री को समय नहीं मिला न भाजपा नेताओं को मौका मिला। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को एक्स पर लिखने में मजा आता है, लेकिन शहीद होने वाले वीर शहीद को श्रद्धांजलि देने का समय नहीं मिलता है। अब उनकी राष्ट्र भक्ति की पोल खुल गई है। उन्होंने कहा कि बात-बात पर राष्ट्रवाद का दंभ भरने वाले भाजपा नेताओं से अब लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। केंद्र सरकार सैनिकों की सुविधाएं बढ़ाने के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर रही है।

### राज्यपाल से छात्र संघ के अध्यक्ष ने की भेंट

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष सुशील उरांव ने राज भवन में भेंट। इस दौरान उन्होंने राज्य के विश्वविद्यालयों में कुरमाली, कुडुख, मुंडारी, हो तथा संथाली भाषा की पढ़ाई के लिए पहल करने का आग्रह किया।वहीं दूसरी ओर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के प्रिंस आजवानी ने राज भवन में राज्यपाल से भेंट की और गोवंश की रक्षा के लिए पहल करने का आग्रह किया।

### समझौता वार्ता को लागू नहीं किया गया तो तीव्र आंदोलन होगा : अजय राय

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड को कड़ी चेतावनी दी है कि अगर 3 अक्टूबर 2024 को हुए समझौता वार्ता को लागू नहीं किया गया तो तीव्र आंदोलन होगा। उक्त चेतावनी झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के केंदीय अध्यक्ष श्री अजय राय ने दी है। अजय राय आज सिमडेगा में होटल रॉयल पैलेस गांधी मैदान में सिमडेगा डिविजन के विद्युत कर्मियो द्वारा आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता शिवनारायण साहू ने की । इस अवसर पर अजय राय ने कहा कि लगभग 5 महीने होने को है और अभी तक ऊर्जा निगम की ओर से समझौता वार्ता पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे कर्मियों में भारी आक्रोश है।

### इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर में आरबीआई ने दी वित्तीय जानकारी

**रांची।** भारतीय रिजर्व बैंक रांची कार्यालय द्वारा मोरहाबादी मैदान में आयोजित इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर में वित्तीय जागरूकता केंद्र लगाया गया है। वित्तीय जागरूकता केंद्र का उद्घाटन भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने किया। क्षेत्रीय निदेशक ने वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक जो हमारे आर्थिक परिदृश्य में सुदृढ़ता, विकास और प्रगति का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि आरबीआई इस वर्ष अपनी 90वीं वर्षगांठ मना रही है। इस अवसर पर वित्तीय समावेशन और जागरूकता के आदर्शों को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक झारखंड राज्य के विभिन्न स्कूलों में 90 वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित कर रहा है। इस पहल के अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय, महिलौंग तथा कस्तूरबा प्लस 2 उच्च विद्यालय, खरसीदाग बिरसा आवासीय बाल विकास विद्यालय, कामड़े, राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, तिलता रातू के विद्यार्थियों ने वित्तीय साक्षरता केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस वित्तीय जागरुकता केंद्र में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता संबंधित पुस्तिकाएं प्रदर्शित की गई हैं। केंद्र में बैंकिंग संबंधी आवश्यक सूचनाएं व जानकारियों को ऑडियो-वीडियो के माध्यम से प्रसारित किया जा रहा है।

### जेसीआई रांची ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**रांची।** जेसीआई रांची ने लालपुर स्थित हरिओम टावर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर को नागरमल मोदी सेवा सदन के सहयोग से पूरा किया गया। शिविर में 40 से अधिक लोगो ने हिस्सा लिया जिसमे महिला छात्राएं भी शामिल थी। 25 यूनिट रक्त का कुल संग्रह किया गया। अध्यक्ष प्रतीक जैन ने साल के पहले रक्तदान शिविर की शुरूआत की। संस्था के अन्य सदस्यों और उनके परिचित ने भी रक्तदान दिया। जेसी प्रतीक जैन ने सभी को संदेश दिया की हमे नियमित तौर पर रक्तदान करना चाहिए इससे हमारे शरीर के अंदर का रक्त भी समय समय पर बदलता है और किसी को जरूरत के समय बोहोत काम आता है।

# नाबार्ड के सहयोग से चल रहीं योजनाओं को गति दें : मुख्य सचिव

- वित्तीय वर्ष 2025-26 की संभावित योजनाओं पर चर्चा
- ग्रामीण विकास विभाग की 380 करोड़ की योजनाओं की प्रगति बढ़िया पायी गयी



संवाददाता

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के सहयोग से चल रहीं विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजना क्रियान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के ससमय पूरा होने से ही नाबार्ड के ऋण का फायदा मिलेगा। उन्होंने बहुत धीमी गति वाली योजनाओं के कार्य में प्रगति लाने और जो समय पर पूरी हो सकती हैं, उन योजनाओं पर फोकस करने पर बल दिया।

मुख्य सचिव गुरुवार को रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड और अन्य से जुड़ी योजनाओं की हाई पॉवर कमेटी की समीक्षा बैठक कर रही थीं। इस दौरान योजनाओं के विरुद्ध स्वीकृत ऋण निकासी के बाद बचे पैसे (गैप) पर भी गहन मंथन किया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 की संभावित योजनाओं पर चर्चा की गयी।

समीक्षा के दौरान बताया गया कि विभिन्न विभागों की वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 2921.79 करोड़ की 500 योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए 1839.39 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत हैं या प्रक्रियाधीन हैं। उसमें से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पेयजल से जुड़ी 1137.53 करोड़ की 18 योजनाओं के लिए 976.96 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत हो चुका है। जल संसाधन विभाग के 365.30 करोड़ के पलामू लिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट के लिए 308 करोड़ और 511.36 करोड़ के पीरटांड़ मेगालिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट के लिए 461.53 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत है।परियोजनाओं को लेकर बताया गया कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की 369 गोदाम और मार्केटिंग सेंटर बनाने के लिए 103.66 करोड़ की योजना के विरुद्ध 92.85 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिल चुकी है। वहीं ग्रामीण कार्य विभाग की ग्रामीण पुल निर्माण की 803.94 करोड़ की योजना है। इसमें से 124 पुल निर्माण के लिए 271.35 करोड़ का ऋण प्रक्रियाधीन है।

समीक्षा के दौरान स्पष्ट हुआ कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में सड़क निर्माण विभाग की 1,088.36 करोड़ की 34 में से 22 योजनाएं पूरी हो चुकी हैं और 12 लगभग पूरी होने की स्थिति में हैं। वहीं जल संसाधन विभाग की 2,873 करोड़ की सिंचाई योजनाओं में से 4 बड़े प्रोजेक्ट पूरा होने की स्थिति में हैं। ग्रामीण विकास विभाग की 380 करोड़ की योजनाओं की प्रगति बढ़िया पायी गयी।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार, पथ निर्माण के प्रधान सचिव सुनील कुमार, कृषि सचिव अबू वक्कर सिद्दीकी, ग्रामीण विकास सचिव के श्रीनिवासन एवं नाबार्ड के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

### शब-ए-बारात की छुट्टी 14 फरवरी को



**रांची।** झारखंड सरकार ने शब-ए-बारात पर 14 फरवरी को छुट्टी की घोषणा की है। कार्मिक, प्रशानिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने इससे संबंधित आदेश गुरुवार को जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि 14 अक्टूबर 2024 में जारी अधिसूचना के तहत वर्ष 2025 में विभिन्न पर्वों और अवसरों पर झारखंड राज्य सरकार के अधीन सभी कार्यालयों के लिए अवकाश घोषित किया गया है। इस अधिसूचना में आंशिक संशोधन करते हुए शब-ए-बारात के अवसर पर 14 फरवरी 2025 (शुक्रवार) को कार्यपालक आदेश के तहत अवकाश घोषित किया जाता है।

## शॉट सार्किट से घर में भीषण अग्निकांड, पति-पत्नी की मौत

संवाददाता

**रांची।** सोनाहातु थाना के ग्राम डिबडीह गोंड़ेया टांड़ में रंजीत साहु के घर में बीती रात आग लग गयी जिसमें 46 वर्षीय रंजीत साहु जिंदा जल कर खाक हो गया, जबकि उसकी 42 वर्षीय पत्नी मीना देवी की भी बुरी तरह से झुलसने की वजह से मौत हो गयी। पति पत्नी दोनों के शवों को पुलिस पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।



जानकारी के मुताबिक रंजीत साहु का परिवार गांव में खुदरा डीजल पेट्रोल बिक्री करता था। इस लिए घर पर काफी मात्रा में तेल रखे हुए थे, रात दस बजे परिवार के सभी लोग खा पीकर साने की तैयारी में थे उसी दौरान अचानक घर के अंदर आग लग गयी, जिसकी जानकारी होते ही रंजीत साहु उसकी पत्नी मीना देवी और उसका बेटा कुंदन साहु सभी मिल कर पहले आग बुझाने और घर में रखे रुपये पैसे गहने कागजातों सहित अन्य कीमती सामानों को बचाने की कोशिश करने लगे, लेकिन जब तक ये लोग कुछ बचा पाते इससे पहले देखते ही देखते आग पुरे घर को चपेट में ले लिया और घर के सभी कमरे पुरी तरह से आग के आगोश में समा गये। जिसे देख कुंदन साहु सहित दो बेटे भाग कर छत पर चले गये और वहां से कूद कर अपनी जान बचाने में कामयाब रहे, लेकिन रंजीत साहु आग की अपटों में घिर गया जिससे वह पुरी तरह से मौके पर ही जिंदा जल गया, वहीं उसकी पत्नी मीना देवी भी अपने सामानों को बचाने में अपने पति की मदद करने के दौरान आग में फंस गयी और बुरी तरह से झुलस गयी जिससे बाद में उसकी भी मौत हो गयी।

इधर रंजीत के बेटे के शोर सूचना से जुटे ग्रामीण और सोनाहातु थाने की पुलिस आग बुझा कर लोगों को बचाने की पुरी कोशिश की लेकिन भीषण आग के कारण सभी कोशिशें बेकार साबित हो गयी। बाद में पुलिस के बुलावे पर दमकल गाड़ी भी पहुंची लेकिन तब तक कहानी दो जिंदगियां दुनियां छोड़ चुकी थी साथ ही घर के सारे सामान जल कर खाक हो चुके थे।

> आग लगने की जानकारी जैसे थाने को मिली, वैसे ही वरीय अधिरियों को जानकारी दी गयी, उनके दिशा निर्देश पर दमकल बुलाया गया, थाने से घटना स्थल की दूरी 20 किमी है, इस लिए दमकल घंटे में दमकल भी पहुंच गया, उससे पहले मैं भी थाने की पुरी टीम के साथ मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाने के लिए स्थानीय लोगों की मदद ली लेकिन डीजल पेट्रोल की वजह से आग विक्राल रुप ले चुका था, इस लिए सभी कोशिशों के बावजूद चाह कर भी कुछ कर पाना असंभव हो गया, बादं में आग बुझायी गयी जिससे अगल बगल के लोग सुरक्षित रह गये।
>
> चंदन कुमार , थाना प्रभारी सोना हातु

## कई लोगों ने ली झामुमो की सदस्यता

संवाददातात



**रांची।** झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के तत्वावधान में गुरुवार को रांची महानगर अंतर्गत डोरंडा बाजार के पास शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाया गया। झामुमो के जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में चलाए गए सदस्यता अभियान में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य उपस्थित हुए।इस अवसर पर रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल कुमार मेहता, संध्या गुड़िया, सोनू मुंडा एवं पूर्व पार्षद नसीम गद्दी, अफरोज आलम, कलाम आजाद, साहिल हबीब, आदिल इमाम, पुष्पा बरदेवा, सोहेल खान, रमजान रजा, माइकल रुंडा, समेत अन्य महानगर के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। सदस्यता अभियान को सफल बनाने में मुख्य रूप से पूर्व पार्षद नसीम गद्दी और साहिल हबीब का अहम योगदान रहा।कार्यक्रम में पार्टी की सदस्यता लेने वालों में रंजन कुमार सहाय, डॉ तुलसी साहू, बसंत राम, बीबी सिन्हा, दिलीप सिंह, ओपी उपाध्याय, शांति कुजूर, शीला उरांव, समेत अन्य लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली।

वहीं पार्टी से जुड़ने वाले सभी नए सदस्यों को जिला संयोजक मंडली के सदस्यों और जिला और रांची महानगर के वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी का पट्टा पहनाकर और सदस्यता रसीद देकर पार्टी की सदस्यता दिलाई।मौके पर झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा कि हमारे सदस्यता अभियान की शुरूआत 18 जनवरी से हुई है। पार्टी की ओर से जब जब शिविर लगाया जा रहा है तो लोगों का हुजूम आ रहा है और लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। पार्टी का जो लक्ष्य है हम उससे ज्यादा सदस्य जोड़ेंगे।

## मौसम के तापमान में जारी रहेगा उतार चढ़ाव

**रांची।** रांची और आसपास के इलाकों में गुरुवार को मौसम के तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया। तापमान में पिछले तीन चार दिनों से बढोत्तरी हो रही थी। लेकिन गुरुवार को उत्तर, उत्तरी -पश्चिमी हवा के चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि फिलहाल तापमान में उतार चढ़ाव जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर उत्तरी- पश्चिमी हवाओं के कारण आनेवाले दो तीन दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की जाएगी। इसके बाद तापमान में फिर से बढोत्तरी होगी। वहीं गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 30.3 डिग्री और न्यूतनतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बुधवार की तुलना में गुरुवार को रांची में न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई।

## नरकोपी में ट्रेन से कट कर एक की मौत



संवाददाता

**रांची।** नरकोपी थाने की पुलिस ने रेलवे के पोल नम्बर 458/12-13 के पास से एक व्यक्ति का शव बरामद किया है।

बाद में मृतक की पहचान ग्राम ककरी निवासी 40 वर्षीय भुनेश्वर उरांव के रुप में की गयी,थना प्रभारी नागेश्वर साव के मुताबिक मृतक मजदूरी का काम करता था दोपहर बाद तीन बजे कीसी काम से भुनेश्वर अपने घर से निकल कर ट्रेन पकड़ने के लिए स्टेशन जा रहा था, रेल लाईन पार के दौरान वह पैसेंजर ट्रेन के चपेट में आ गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। हादसे के बाद मिली सूचना पर पहुंची पुलिस परिजनों को जानकारी दे कर घटना स्थल पर बुला उनकी मौजूदगी में शव को पोस्टमार्ट के लिए रिम्स भेज दिया।

## एडीजी ने कर्मयोगी पोर्टल के निबंधन और प्रशिक्षण कराने के दिये निर्देश

संवाददाता

**रांची।** कर्मयोगी पोर्टल पर निबंधन और प्रशिक्षण कराने को लेकर एडीजी सुमन गुप्ता ने गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में सभी जिले के एसएसपी और एसपी शामिल हुए। इस दौरान छह पाठ्यक्रमों को निश्चित रुप से पूर्ण कराने के लिए व्यापक समीक्षा की गयी। जिनमें सरकारी कर्मचारियों के लिए आचार संहिता, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, उभरती प्रौद्योगिकियों का परिचय, साइबर स्पेस में सुरक्षित रहें, मिशन लाइफ पर ओरिएंटेशन मॉड्यूल और कार्यस्थल पर योग ब्रेक शामिल हैं। समीक्षा से स्पष्ट हुआ कि विगत एक सप्ताह के अंदर




लगभग 3769 अनुसंधानकताओं ने कर्मयोगी पोर्टल पर निबंधन किया है। जिले के एसपी, एसएसपी को यह स्पष्ट निर्देश दिया कि विशेष अभियान चलाकर इस पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण और कर्मयोगी पोर्टल पर सभी अनुसंधान पदाधिकारियों का शत प्रतिशत निबंधन निश्चित रुप से एक माह के अंदर पूरा कराएं।

## राज्यपाल से वित्त मंत्री राधाकृष्ण ने की मुलाकात

संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने गुरुवार को राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल से उन्होंने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय मेदनीनगर (पलामू) के गुणवत्तापूर्ण भवन निर्माण नहीं होने के संदर्भ में अवगत कराया। उन्होंने विश्वविद्यालय के भवन के निम्न स्तर का होने, निर्माण स्थल पर पेयजल के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने तथा दरवाजा-खिड़की नहीं होने का उल्लेख किया। कई कमियों के बावजूद उक्त भवन, विश्वविद्यालय की ओर से स्वीकार कर लिया गया। उन्होंने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के निर्मित भवन की गुणवत्तापूर्ण



जांच के लिए राज्यपाल से आग्रह किया। राज्यपाल ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यीय जांच दल गठित की है। यह समिति 17 एवं 18 फरवरी को प्रश्नगत योजना का सम्पूर्ण निरीक्षण करेगी तथा प्राक्कलन एवं निर्माण की गुणवत्ता के संबंध में जांच करते हुए अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

# राष्ट्रपति के आगमन को लेकर रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार (14 फरवरी) को दो दिवसीय दौरे पर रांची आ रही हैं। वह बीआईटी मेसरा के प्लैटिनम जुबली कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। इसके बाद 15 फरवरी को दिल्ली लौट जायेंगी। उनके रांची आगमन की तैयारी जोर-शोर से चल रही हैं। इसे लेकर रांची के ट्रैफिक व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। इस संबंध में गुरुवार को ट्रैफिक एसपी ने आदेश जारी कर दिया है।

**ये रहेगा बदलाव**

14 फरवरी को सुबह आठ बजे से रात्रि दस बजे तक शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।



14 फरवरी को दोपहर तीन बजे से रात के सात बजे तक तक शहर में छोटे मालवाहन वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।

14 फरवरी को दिन के तीन बजे से छह बजे तक कांके, रातु, काठीटांड, दलादली, कटहल मोड़ की ओर जाने वाले वाहन शहर से मेन रोड, लालपुर रोड, कांटाटोली रोड से होकर अपने गंतव्य स्थान तक जा सकेंगे।

14 फरवरी को दोपहर तीन बजे से शाम छह बजे तक एयरपोर्ट रोड, हिनू चौक, बिरसा चौक, अरगोड़ा चौक, सहजानंद चौक, किशोरगंज चौक, न्यू मार्केट चौक, हॉटलिप्स चौक, राजभवन मोड़ तक सड़क का उपयोग कम से कम करें।

14 फरवरी को कांके रोड, रातु रोड, कटहल मोड़, काठीटांड की ओर से शहर की ओर आने वाले सभी वाहन कांके रिंग रोड, लालपुर चौक, कांटाटोली रोड होते हुए शहर में प्रवेश कर सकते हैं। आवश्यकतानुसार अन्य मार्गों को अल्प समय के लिए डायवर्ट और स्टॉप किया जा सकता है।

15 फरवरी को कांके की ओर से शहर में प्रवेश करने वाले सभी छोटे वाहन सुबह 09:30 बजे से सुबह 11:00 बजे तक रिंग रोड से होकर पिस्का मोड़, पंड़रा होते हुए शहर में प्रवेश करेंगे।

15 फरवरी को रांची रेलवे स्टेशन जाने वाले सभी वाहन मेन रोड से होकर फ्लाई ओवर के नीचे से बहु बाजार होते हुए जा सकते हैं।

15 फरवरी को सुबह 09:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक कांके रिंग रोड से नेवरी रिंग रोड तक सड़क का उपयोग कम से कम करें।

15 फरवरी को सुबह 09:30 बजे से 01:30 बजे तक नेवरी रिंग रोड से बीआईटी मोड़ तक सड़क का उपयोग कम से कम करें। बीआईटी मोड़ से बुटी मोड़, कांटाटोली चौक, फ्लाईओवर, सिरम टोली चौक, सुजाता चौक, डोरंडा थाना चौक, हिनू चौक तक सड़क का इस्तेमाल कम से कम करें।

**एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों के लिए आवश्यक सूचना**

14 फरवरी को एयरपोर्ट जाने वाले सभी यात्रियों से अपील है कि जिनकी फ्लाइट 04:00 बजे से 05:30 बजे के बीच है, वे 03:30 बजे तक एयरपोर्ट पहुंच जाए।

वहीं 15 फरवरी को एयरपोर्ट जाने वाले यात्री, जिनकी फ्लाइट दिन के 11:00 बजे से 01:30 बजे के बीच है, वे 11:30 बजे तक एयरपोर्ट पहुंच जाने का कष्ट करें।

**मैट्रिक और इंटर परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक सूचना**

मैट्रिक और इंटर के परीक्षार्थी, जिनकी परीक्षा 15 फरवरी को प्रथम पाली में है, वह परीक्षा केंद्र सुबह 09:30 बजे तक पहुंच जाये। वहीं द्वितीय पाली के परीक्षार्थी सुबह 12:00 बजे तक एग्जाम सेंटर पर पहुंच जाये।

# बीएसएल में सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ करने पर दो-दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में दो दिवसीय सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। इस कार्यक्रम में संयंत्र के विभिन्न विभागों के 21 अधिशासी प्रतिभागी के रूप में शामिल हो रहे हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मेसर्स एएसके-ईएचएस द्वारा बीएसएल के प्रशिक्षित अधिकारी संकाय के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में महाप्रबंधक ज्ञानार्जन एवं विकास श्रीमती डी आर टोप्पो और एस के भगत उपस्थित थे। ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के एस के



डी भौमिक, कनीय प्रबंधक ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। महाप्रबंधक ज्ञानार्जन एवं विकास श्रीमती टोप्पो ने कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन करते हुए प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ दिलाई और संयंत्र में सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि वे इस प्रशिक्षण में अर्जित ज्ञान को अपने सहकर्मियों के साथ साझा करें और इसे अपने कार्यस्थल पर लागू करें। महाप्रबंधक ज्ञानार्जन एवं विकास।श्री भगत ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों को संयंत्र में सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और संयंत्र में सुरक्षा को निरंतर सशक्त बनाने का आह्वान किया।।कार्यक्रम में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के वरीय ऑपरेटिव राकेश कुमार और इंस्ट्रक्टर अर्जुन प्रसाद बाउरी का सराहनीय योगदान रहा। यह कार्यक्रम बोकारो स्टील प्लांट में सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ करने और सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**सीईडी में भी प्रशिक्षण सत्र का आयोजन**

इसी तरह गुरुवार को सिविल इंजीनियरिंग विभाग में मुख्य महाप्रबंधक शालिग्राम सिंह की अध्यक्षता में सुरक्षा प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सीईडी विभाग के डीएसओ बी वी चंद्र द्वारा सुरक्षा शपथ और परिचय भाषण से हुई। मुख्य महाप्रबंधक श्री सिंह ने कर्मचारियों के सुरक्षित कार्यों की सराहना करते हुए कार्यस्थल पर सतत सुरक्षा बनाए रखने की अपील की।

## बोकारो स्टील प्लांट में बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ द मंथ अवार्ड से नवाजे गए 31 कर्मचारी



संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में वर्ष 2024 के मई से अगस्त माह के लिए बोकारो स्टील प्लांट के बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ द मंथ अवॉर्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कुल एकतीस कर्मचारियों को उनके कार्य में विशिष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। इस समारोह में अधिशासी निदेशक संकार्य सी. आर. महापात्रा, अधिशासी निदेशक मानव संसाधन सुश्री राजश्री बनर्जी के साथ संबंधित विभागों के विभागाध्यक्ष सहित अन्य वरीय अधिकारी तथा पुरस्कार प्राप्त करने वाले कार्मिक और उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे। अधिशासी निदेशक संकार्य महापात्रा ने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस सफलता में कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवार का भी काफी योगदान है।

उन्होंने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट की उत्पादन क्षमता को 08 मिलियन टन तक बढ़ाने की विस्तार योजना है और हमें पूर्ण विश्वास है कि हम सभी लोग अपनी लाभप्रदता को बढ़ाकर और नवाचार के जुनून के साथ काम कर इसे संभव कर पाएंगे। अधिशासी निदेशक मानव संसाधन सुश्री राजश्री बनर्जी ने सभी कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवार के लोगों को भी बधाई देते हुए कहा कि कर्मचारियों को अपने रोज के कार्यों के अलावा नित नई चुनौतियों को स्वीकार कर उनका समाधान खोजना चाहिए तथा विकास की गति को बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व इस्पात बाजार कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा है और आप सभी के योगदान से हम इस चुनौती को पार करेंगे और बोकारो स्टील प्लांट को एक नई ऊंचाई तक ले जाएंगे।

## यातायात व्यवस्था को लेकर डीएसपी से मिला चेम्बर प्रतिनिधिमंडल

संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल के साथ चास-बोकारो में यातायात व्यवस्था सुचारू करने को लेकर चास के एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह, बोकारो के सिटी डीएसपी आलोक रंजन तथा ट्रैफिक डीएसपी विद्या शंकर की एक बैठक हुई। चेम्बर के संरक्षक संजय वैद ने बैठक में मुख्य सड़क पर खड़े रहने वाले बड़े व्यावसायिक वाहनों से दुर्घटना की समस्या जताते हुए इस पर अंकुश लगाने की मांग की। साथ ही, कहा कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा मांगे जाने वाले माल की आपूर्ति करने वाले वाहनों पर दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा कि चास में पार्किंग क्षेत्र चिह्नित कर उसे विकसित किया जाए। नगर निगम क्षेत्र में वाहनों की गति सुनिश्चित की जाए। बाई पास रोड में लगी रेलिंग में छोड़ी गए जगह को बंद करवाया जाए, ताकि मोटरसाइकिल उससे निकल न



सके। इससे भी कभी-कभी जाम लग जाता है और दुर्घटना भी हो जाती है। महासचिव राजकुमार जायसवाल ने बताया कि चास पूरे जिले का प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है।

यहां आस-पास के क्षेत्र से हजारों लोग प्रतिदिन खरीदारी करने के लिए बाजार में आते हैं। परंतु यातायात व्यवस्था सुचारू न होने के कारण उन्हें अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे यहां के व्यापार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। सिटी सेंटर बोकारो स्टील सिटी की हृदय स्थली है, जहां बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने हेतु आते हैं, परंतु यातायात अस्त-व्यस्त होने के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है और बाजार क्षेत्र में जाम की स्थिति बनी रहती है। बैठक में नया मोड़ बस स्टैंड के अंदर ही बसों के पड़ाव सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई, क्योंकि अधिकतर बसें मुख्य सड़क पर ही खड़ी होकर सवारियां उठाती हैं। सेक्टर 12 मोड़, नयामोड़, सिटी सेंटर, सेक्टर 4 मोड़ आदि पर पड़ाव चिन्हित करने पर जोर दिया गया। बैठक में मनोज चौधरी, संजय बैद, राजकुमार जायसवाल, नरेंद्र सिंह, सुभाष जैन, अनूप भालोटिया, शैलेंद्र जायसवाल, अंकित चोपड़ा सहित कई अन्य व्यापारी उपस्थित थे।

## बेरमो प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय मुखिया सम्मेलन का हुआ आयोजन



संवाददाता

**बेरमो/ बोकारो।** बेरमो प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय मुखिया सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को बीडीओ मुकेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। सम्मेलन का उद्घाटन बीडीओ श्री कुमार सहित मुखियाओं ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बीडीओ मुकेश कुमार ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना है। मुखिया को जनप्रतिनिधि के रूप में काफी अधिकार प्राप्त है। जिसे वे अपने पंचायत के विकास के साथ शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने में भी इस्तेमाल करें। शिक्षा के प्रति लोगों को प्रेरित करें तथा ड्राप आउट बच्चों को चिन्हित कर विद्यालय में वापस आने को प्रेरित करें। कहा कि शिक्षा हमारे समाज के विकास की नीव है इसे मजबूत करने की जरूरत है। जिस पंचायत के विद्यालयों का अनुश्रवण मुखिया द्वारा किया जाता है। वैसे विद्यालयों में बदलाव देखने को मिला है। कहा कि जिस पंचायत का विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर स्थान प्राप्त करेगा उस पंचायत के मुखिया को उत्कृष्ट सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं का वितरण एवं मध्यान भोजन वितरण का पर्यवेक्षण कराना है। कहा कि बच्चों के शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक एवं मानसिक विकास भी हो इसपर भी ध्यान देने की जरूरत है। इस दौरान मुखिया अपने-अपने पंचायतों में गुणवत्ता शिक्षा को बढ़ावा देने और विद्यालयों के सुधार के लिए अपना सुझाव भी साझा किया।

## डॉ. राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स बोकारो की आम सभा की बैठक आयोजित

संवाददाता

**बोकारो।** डॉ० राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स बोकारों के तत्वाधान में स्थानीय सेक्टर 3 स्थित बोकारो पब्लिक स्कूल में आम सभा की बैठक आयोजित की गई। अतिथियों का स्वागत विद्यालय की प्राचार्य डॉ० सुधा शेखर ने गुलदस्ता देकर किया।कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ० ए एस गंगवार, डॉ० राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स बोकारो के अध्यक्ष सह प्राचार्य दिल्ली पब्लिक स्कूल, डॉ० राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स बोकारो के उपाध्यक्ष डॉ० सोमेन चकवर्ती सहोदया के सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन प्रक्रिया के नियामवली की चर्चा की एवं जल्द ही नया नियमावली तैयार होने की बात कही, जिसको सभी विद्यालयों को पालन करना अनिवार्य बताया। सिस्टर कमला पॉल, डॉ० राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स बोकारों के उपाध्यक्ष, श्री विश्वजीत पात्रा, महासचिव डॉ० राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स बोकारो राह प्राचार्य ए.आर.एस. पब्लिक स्कूल, अभिषेक कुमार डॉ० राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स बोकारों के कोषाध्यक्ष, सुरज शर्मा, प्राचार्य चिन्मया विद्यालय राह सिटी कॉओर्डिनेटर सी.बी.एस.ई. डॉ० पी. सैलजा जयाकुमार, साहित्यिक सचिव डॉ० राधाकृष्णन सहोदया



स्कूल कॉम्प्लेक्स बोकारो सह प्राचार्या श्री अयप्पा पब्लिक स्कूल विपुल कुमार, प्राचार्य रैनबो पब्लिक स्कूल एवं विद्यालय की प्राचार्या डॉ० सुधा शेखर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर तथा मेजबान विद्यालय के छात्र छात्राओं ने गणेश बंदना गीत गा कर किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ० ए. एस. गंगवार ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। इसके उपरांत डॉ० राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स बोकारो के महासचिव, श्री विश्वजीत पात्रा ने पिछली बैठक का विवरणी की चर्चा की। श्री सुरज शर्मा, सिटी कॉओर्डिनेटर सी.बी.एस.ई. ने सी.बी.एस.ई के हालिया परिपत्रों, बोर्ड परीक्षा एवं मूल्यांकन की तैयारी, बोर्ड परीक्षार्थियों को दिशा निदेर्शों, बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षा, आंतरिक मूल्यांकन तथा ग्रेडिंग और प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों का प्रशिक्षण पर चर्चा की।

### कोल इंडिया एवं सीसीएल के पूर्व अध्यक्ष गोपाल सिंह की पत्नी के निधन पर नेताओं ने जताया शोक

बेरमो/ बोकारो। कोल इंडिया के पूर्व अध्यक्ष सह सीसीएल के पूर्व सीएमडी की पत्नी प्रमिला सिंह का बुधवार को निधन होने पर बेरमो के विभिन्न यूनियनों और विस्थापित नेताओं ने शोक व्यक्त किया।।विस्थापित नेता बेनीलाल महतो, दिगंबर महतो, कृष्णा थापा, नरेश महतो, शंभूनाथ महतो, हेमलाल महतो, गिरधारी महतो, जयकुमार टुडू, रामकृत महतो, सरजू महतो, मो० फिरोज, छोटेलाल गुप्ता, राजेश कमार, वीरेंद्र चौहान, बद्री महतो आदि ने शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने की अपील की। बीएमएस नेता रवींद्र कुमार मिश्रा, विनय कुमार सिंह, संत सिंह, ललन मल्लाह, बेरमो चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आर उनेश, पिंटू सिंह, सुशांत राइका, पूर्व पार्षद कैलाश ठाकुर आदि ने शोक व्यक्त करते हुए उक्त पुण्यात्मा को ईश्वर से अपने श्री चरणों में स्थान देने के लिए प्रार्थना की।

## डीपीएस बोकारो में बच्चों ने बिखेरी महाकुंभ और फागुन की सतरंगी छटा

संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में गुरुवार को महाकुंभ और फागुन की सतरंगी छटा उतरी रही। अवसर था शैक्षणिक सत्र 2024-25 की फाइनल परीक्षाओं से पूर्व की अंतिम प्रार्थना सभा का।

विद्यालय के अश्वघोष कला क्षेत्र में आयोजित स्पेशल एसेंबली आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने फागुन और प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कड़ी की शुरूआत डॉ. राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स की अंतर विद्यालय समूह-गान प्रतियोगिता में प्रथम रही



विद्यालय की टीम ने होलियाना राग काफी व पीलू में प्रस्तुत ओ बृजराज दुलारे... गीत से की।

सारा-रा-रा-रा-रा.... की पारंपरिक बोली के साथ उनकी इस पेशकश में सभी की तालियों के समन्वयन ने माहौल को और रंगीन बना दिया। गायन प्रस्तुत करने वाले बच्चे पारंपरिक परिधान में रंग-अबीर लगाकर पहुंचे थे। इसके बाद महाकुंभ आधारित आकर्षक नृत्य के जरिए विद्यार्थियों ने भारत की अतुलनीय व समृद्ध आध्यात्मिक और सनातन सांस्कृतिक परंपरा का जीवंत प्रदर्शन किया। भगवान शिव, ऋषि-मुनि और साध्वियों के वेश में त्रिशूल आदि लेकर छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति अपने-आप में मनोरम बनी रही। इस नृत्य के दौरान डंडों को त्रिवेणी की लहर का रूप देकर उस पर तैरती छात्रा के दृश्य ने सभी को दांतों तले उंगलियां दबाने को विवश कर दिया। इसके पूर्व, सभा के प्रारंभ में छात्रा शालिनी ने सुविचार, छात्र सात्विक रूपम द्विवेदी ने दैनिक समाचार तथा प्रिशु आनंद ने परीक्षा के दिनों में तनाव और इसके प्रबंधन पर प्रभावशाली संभाषण प्रस्तुत किया। वहीं, छात्रा फैजा अथर ने अपनी कविता के माध्यम से सभी गुरुजनों के प्रति अपनी कृतज्ञता अर्पित की।

### विद्यार्थी खुद पर भरोसा रख रचें कामयाबी की इबारत : प्राचार्य

इस अवसर पर अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को सराहते हुए आगामी परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों को बिना किसी तनाव के थोड़ी-थोड़ी देर का ब्रेक लेकर पूरी लगन के साथ पढ़ाई करने, अपने नोट्स का रिवीजन करने, रटने की बजाय कॉन्सेप्ट क्लियर रखने, स्वस्थ भोजन करने और अच्छी नींद लेने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण है खुद पर भरोसा रखना। जब आप आत्मविश्वास से लबरेज होंगे, तो निश्चय ही कामयाबी की नई इबारत रच सकेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से यह भी कहा कि कोई भी परीक्षा जीवन की आखिरी परीक्षा नहीं होती। किसी भी स्थिति में न तो अत्यधिक तनाव लेना है और न ही हताश होना है। सदैव सकारात्मक भाव के साथ, पूरी मेहनत, लगन, ईमानदारी और निष्ठा के साथ पढ़ाई करेंगे तो निश्चय ही सफलता आपके कदम चूमेगी। इस क्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्राचार्य ने पुरस्कृत भी किया। अंत में विद्यालय की वाइस हेड गर्ल ईधा सिंह ने सभी को राष्ट्रीय प्रतिज्ञा दिलाई। समापन विद्यालय गीत व राष्ट्रगान से हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### फुसरो नगर में अकीदत के साथ मना शब-ए-बरात

**फुसरो/ बोकारो।** बेरमो कोयलांचल के फुसरो नगर में गुरुवार को मुसलमानों ने अकीदत के साथ शब-ए-बरात मनाया गया। नगर के ढोरी स्टाफ क्वार्टर, अमलो बस्ती, सुभाषनगर, पुराना बीडीओ ऑफिस, रहिमगंज, भेड़मुक्का, राजाबेड़ा, घुटियाटांड आदि क्षेत्रों के मस्जिदों में खास इबादतों का आयोजन किया गया था। यहां लोगों ने रात भर इबादत कर अल्लाह से अपने गुनाहों की माफी व देश में अमन चैन की दुआ मांगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बेरमो थाना पुलिस द्वारा विभिन्न जगहों के मस्जिदों के बाहर पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी। शब-ए-बरात को लेकर शहर की सभी मस्जिदों व कब्रिस्तानों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। घरों में विभिन्न तरह का पकवान बनाकर फातेहा कराया गया। मगरिब की नमाज के बाद शब-ए-बरात पर नगर की विभिन्न मस्जिदों में तकरीरों और इबादतों का सिलसिला जारी हुआ। जो अहले सुबह तक जारी रहा। यहां सामूहिक दुआ में मुल्क और दुनिया में अमन चैन और बीमारों की शिफा की दुआएं की गयी। मुस्लिम समाज के लोग इबादत के बाद देर रात स्थानीय कब्रिस्तानों में पहुंचकर दुनिया से रुखसत हो चुके अपने पूर्वजों की मगफिरत की दुआएं मांगी।

### श्वेता सिंह ने किया विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास



**बोकारो।** बोकारो विधायक श्रीमती श्वेता सिंह ने गुरुवार को विधानसभा अंतर्गत जनहित में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया। सर्वप्रथम श्रीमती श्वेता सिंह ने मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत चास प्रखंड अंतर्गत सियाल जोरिया से ब्राह्मण द्वारिका को जोड़ने वाली जोरिया पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यहां पुल की मांग वर्षों पुरानी है, जिससे इस क्षेत्र का विकास लंबे समय तक लंबित रहा। यह पुल क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाएगा, जो न केवल जनता के आवागमन को सरल बनाएगा, बल्कि ग्राम्य क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक समृद्धि में भी योगदान करेगा। मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत यह परियोजना गांवों को मुख्यधारा से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। वहीं, जिला अनाबद्ध निधि से स्वीकृत चास प्रखंड परिसर में अवस्थित पेट क्लिनिक के जीर्णोद्धार और पेट क्लिनिक के भूतल के ऊपर प्रथम तल में ऑनर वेटिंग हॉल, क्लिनिकल डायग्नोस्टिक लैब, स्टोर रूम, डॉक्टर रेस्ट रूम इत्यादि के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर पवन झा, बासुकीनाथ घोषाल, शंभू दास, बासुकीनाथ घोषाल आदि उपस्थित रहे।

### बीपीएस के छात्र ओम कुमार जेईई मेन्स में 99.85 परसेंटाइल लाकर बने जिला टॉपर



**बोकारो।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा सत्र 2024 25 की ओर से इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश हेतु आयोजित देश की प्रतिष्ठित संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन्स) के पहले सत्र में बोकारो पब्लिक स्कूल के छात्र ओम कुमार ने अपनी कामयाबी का परचम लहराया है। विद्यालय के होनहार छात्र ओम कुमार ने इस परीक्षा में सर्वाधिक 99.85 परसेंटाइल प्राप्त कर जिले में टॉप कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। विद्यालय के अन्य छात्र साहिल मूर्मू, आलोक बाउरी एवं सौरभ कुमार ने भी उक्त परीक्षा में सराहनीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय की प्राचार्या डॉ० सुधा शेखर ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत एवं विद्यालय के वरीय शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर विद्यालय के निदेशक कैप्टेन आर.सी. यादव एवं उप प्राचार्य विश्वजीत पाल के साथ अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रसन्नता प्रकट करते हुए सभी सफल छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### अंगवाली में श्रीराम चरित मानस महायज्ञ को लेकर किया गया ध्वजारोपण

फुसरो/ बोकारो। श्रीराम चरित मानस नवाह्न पारायण महायज्ञ के आयोजन को लेकर गुरूवार को पेटरवार प्रखंड के अंगवाली स्थित धर्म संस्थान मैथान टुंगरी में विधि विधान के साथ धर्म ध्वजारोपण किया गया। यहां ग्रामीणों की उपस्थिति में यज्ञ के संस्थापक सह आचार्य गौर चटर्जी एवं रामपद चटर्जी ने विधिवत पूजा अर्चना कर ध्वजारोपण किया। आचार्य श्री चटर्जी ने बताया कि आगामी 18 मार्च को जलयात्रा व 19 मार्च से रामचरित मानस पाठ् महायज्ञ का शुभारंभ होगा। जिसमें प्रसिद्ध वक्ताओं द्वारा प्रवचन एवं मानस कथा सुनायी जायेगी। मौके पर यज्ञ समिति अध्यक्ष रामविलास रजवार, सचिव भगवान दास नायक, उपाध्यक्ष संजय विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष राजू नायक, सदस्य पवन विश्वकर्मा, भोला राज, रॉकी कमार, गौतम पाल, अजीत रविदास आदि मौजूद थे।

### मध्य विद्यालय जारंगडीह में ग्रामीण बैंक द्वारा साक्षरता शिविर लगाया गया

**कथारा/ बोकारो।** बेरमो प्रखंड के जारंगडीह मध्य विद्यालय में गुरुवार को झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक कथारा शाखा के द्वारा गुरुवार को वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन शाखा प्रबंधक विवेक कुमार सिन्हा की देखरेख में आयोजित की गई। शिविर में विद्यालय के प्रधानाध्यापक तिलेश्वर राम , वित्तीय साक्षरता सलाहकार निखिल कुमार उपस्थित थे। शिविर में उपस्थित छात्रों को बैंक से जुड़ने, डिजिटल बैंकिंग, साइबर धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी तरह तरह का झांसा देकर लोगों को ठगा जा रहा है। यहां तक की किसी के बच्चे के बारे में गलत सूचना देकर अभिभावकों को ठगा जाता है। जिसके कारण लोगों को सजग रहने की जरूरत है और ओर लोगों को भी जागरूक करें। शिविर में उपस्थित अतिथि द्वारा छात्रों के बीच कॉपी कलम व पेन्सिल वितरित किया गया।

### ओवरलोड छाई व कोयला ट्रांसपोर्टिंग के विरोध में पांच मार्च से आंदोलन

**बेरमो/ बोकारो।** पेटरवार प्रखंड के पिछरी पुराना पंचायत भवन में गुरुवार को ग्रामीणों की बैठक आशीष पाल की अध्यक्षता में हुई। संचालन संजय मल्लाह ने किया। बैठक में फुसरो-जैनामोड़ मुख्य सडक पर ओवरलोड छाई व कोयला ट्रांसपोर्टिंग से हो रहे प्रदूषण व दुर्घटना को लेकर चर्चा करते हुए आंदोलन की रणनीति बनायी गयी। ग्रामीणों ने कहा कि इस मुख्य सडक से रोजाना ओवरलोड छाई व कोयला ट्रांसपोर्टिंग की जाती है जिससे सड़क दुर्घटना एवं व्याप्त प्रदूषण से यहां के जनजीवन पूर्ण रूप से प्रभावित हो रही है। यहां के लोगों की मौत पर प्रशासन सिर्फ खानापूरी कर रही है। कहा कि छाई जो चंद्रपुरा एवं बोकारो थर्मल से फुसरो-जैनामोड मार्ग से चल रही है उसमें हाइवा का फटा ट्रिपाल रहने के कारण कोयला का दस्तदस्त डस्ट सडक पर गिरने से प्रदूषण फैल रही है। हाइवा बिना खलासी एवं दूसरे राज्य की गाड़ी बिना झारखंड सरकार के निबंधन के चल रही है। इस पर एसडीओ बेरमो के आदेश का भी कोई अनुपालन नहीं हो रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### परीक्षा केंद्र का सीओ ने किया निरीक्षण



**पत्थलगड़ा(चतरा)।** गुरुवार को पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय नावाडीह परीक्षा केंद्र पहुंचकर अंचलाधिकारी उदल राम ने निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्र में सीओ ने व्यवस्था का जायजा लेने के साथ परीक्षा कार्यक्रम का जायजा लिया और केंद्राधीक्षक को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सीओ श्री राम ने बताया की प्रखंड में चल रहे मैट्रिक व इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण हो रही है, यहां इंटर की परीक्षा में कुल 140 विद्यार्थियों को शामिल होना था जिसमें 139 ही परीक्षा में शामिल हुवे एक विद्यार्थी अनुपस्थित पाया गया।

### इंटर में शामिल हुए 247 विद्यार्थी

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित मिडिल स्कूल परीक्षा केंद्र में इंटरमीडिएट की परीक्षागुरुवार को शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त संपन्न हुई। जिसमें कुल 247 परीक्षार्थी में सभी के सभी उपस्थित हुए। इस अवसर पर पीएम श्री मध्य विद्यालय गिद्धौर के केंद्राधीक्षक राजकुमार यादव के साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर पांडेय व अन्य शिक्षक मौजूद थे।

### किसानों को दी गई फसल सुरक्षा योजना की जानकारी



**टंडवा(चतरा)।** टंडवा प्रखंड के कबरा पंचायत भवन में गुरुवार को फसल सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुखिया व पंसस नितेश राणा ने संयुक्त रूप दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया व संचालन प्रखंड कृषि पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह ने किया। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के सुधीर कुमार के द्वारा फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना 2024-25 की जानकारी के साथ फसल सुरक्षा के तहत रबी फसलों में लगने वाले प्रमुख रोगों एवं उसके निदान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इसी क्रम में उनके द्वारा बताया गया कि कृषक दानेदार यूरिया के जगह नैनो यूरिया का प्रयोग करें एवं जमीन के अंदर उगने वाले सब्जियों अर्थात प्याज, आलू, लहसुन आदि फसलों में पोटाश का प्रयोग अधिक करें। जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास हो सके। साथ ही फसल चक्र एवं खेतों में उर्वरक क्षमता बढ़ाने हेतु चुन्ना का प्रयोग पर बल दिया गया। मौके पर जनसेवक गौतम कुमार केशरी, उपमुखिया गीता देवी समेत दर्जनों किसान उपस्थित थे।

### पुलिस ने किया युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका



**चतरा।** पुलिस ने शहर से सटे पुरैनियां तालाब के समीप मंदिर के पास से एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में बरामद किया है। गुरूवार सुबह यहां एक शव होने की सूचना के बाद सदर पुलिस पहुंची। मृतक की पहचान दीभा मोहल्ला बढ़ई टोला निवासी छोटू राणा के रूप में हुई है। वह हाल में ही ओडिशा से चतरा लौटा था। पुलिस यहां पहुंच कर जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेजी है। मृतक के चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं। लोगों ने आशंका व्यक्त की है कि उसकी हत्या कर शव यहां फेंकी गई है। पुलिस आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। घटना से संबंधित कोई सुराग अबतक पुलिस को नहीं मिला है। मृतक के पास से उसका मोबाइल भी बरामद किया गया है। पुलिस घटना से संबंधित हर पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है।

## सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्यवन को लेकर पंचायत भवन में बीडीओ ने की समीक्षात्मक बैठक

# पदाधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

संवाददाता

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड के हुरनाली पंचायत भवन में गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने समीक्षात्मक बैठक की। बैठक मुख्या रुप से पंचायत में संचालित सरकारी योजनाओं व कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्यवन एवं विभागों के पदाधिकारी के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने को लेकर किया गया था। जिसमें पंचायत में संचालित योजनाओं की एजेंडावार समीक्षा की गई। सर्वप्रथम शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए सभी विद्यालयों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने, पीएम आवास योजना अंतर्गत छूटे लाभुको के सर्वे का कार्य पीडब्लूएल सूची के अनुसार अविलंब पूर्ण करने को कहा गया। वहीं अबुआ आवास के अपूर्ण आवासों को पूर्ण करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम जेएसएलपीएस द्वारा चलाने की बात कही। मनरेगा अंतर्गत क्रियान्वित फोटो हो खेल मैदान योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, आम बागवानी आदि की समीक्षा की गई।





प्राथमिक विद्यालय टेटुआतरी का भवन बिल्कुल जर्जर होने की जानकारी मिलने पर बीडीओ ने डीएमएफटी मद से नया भवन बनाने हेतु ग्राम सभा कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश मुखिया को दिया गया। मनरेगा योजना के तहत कुप योजना का लाभ आम बागवानी योजना के लाभुको को ही देने की बात कही। वहीं आपसी सहमति एवं बंटवारा के आधार पर जमाबंदी का कार्य करने हेतु जागरुक करने का निर्देश सभी राजस्व उपनिरीक्षक को दिया गया। स्वास्थ्य विभाग के कर्मी को आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु पंचायत में कैंप लगाने को कहा गया।

बैठक के उपरांत प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा विद्यालय, मनरेगा से संचालित आम बागवानी, कूप एवं अबूआ आवास योजना अंतर्गत निर्मित हो रहे आवासों का स्थल निरीक्षण कर पंचायत सचिव को योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। बैठक में अंचल, बाल विकास परियोजना, बिजली विभाग, आपूर्ति, मनरेगा, आवास, 15वें वित्त, स्वास्थ्य, कृषि, पंचायती राज, जेएसएलपीएस, पशुपालन, पेयजल आदि विभागों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

# अभियान चलाकर जंगल में लगे पोस्ते की खेती को किया गया नष्ट

संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** गुरुवार को टंडवा थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाके हुम्बी और हांडू में वन विभाग व पुलिस द्वारा संयुक्त छापेमारी अभियान चलाकर लहलहाते अवैध पोस्ते की फसल को नष्ट कर दिया गया। रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना ने बताया कि लगभग 24 डिसमिल जमीन में लगे पोस्ते की फसल को लाठी-डंडों से पीटकर नष्ट किया गया है। बता दें, पोस्ते की खेती के उन्मूलन को लेकर पूरे क्षेत्र में इन दिनों लगातार सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जिससे बड़े पैमाने पर फसल नष्ट कर नशे के कारोबारियों की कमर तोड़ दी गई है। हालांकि, इस गोरखधंधे में शामिल अपराधी अब तक पकड़ से बाहर हैं।



बता दें पिछले एक माह के अंदर हेसातु, सिदपा, मारंगलोईया के जंगलों में लगे बड़े पैमाने पर फसल नष्ट किये गये हैं।

श्री पन्ना ने आमजनों से अवैध अफीम की फसल लगे होने पर अविलंब गुप्त सूचना देने की अपील की है। अभियान में प्रभारी फॉरेस्टर ललटू कुमार, वनरक्षी मुरारी प्रजापति, सुनील उरांव, नीरज कुमार, अंकित कुमार समेत पुलिस कर्मी शामिल थे।

## जेईई एडवांस मेन्स परीक्षा में 99.937 अंक लाकर झारखंड टॉपर बनी साक्षी

संवाददाता

**मयूरहंड(चतरा)।** मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के कुम्हारी गांव निवासी सह पूर्व डीलर संघ अध्यक्ष सीताराम सिंह की पोती साक्षी सगुन ने जेईई एडवांस मेन्स परीक्षा में 99.937 प्रतिशत अंक लाकर झारखंड टॉपर बनी। साक्षी सगुन के पिता कौशल कुमार सिंह एक सफल व्यवसायी हैं तथा इसकी प्रारंभिक शिक्षा हजारीबाग डीएवी स्कूल से बारहवीं तक प्राप्त की है। उसके बाद हजारीबाग मटवारी स्थित एलायंट एकेडमी में जेईई मेन्स की तैयारी प्रारंम्भ की और पहली बार में ही सफलता का परचम लहराया। साक्षी ने आगे की पढाई कर इंजीनियर बनकर देश की सेवा करने की बात बताई। साक्षी



के इस सफलता से परिवार के लोगों के साथ पूरा प्रखंड गौरवान्वित हुआ है। साक्षी के सफलता पर मनोज कुमार सिंह, सतेंद्र कुमार सिंह, भरत सिंह, श्याम सुंदर सिंह, सुरज कुमार सिंह आदि ने साक्षी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामना दी है।

## महिला कल्याण समिति ढोरी के महासचिव डॉ. श्याम कुंवर भारती को मिला विद्या सागर सम्मान

संवाददाता

**बेरमो/ बोकारो।** महिला कल्याण समिति ढोरी बोकारो के महासचिव सह कहानिका हिंदी पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ० श्याम कुंवर भारती को अयोध्या धाम के विनायक गेस्ट हाउस आशापुर में आयोजित समारोह के दौरान विद्या सागर सम्मान मिला। गुरुवार को डॉ० श्याम कुंवर भारती ने अपने ढोरी स्टाफ क्वार्टर स्थित कार्यालय में प्रेस वार्ता कर बताया कि अयोध्या धाम के विनायक होटल में कहानिका हिंदी पत्रिका द्वारा महिला कल्याण समिति ढोरी बोकारो द्वारा संचालित अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन सह विद्या वाचस्पति मानद सम्मान समारोह का आयोजन काशी हिंदी विद्यापीठ वाराणसी उत्तर प्रदेश के सहयोग से किया गया था। जिसमें दुबई, आबुधाबी और देश के कई राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, बिहार एवं झारखंड से दर्जनों प्रतिष्ठित कवियों और कवयित्रियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिष्ठित कवियों और कवयित्रियों ने एक से बढ़कर काव्य पाठ किया। यहां अतिथियों में कुलाधिपति सुखमंगल सिंह मंगल, कुलसचिव इंद्रजीत तिवारी निर्भीक, उप कुलपति




डॉ० ओमप्रकाश पांडेय निर्भय, अयोध्या के डिप्टी कमिश्नर अजय कांत सैनी सहित अन्य पदाधिकारी काशी हिंदी विद्यापीठ वाराणसी ने भाग लिया। अतिथियों ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। श्री भारती ने कहा कि मुझे जो सम्मान मिला है यह बेरमो के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम में दुबई के के-के मिश्रा, वाराणसी के शिव प्रकाश, ज्योत्सना जोशी, ललिता मिश्रा, प्रीतम कुमार झा, सुधीर कुमार श्रीवास्तव, शीला तिवारी आदि मौजूद थे। जबकि अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन में जिन कवियों ने काव्य पाठ किया और विद्या वाचस्पति मानद सम्मान से सम्मानित किया गया उनमें मुख्य रूप से हिंदी साहित्य के डॉ० भगत सिंह राणा हिमाद, डॉ० संगीता बिष्ट कौमुदी दीपा, छगन राज राव, बेलीराम कन्सवाल, दुर्गेश कुमार, अबुल कासिम अब्बासी, नंदन सिंह राणा नवल, जय कृष्ण मिश्रा, सार्थक इंदु, शीला तिवारी, सत्येंद्र कुमार शर्मा, रामअवतार, सत्येंद्र नाथ साह, ज्योत्सना जोशी, ललिता मिश्रा, प्रो० डॉ वाई कस्तूरी, जय प्रकाश, सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, श्याम कुंवर भारती, हरिकेश प्रजापति, दीपक कुमार सिंह, राजेंद्र प्रसाद, रीना मिश्रा, प्रीतम कुमार झा, आचार्य रमाकांत राजभर, डॉ विभा तिवारी, अंशिका श्रीवास्तव आदि शामिल हैं।

## रूपया छीनकर भाग रहे बदमाशों ने मारी टक्कर, गिरफ्तार

संवाददाता

**दुमका।** पुराना सीएचसी केंद्र, जरमुंडी के समीप गुरुवार को पिता-पुत्र से 50 हजार रुपये छीनकर भाग रहे अपाची पर सवार दो बदमाशों को सड़क दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा। पीड़ित करमनी राय जरमुंडी स्टेट बैंक से 50 हजार रुपए थैले में रखकर अपने पुत्र मनोज राय के साथ बाइक से पेरूवापाथर गांव लौट रहे थे।

मिली जानकारी के अनुसार छिनतई कर अपाची बाइक से भाग रहे दोनों बदमाशों ने एक पारा शिक्षक की मोटरसाइकिल को हड़बड़ाहट में टक्कर मार दी। पारा शिक्षक घनश्याम भंडारी, शिक्षण कार्य से अपनी बाइक पर सवार होकर बीआरसी आ रहे थे। बिहार के कटिहार जिला के रोहतास निवासी बदमाश रूपेश कुमार यादव एवं सुजीत कुमार यादव घायल हो गए हैं। इधर, रुपए का थैला छिनतई होने पर बदमाशों का पीछा करते हुए पिता-पुत्र भी घटनास्थल पर पहुंचे। जहां उन्हें अपना 50 हजार रुपए का थैला बदमाशों से मिल गया।

इस क्रम में पकड़े जाने के डर से दोनों बदमाश बाइक छोड़कर मौके से भागने लगे। दोनों बदमाशों को भागता देख स्थानीय लोगों ने खदेड़ कर दोनों को समीप के एक मैदान से पकड़ लिया। मौके पर पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सूचना पाकर जरमुंडी थाना के एसआइ मनीष कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। बदमाशों की तलाशी लेने पर पर्स मिला, जिसमें दो सोने का चेन भी बरामद हुआ।

### हाईवा के चपेट में आने से युवक की मौत

**दुमका।** जिले के रानेश्वर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर बारमसिया मुख्य पथ के मुगाबोनी के समीप गुरुवार की दोपहर बाइक एवं हाईवा के आमने सामने जोरदार टक्कर होने से बाइक चालक का मौके पर ही मौत हो गई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बाइक चालक होंडा साईन एसपी बाइक ( जेएच 04 एबी 6910 ) में सवार होकर रघुनाथपुर की ओर जा रहा था। विपरीत दिशा से बिना नम्बर का एक हाईवा और बाइक में आमने-सामने टक्कर हो गयी। इससे बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गयी।

## पूर्व मंत्री पहुंचे लेंबुआ गांव, शोक संतप्त परिजनों से की मुलाकात



संवाददाता

**चतरा।** राज्य के पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता गुरुवार को टंडवा प्रखंड के लेंबुआ गांव पहुंचे। लेंबुआ निवासी दिवंगत विष्णु साव के परिजनों से उन्होंने मुलाकात की और शोक संतप्त परिजनों को ढ़ाढ़स बंधाया। विशुन साव की आपसी रंजिश में हाल में ही हत्या कर दी गई थी। वे क्षेत्र के समाजसेवी थे। पूर्व मंत्री उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर झामुमो सिमरिया विधानसभा प्रत्याशी मनोज चंद्रा, राजद जिलाध्यक्ष नवल किशोर यादव और अन्य उपस्थित थे।

## बिल्डरों के आगे जमशेदपुर अक्षेस विभाग हुआ नतमस्तक, सूचना देने के बावजूद इनपर कोई कार्रवाई तक नहीं की गयी

# नक्शा का विचलन कर शहर में धड़ल्ले से चल रहा अवैध निर्माण

संवाददाता

**जमशेदपुर।** बिल्डरों के आगे जमशेदपुर अक्षेस विभाग नतमस्तक हो चुका है। जिसके कारण शहर में धड़ल्ले से नक्शा का विचलन कर निर्माण कार्य जारी है और जिसे रोक पाने में विभाग पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। जमशेदपुर शहर का ऐसा कोई हिस्सा, कोई सड़क या फिर कोई गली ऐसी नहीं बची है, जहां बिल्डरों द्वारा अवैध निर्माण न किया जा रहा हो और बिल्डरों ने बड़ी-बड़ी इमारतें न खड़ी की हो। एक तरफ तो बिल्डर नक्शा का विचलन कर दिन रात इमारतें खड़े करने में लगे हुए हैं। जबकि दूसरी तरफ जमशेदपुर अक्षेस विभाग सिर्फ कर्मचारियों की कमी का रोना ही रोती



रही। और तो और सूचना देने के बावजूद इनपर कोई कार्रवाई तक नहीं होती। शहर के कदमा, सोनारी और बिस्टुपुर क्षेत्र में बिल्डरों द्वारा जमकर नक्शा का विचलन कर बिल्डिंगें बनाई जा रही है और जो बदस्तूर जारी है। मगर इससे विभाग के पदाधिकारियों और कर्मचारियों को कोई लेना देना नहीं है। वहीं वर्तमान समय में भी बिल्डरों द्वारा खुलेआम नक्शा विचलन का खेल खेला जा रहा है। वहीं सूत्रों से पता चला है कि जिन बिल्डरों और अतिक्रमणकारियों पर गाज गिरी भी तो उन्होंने बिस्टुपुर नॉर्दर्न टाउन सी रोड स्थित एक बंग्लो में बैक डोर से हाजिरी लगाकर सब माइनेज कर लिया। जिसका परिणाम यह हुआ कि और जोर शोर से अवैध निर्माण होने लगा। जमशेदपुर अक्षेस विभाग द्वारा अवैध निमाणों पर कारवाई न करना किसी और ही खेल की तरफ इशारा कर रहा है। इस संबंध में जानकारी लेने के लिए विभाग के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार से बात करने की कोशिश की। मगर उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

### इन जगहों पर हुआ अवैध निर्माण और अतिक्रमण

1. सोनारी कागलनगर रोड नंबर 3- बिल्डर शेरू-शेखर- पांच तल्ला बिल्डिंग।
2. सोनारी गुरूजात संघ के पास- बिल्डर सोनू अग्रवाल- चार बार सील होने के बाद भी निमार्ण कार्य जारी।
3. सोनारी ईस्ट ले-आउट पार्क के चारों तरफ अवैध निर्माण
4. सोनारी बी रोड में अवैध निर्माण।
5. सोनारी कुम्हार पाड़ा मुस्लिम बस्ती के पास मेन रोड- बिल्डर शेरू-शेखर- नक्शा विचलन कर पांच तल्ला बिल्डिंग का निर्माण।
6. सोनारी कागलनगर सेंटर के पास- आदर्श नगर सोसायटी- नक्शा विचलन कर तीन तल्ला निमार्ण जारी।
7. बिस्टुपुर कॉन्ट्रैक्टर एरिया रोड नंबर 3 होटल सोनेट के पास- बिल्डर बबलू जयसवाल- नक्शा विचलन कर छह तल्ला बिल्डिंग का निर्माण जारी।
8. कदमा उलियान अनिल सुरपथ ए-रोड मकान संख्या 04, बिल्डर सिद्धार्थ राव - नक्शा विचलन कर बिल्डिंग का निर्माण जारी।
9. कदमा थाने से 100 मीटर की दूरी पर बिल्डर द्वारा छह तल्ले कमर्शियल बिल्डिंग का निर्माण।
10. कदमा उलियान अनिल सुरपथ सी-रोड, मकान संख्या - 03, बिल्डर रजनीश - नक्शा विचलन कर चार तल्ला गेस्ट हाउस निर्माण।
11. कदमा उलियान हरि मंदिर रोड में नक्शा विचलन कर बिल्डर बना रहा ऊंची इमारत।
12. सोनारी कागल नगर रोड नंबर 6 में बिल्डर ने बना दी पांच तल्ला बिल्डिंग।
13. कदमा भाटिया बस्ती मंदिर पथ पार्क के बगल में नक्शा विचलन कर पांच तल्ला का निर्माण।
14. कदमा शास्त्री नगर ब्लॉक नंबर 3 की गली में अवैध बिल्डिंग का निर्माण।

## सीएसपी संचालक से 50 हजार की छिनतई

**दुमका।** जिले के रामगढ थाना क्षेत्र के रामगढ़-गुहियाजोरी मुख्य मार्ग पर मयूरनाथ मोड़ के पास बाइक सवार युवकों ने सीएसपी संचालक से 50 हजार रुपए की छीन ली और फरार हो गये। रामगढ़ प्रखंड स्थित जोरडीहा गांव की सीएसपी संचालक लखी रूज गुरुवार को झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक से 50 हजार रुपए निकाल कर वापस घर की ओर जा रही थी। इसी बीच अपाची बाइक पर सवार दो युवक ने सीएसपी संचालक से पैसे छीन कर भाग निकले। साथ ही महिला का मोबाइल भी छीन लिया। हालांकि घटनास्थल से कुछ दूरी पर उनका मोबाइल झाड़ियों से बरामद कर लिया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## नये कानून को लागू करें पुलिस अधिकारी : एसपी

**दुमका।** समाहरणालय भवन स्थित एसपी कार्यालय में अपराध समीक्षात्मक बैठक गुरूवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एसपी पितांबर सिंह खेरवार ने किया। बैठक में नए कानून को धरातल पर लागू करने को लेकर चर्चा हुई। खास कर अपराधों में नए साक्ष्य को लेकर कार्रवाई की दिशा में पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। लॉच कर्मयोगी आईपोर्ट पोर्टल के संचालन करने की जानकारी दी गई। लंबित केसों का निष्पादन के दिशा में कार्रवाई करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश एसपी ने दिए। महिलाओं एवं बच्चों के साथ हो रहे अपराधों पर नियंत्रण करने के दिशा में ठोस पहल पर चर्चा हुई। सड़क दुर्घटनओं पर रोक की दिशा में पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक पहल करते हुए जागरूकता समेत अन्य कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसपी ने बताया कि सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने के लिए परिवहन विभाग के साथ मिलकर ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करने के लिए टीम काम कर रही है। उन्होंने कहा कि चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स के लिए जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। हाल में ही परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा सप्ताह चलाया गया है। वाहनों के स्थल बदल-बदलकर नियमित हेमलेट, सीट बेल्ट आदि की जांच की जा रही है।

## होली मदर्स एकेडेमी के पूर्व सचिव सुनील कुमार राय का निधन



**कतरास।** होली मदर्स एकेडेमी के पूर्व सचिव सुनील कुमार राय का निधन कोलकात्ता स्थित आवास में हो गया।वे लंबे समय से बीमार थे। वे अपने पीछे पत्नी विजया राय, पुत्र अमिताभ राय, सुमिताभ राय तथा अन्य भरा पुरा परिवार छोड़ गये हैं। उनके निधन पर स्थानीय लोगों ने शोक व्यक्त किया। इनका दाह संस्कार लिलोरी स्थान कतरास स्थित मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा काली मंदिर के समीप आवास से निकाला गया। अंतिम यात्रा में मुख्य रूप से विजया राय, अमिताभ राय, सुमिताभ राय, सौमिता राय, श्रेयसी राय, विजय कुमार झा, विजय तुलसयान, डॉ० बी एन चौधरी, आर पी तिवारी, मानस घोषाल, पवित्र आचार्य, बी डी तिवारी, संजय झा, मुकेश राय, सरोज सिंह, मानिक दास, अनुज कुमार झा, पवन, अनूप, बापी, नवीन, सुदिपतो, अनशु, दिलिप चौधरी, राजेश कुमार ठाकुर, आजाद, सूमित, सौमिक, सूबिर, सुरेश केडिया, पप्पू, भानू, दीपू, चन्दन, सज्जाद, अताउल्लाह, देवदास, काजल, सरोज, विनोद, श्रवण, निखिलेश, डॉ० टी आर राय आदि शामिल थे। संस्कार ज्ञानपीठ के प्राचार्य मुकेश राय, किड्स गार्डन के किड्स गाडेन स्कूल के प्रचार्य शोभा सिन्हा, न्यूज टुडे धनबाद के संपादक सोहन कुमार विश्वकर्मा सहित सैकड़ो लोगों ने अंतिम विदाई दी।

## असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क कैंसर जागरूकता और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**धनबाद।** असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट, धनबाद द्वारा तेतुलमारी के नगरी कला में एक निःशुल्क कैंसर जागरूकता और स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को कैंसर जैसी घातक बीमारी के प्रति जागरूक करना और उन्हें समय रहते निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराना था। शिविर के दौरान असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने कैंसर के लक्षण, इसके शुरूआती संकेत और बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। डॉक्टरों ने बताया कि कैंसर का समय रहते पता चल जाने से इसे रोका और नियंत्रित किया जा सकता है। साथ ही, कई मामलों में इसका पूरा इलाज भी संभव है। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कराई। जांच के दौरान रक्तचाप, आरबीएस, पल्स, ऑक्सीजन संतृप्ति, तापमान, वजन और अन्य सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। इसके अलावा, उपस्थित लोगों को कैंसर के विभिन्न प्रकारों और उनके कारणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। असर्फी चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने कहा कि कैंसर से डरने की बजाय इससे लड़ने के लिए जागरूकता और नियमित जांच अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन लगातार किया जाता रहेगा ताकि समाज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों को नई नियमावली का लाभ नहीं, पारा शिक्षकों में बढ़ता आक्रोश

संवाददाता



**कतरास।** झारखंड में पारा शिक्षकों की समस्या लगातार बनी हुई है और सरकार की नीतियों को लेकर नाराजगी बढ़ रही है। इसी बीच, नया प्राथमिक विद्यालय करम धौड़ा, मालकेरा, कतरास के शिक्षक बृजनाथ बरई के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर एक विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर झारखंड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के प्रमंडलीय अध्यक्ष चंदन मोदक ने चिंता जताई कि बीस वर्षों तक सेवा देने के बावजूद झारखंड के सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) अभी भी नई नियमावली के लाभ से वंचित हैं।चंदन मोदक ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि झारखंड की सरकार सहायक अध्यापकों के प्रति उदासीन रवैया अपना रही है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने सहायक अध्यापकों को नियमित करने और वेतनमान देने की घोषणा कर दी है, लेकिन झारखंड में अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।धनबाद जिला उपाध्यक्ष मोतीलाल महतो ने इस मुद्दे पर नाराजगी जताते हुए कहा कि झारखंड में दोबारा सरकार बनने के बावजूद सहायक अध्यापकों को लेकर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इससे पारा शिक्षकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार को भी छत्तीसगढ़ सरकार की तरह सहायक अध्यापकों को नियमित करने और वेतनमान देने का निर्णय जल्द लेना चाहिए। बाघमारा प्रखंड कोषाध्यक्ष परितोष महतो ने कहा कि पूर्व शिक्षामंत्री स्वर्गीय जगरनाथ महतो ने यह आश्वासन दिया था कि बहुत जल्द सहायक अध्यापकों को वेतनमान या समतुल्य वेतनमान दिया जाएगा और इसकी फाइल भी बनकर तैयार हो गई थी। लेकिन अब हालात यह हैं कि वह फाइल कहां गायब हो गई, किसी को नहीं पता। उन्होंने सरकार से यह मांग की कि जो फाइल बनी थी, उसे सार्वजनिक किया जाए और सहायक अध्यापकों को उनका हक जल्द से जल्द दिया जाए।सेवानिवृत्त शिक्षक बृजनाथ बरई के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि रिंकू रजक, उपमुखिया इम्तियाज अहमद, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि पिंटू रजक, प्रधानाध्यापक मोहम्मद मुमताज अहमद, प्रबंध समिति अध्यक्ष पिंकी देवी, उपाध्यक्ष सपना देवी, संयोजिका प्रमिला देवी, सदस्य मोइनुद्दीन अंसारी, अंतू रजवार और मोहम्मद साबिर सहित कई लोग उपस्थित रहे। सभी ने बृजनाथ बरई को उनके लंबे सेवा काल के लिए सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## डीसी ने दिया लोको टैंक के जीर्णोद्धार कार्य में तेजी लाने का निर्देश



संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा ने गुरुवार को अमृत 2.0 के तहत किए जा रहे लोको टैंक के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने लोको टैंक के चारों ओर किए जा रहे निर्माण कार्य, निमार्णाधीन बाउंड्री वॉल, टिकट घर, शौचालय, स्टेप्स इत्यादि की समीक्षा की। साथ ही कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान संवेदक मनमोहन ग्रोवर ने बताया कि रेलवे लाइन के किनारे वाले क्षेत्र को छोड़कर लोको टैंक के तीनों तरफ मॉर्निंग वॉक ट्रैक बनाया जाएगा। लाइटिंग की व्यवस्था भी की जाएगी। साथ ही आमजनों के लिए पार्क, गजिबो, ओपेन जिम, स्ट्रीट लाइट तथा पार्किंग स्थल उपलब्ध रहेगा। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, अंचल अधिकारी धनबाद शशिकांत सिंकर, अपर नगर आयुक्त कमलेश्वर नारायण, सहायक नगर आयुक्त प्रसून कौशिक, प्रकाश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, नगर निगम के कार्यपालक अभियंता व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## युवा क्रांतिकारी विशाल महतो के प्रयास से झिंझिपहाड़ी में 100 केवी का ट्रांसफार्मर स्थापित

संवाददाता



**कतरास।** झिंझिपहाड़ी बाउरी टोला में लंबे समय से बिजली की समस्या बनी हुई थी। वहां लगा पुराना 63 किलोवाट का ट्रांसफार्मर बरसात के दिनों में अक्सर खराब हो जाता था, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ती थी। इस समस्या को देखते हुए युवा क्रांतिकारी नेता विशाल कुमार महतो ने कुछ दिन पहले बिजली विभाग के एसडीओ से 100 किलोवाट का नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की थी। विभाग ने उनकी मांग को गंभीरता से लिया और तत्परता दिखाते हुए गुरुवार को नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया। ट्रांसफार्मर लगने के बाद स्थानीय लोगों ने आग्रह किया कि उद्घाटन युवा नेता विशाल महतो के हाथों हो। विशाल महतो ने ग्रामीणों की भावनाओं का सम्मान करते हुए फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे, जिन्होंने विशाल महतो की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे एक सच्चे जनसेवक हैं और समाज के हित में हमेशा सक्रिय रहते हैं। कार्यक्रम के दौरान विशाल महतो ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ समाज के मुद्दों के प्रति जागरूक होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब युवा वर्ग सामाजिक समस्याओं को दूर करने के लिए आगे आएगा, तभी समाज सशक्त और आत्मनिर्भर बनेगा। विशाल महतो ने आगे कहा कि आज किसी दल या पार्टी में रहने से ज्यादा जरूरी यह है कि जनता के दिलों में जगह बनाई जाय। उन्होंने जनता को आश्वासन दिया कि वे हमेशा समाज के हित में कार्य करते रहेंगे और जनसेवा को ही अपना धर्म मानते हैं।

## असंगठित मजदूर मोर्चा ने हर्ल सिंदरी प्रबंधन को सौंपा आठ सूत्री मांग पत्र

संवाददाता



**सिंदरी।** असंगठित मजदूर मोर्चा सिंदरी शाखा ने हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल) के मुख्य द्वार के समीप एक आमसभा आयोजित की। इस सभा में मजदूरों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई और उनके अधिकारों के लिए आवाज उठाई गई। सभा के बाद असंगठित मजदूर मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह भाकपा माले के निरसा विधायक अरुण चटर्जी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल हर्ल सिंदरी के महाप्रबंधक (वीपी) सुरेश प्रमाणिक से मिला और उन्हें आठ सूत्री मांग पत्र सौंपा। इस मांग पत्र में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने, एफसीआईएल और पीडीआईएल के पूर्व कर्मियों तथा उनके आश्रितों को उचित मूल्य पर आवास उपलब्ध कराने की मांग प्रमुख रूप से शामिल थी। साथ ही, यह भी कहा गया कि यदि उन्हें आवास खाली करने के लिए कहा जाता है, तो पहले उनके पुनर्वास की योजना बनाई जाय। मजदूरों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए यह भी मांग की गई कि हर्ल सिंदरी में कार्यरत मजदूरों के वेतन का निर्धारण उनकी कुशलता के आधार पर किया जाय। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी मांग रखी कि अप्रेंटिस एक्ट के तहत नवयुवकों को उचित प्रशिक्षण दिया जाए ताकि वे अपने भविष्य को संवार सकें। एफसीआईएल और पीडीआईएल के पूर्व कर्मियों तथा उनके आश्रितों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित अस्पताल की व्यवस्था की जाए। इसके अलावा, सिंदरी के गौरवशाली राजेंद्र स्कूल को पुनः चालू करने की भी मांग की गई। इस दौरान विधायक अरुण चटर्जी ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन तेज किया जाएगा। मजदूरों की समस्याओं को नजरअंदाज करना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## राजेन्द्र विहार समिति ने विधायक अरूप का गर्मजोशी के साथ किया स्वागत

संवाददाता



**कुमारधुबी।** मुगमा क्षेत्र के राजेन्द्र विहार मंदिर परिसर में निरसा विधानसभा से विधायक अरूप चटर्जी को पुनः निर्वाचित होने की खुशी में राजेन्द्र विहार समिति द्वारा अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का संचालन समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने किया। समिति के सक्रिय सदस्य विजय कुमार ने पुष्प गुच्छ देकर व अनिषा प्रसाद ने अंगवस्त्र तथा समिति के सचिव उत्तम कुमार आश, समिति के सक्रिय सदस्य सुभाष मोदी, किशोर मंडल, संदीप दे एवं श्रीमती चम्पा देवी ने फुल माला पहनाकर विधायक श्री चटर्जी का गर्म जोशी से स्वागत किया। अपने संबोधन में विधायक अरुप चटर्जी ने राजेन्द्र विहार निवासियों का लगातार समर्थन देने के लिए एवं अभिनन्दन समारोह आयोजित करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और उन्होंने आश्वासन दिया। उन्होंने कॉलोनी में पानी, रोड और नाली की समस्या का जल्द से जल्द निदान करने व अन्य अनिवार्य कार्य को भी अविलंब पूर्ण करने का भरोसा दिलाया और कहा कि आशा और विश्वास के साथ आप लोगों ने अपना बहुमूल्य मत देकर मुझे सेवा करने का मौका दिया है। मैं उसे कभी टूटने नहीं दूंगा। इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष शिव नंदन स्वर्णकार, कोलोनी के सक्रिय सदस्य आशानन्द सिंह, भरत मोदी, जगत नारायण पासवान, भानुप्रताप सिंह,पप्पु मोदी, ब्रजेश झा, गौतम आश, अनुपम श्रीवास्तव, अमृत पाठक , रवि सिंह, मानीक लाल सिंह, अंगद मिस्त्र आदि उपस्थित थे।

## झरिया विधायक ने मध्य विद्यालय इंड्रस्टीज में शौचालय निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

संवाददाता



**झरिया।** झरिया विधायक रागिनी सिंह ने गुरुवार को मध्य विद्यालय इंड्रस्टीज परिसर में शौचालय निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह शौचालय भवन निर्माण विभाग धनबाद द्वारा 9 लाख रुपये की लागत से बनाया जाएगा।विद्यालय में लंबे समय से शौचालय की कमी के कारण छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय लोगों और विद्यालय प्रशासन ने इस समस्या से विधायक रागिनी सिंह को अवगत कराया, जिसके बाद उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए शौचालय निर्माण का निर्णय लिया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि छात्राओं के लिए शौचालय की सुविधा बेहद आवश्यक है। यह केवल स्वच्छता का विषय नहीं, बल्कि उनकी गरिमा और स्वास्थ्य से भी जुड़ा हुआ है। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए और कहा कि इसे पूरी सावधानी और मजबूती के साथ बनाया जाए ताकि आने वाले वर्षों तक छात्राओं को कोई परेशानी न हो। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य अशोक सिंह, मंडल अध्यक्ष तरुण, संतोष शर्मा, मनोज गोप, पप्पू पासवान, बप्पू बाउरी, शमीर्ला देवी, अनीता देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना की और कहा कि यह छात्राओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उनकी शिक्षा में कोई बाधा न आए और वे सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण में पढ़ाई कर सकें।

# टाटा मोटर्स ने आकर्षक फीचर्स और नए डिजाइन के साथ लॉन्च किया नया टियागो और टैगोर

संवाददाता

**धनबाद।** टाटा मोटर्स, जो भारत की अग्रणी ऑटोमोबाइल कंपनियों में से एक है, ने अपने लोकप्रिय मॉडल टाटा ळ्ङ्क और ळ्ङ्क१ को नए अवतार में लॉन्च किया। धनबाद के धनसार स्थित डीलरशिप ट्रस्ट ऑटोमोबाइल्स में एक भव्य समारोह के दौरान इन गाड़ियों का अनावरण किया गया। इस अवसर पर कंपनी के डायरेक्टर जयवर्धन सहाय और हर्षवर्धन सहाय ने फीता काटकर और केक काटकर नई कारों की लॉन्चिंग की। इस कार्यक्रम में ट्रस्ट ऑटोमोबाइल्स के जनरल



मैनेजर समीरन पॉल, सेल्स मैनेजर चंदन मिश्रा, एसबीआई के चीफ मैनेजर सुजीत कुमार, एसबीआई हीरापुर से सुषमा, एसबीआई मैन ब्रांच से अश्विनी और दिनेश समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। लॉन्चिंग के दौरान कंपनी के सेल्स टीम लीडर किशोर पाठक ने इन गाड़ियों के फीचर्स की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टियागो और टैगोर,अब तीनों फ्यूल ऑप्शन पेट्रोल, इलेक्ट्रिक और सीएनजी में उपलब्ध हैं, जिससे ग्राहकों को अपनी पसंद और जरूरत के अनुसार कार चुनने का बेहतर विकल्प मिलेगा। उन्होंने बताया कि ळ्ङ्क पेट्रोल की शुरूआती कीमत ?4.99 लाख एक्स-शोरूम रखी गई है, जबकि ळ्ङ्क एश की कीमत ?7.99 लाख (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है। वहीं, ळ्ङ्क१ पेट्रोल की शुरूआती कीमत ?5.99 लाख एक्स-शोरूम रखी गई है। किशोर पाठक ने बताया कि गाड़ियों की बुकिंग शुरू हो चुकी है और ग्राहक अपने नजदीकी टाटा मोटर्स शोरूम से बुकिंग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नए मॉडल में न केवल लुक और डिजाइन को अपग्रेड किया गया है, बल्कि इसमें एडवांस टेक्नोलॉजी के साथ कई स्मार्ट फीचर्स भी जोड़े गए हैं, जिससे कार का ड्राइविंग अनुभव और भी बेहतर होगा।

## सीबीएसई 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षा के दौरान सभी सेंटर पर रहेगी निषेधाज्ञा

संवाददाता

**धनबाद।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षा जिले के 20 परीक्षा केंद्रों में संचालित की जाएगी। अनुमंडल दंडाधिकारी राजेश कुमार ने सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर परिक्षेत्र में परीक्षा अवधि तक धारा 163 बी.एन.एस.एस. के तहत निषेधाज्ञा जारी की है।

अनुमंडल दंडाधिकारी ने बताया कि 15 फरवरी 2025 से 4 अप्रैल 2025 तक जिले के डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर, डीएवी पब्लिक स्कूल मुनिडीह, डीएवी मोडल स्कूल सीएफआरआई, इंडियन स्कूल ऑफ लर्निंग कतरास मोड़, राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर धनसार, दिल्ली पब्लिक स्कूल कार्मिक नगर, डीएवी सैंटनरी पब्लिक स्कूल बनियाहीर, धनबाद पब्लिक स्कूल केजी आश्रम, गोविंदपुर रोड, सरस्वती शिशु मंदिर, श्यामडीह कतरास, सरस्वती विद्या मंदिर भूली, किड्स गार्डन सेकेंडरी स्कूल झरिया, गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल बैंक मोड़, धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच, सिंबोसिस पब्लिक स्कूल बरवाअड्डा, द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन अकादमी बिहाइंड पॉलिटेक्निक, मोंटफॉर्ट अकैडमी तोपचांची, स्वामी विवेकानंद स्कूल चिरकुंडा, केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 धनबाद, केंद्रीय विद्यालय मैथन डैम तथा जवाहर नवोदय विद्यालय बेनागरिया में परीक्षा आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी केंद्रों में कदाचार मुक्त, शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा का संचालन करने के लिए विधि व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है। इसलिए निषेधाज्ञा के दौरान परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्रों के अगल-बगल में अनावश्यक भीड़ लगना, मटरगश्ती करना, लाउडस्पीकर का उपयोग करना एवं अनाधिकृत रूप से हथियार लेकर चलने तथा कदाचार से संबंधित किसी प्रकार की वस्तु का उपयोग करने आदि पर प्रतिबंध रहेगा। उपरोक्त आदेश 14 फरवरी 2025 की रात्रि 12:00 बजे से 4 अप्रैल 2025 तक, परीक्षा अवधि में लागू रहेगा।

E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## सुभाषितम्

**स्वयं पर विजय प्राप्त कर लेना सबसे श्रेष्ठ और महानतम विजय होती है** - प्लेटो

## क्या विपक्षी एकता कायम रहेगी

अति आत्मविश्वास का होना सदैव विनाशकारी और आत्म घातक माना जाता है। ऐसा ही दिल्ली विधानसभा के चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी के नेताओं का व्यवहार निश्चित ही ऐसा होता जा रहा था,जो अति विश्वास को ही परिलक्षित करने वाला ही था। हालांकि किसी भी चुनाव के दो पहलू होते हैं। किसी भी चुनाव क्षेत्र में केवल एक ही उम्मीदवार विजय प्राप्त करता है,शेष पराजित होते हैं। पराजय निश्चित रूप से गलती सुधारने का अवसर प्रदान करती है। आम आदमी पार्टी इस पराजय को अपने भूल सुधार के लिए स्वीकार करेगी, यह होना चाहिए लेकिन आम आदमी पार्टी के नेता ऐसा करने की मानसिकता में दिखाई नहीं देते। इसका कारण यही है कि उनमें राजनीतिक दल की सरकार चलाने का अनुभव नहीं है। आम आदमी पार्टी के नेताओं का अभी भी यह मानना है कि उनकी पार्टी मात्र दो प्रतिशत के अंतर से हारी है, लेकिन उनको पता होना चाहिए कि एक प्रतिशत का अंतर भी राजनीति का दृश्य बदल सकता है। इसलिए यही कहा जा सकता है कि हार तो हार होती है, उसके तर्क का सहारा लेकर मन को दिलासा दी जा सकती है, जीत नहीं मानी जा सकती। वैसे विपक्ष को इसकी आदत-सी हो गई है कि वह हार को आसानी से स्वीकार नहीं कर पाता। पिछले लोकसभा के चुनाव परिणाम आने के बाद भी ऐसी ही तस्वीर दिखाने का प्रयास किया गया कि विपक्ष ने मानो सरकार बनाने लायक जीत हासिल कर ली हो, लेकिन तस्वीर का असली चेहरा कुछ और था। वर्तमान राजनीतिक उतार-चढ़ाव का अध्ययन किया जाए तो यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी राजनीतिक दल सत्ता में आने के लिए एक होने की कवायद कर चुके हैं, लेकिन यह कवायद परवान नहीं प्राप्त कर सकी।

लोकसभा चुनाव के समय इंडी गठबंधन बनाकर तमाम भाजपा विरोधी दलों ने कई राज्यों में एकता का दिखावा किया। लेकिन कई राज्यों के विधानसभा चुनाव के समय इंडी गठबंधन के दल एक साथ न होकर बिखरे हुए दिखाई दिए। अब आगे चलकर एकता के प्रयास किए तो जाएंगे, लेकिन वे एक साथ हो जाएंगे, इस बात की संभावना बहुत कम दिखाई देती है। सीधे अर्थों में कहा जाए तो विपक्षी एकता को कई बार झटके लग चुके हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार विपक्ष की एकता के लिए एक और बड़ा झटका माना जा रहा है। कांग्रेस ने जिस प्रकार से आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर करने का सुनियोजित रणनीति अपनाई, वह चुनाव परिणाम आने के बाद पूरी तरह सामने आ गया। ऐसी स्थिति में अब कांग्रेस और आम आदमी पार्टी एक मंच पर आएंगे, इस बात की संभावना बहुत कम है। हालांकि कांग्रेस की ओर अपनाई गई यह रणनीति कोई नई बात नहीं है। कई दलों को ऐसा झटका मिल चुका है,स्वयं आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में ऐसा ही राजनीतिक खेल खेलकर कांग्रेस को सत्ता में आने से रोक दिया था। जहां तक विपक्षी एकता की बात है तो इसकी जड़ों में मट्ठा डालने का काम खुद इंडी गठबंधन या भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों ने किया है। कई राज्यों में एक-दूसरे के विरोध में ताल ठोकने वाले यह दिखावे की एकता वाले राजनीतिक दल आगे भी ऐसी ही नीति का अनुसरण करेंगे, इस बात की गुंजाइश ज्यादा दिखाई देती है। क्योंकि गठबंधन में शामिल होने का दावा करने वाले राजनीतिक दल किसी भी दल से पीछे रहने की मानसिकता में दिखाई नहीं देते। कांग्रेस भी इसी मानसिकता से ग्रसित दिखाई देती है। राज्यों तक प्रभाव रखने वाले क्षेत्रीय राजनीतिक दल कांग्रेस को बेहद कमजोर मानकर व्यवहार कर रहे हैं।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कई बार कांग्रेस को आईना दिखाते हुए व्यवहार किया है। ऐसी स्थिति में पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और ममता बनर्जी की पार्टी एक साथ आकर पश्चिम बंगाल का विधानसभा चुनाव लड़ेंगे,दूर की बात दिखती है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने भी कांग्रेस को जमीन दिखाने के प्रयास में खुद के लिए आत्मघाती रास्ता तैयार किया। यह बात सही है कि आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल अपने आपको कांग्रेस से बड़ा मानने लगे थे। इसलिए कांग्रेस से किनारा कर चुनाव मैदान में अकेले कूदे और पहली बार सत्ता से दूर हो गए। कहा जाता है कि क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के उभार ने कांग्रेस का बंटाधार करने का काम किया। कहीं-कहीं यह भी सत्य है कि कांग्रेस के अप्रिय व्यवहार के चलते ही इन क्षेत्रीय दलों का गठन हुआ। इसलिए यह क्षेत्रीय राजनीतिक दल कांग्रेस के साथ मिलकर आसानी से चुनाव लड़ेंगे, यह बहुत व्यावहारिक नहीं दिखता। कई राज्यों में यह भी दिखाई दिया कि जिन क्षेत्रीय दलों के साथ कांग्रेस ने समझौता किया, उन राज्यों में कांग्रेस तो डूबी ही,साथ आने वाले दलों को भी डुबो दिया। कहीं-कहीं कांग्रेस को डूबता जहाज तक कहा गया। आज कांग्रेस की मजबूरी यह है कि उसे तिनके की जरूरत है। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की स्थिति में जो मामूली सुधार हुआ, उसका कारण क्षेत्रीय दलों का सहयोग ही था। उत्तर प्रदेश में अगर समाजवादी पार्टी का साथ नहीं होता तो कांग्रेस आज की स्थिति में भी नहीं होती। दिल्ली विधानसभा चुनाव का परिणाम कहीं न कहीं विपक्षी एकता के सपने को चूर-चूर करने वाला भी है।

# दिल्ली जीतकर भाजपा ने दिखाई धमक


रमेश सर्राफ धमोरा

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत हासिल कर अपनी धमक दिखायी है। 1998 में भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव हार गई थी। उसके बाद इस बार के चुनाव में भाजपा जीत कर अपनी सरकार बनाने वाली है। लगातार छह बार विधानसभा चुनाव हारने से भाजपा के लिए इस बार के दिल्ली विधानसभा के चुनाव बड़ी प्रतिष्ठा के सवाल बने हुए थे। इसीलिए भाजपा ने दिल्ली विधानसभा के चुनाव में जीत हासिल करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया। इस बार भाजपा ने दिल्ली में मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया सहित आम आदमी पार्टी के कई दिग्गज नेताओं को हराकर अपनी पुरानी हार का बदला ले लिया है। पिछले लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने करीब 30 विपक्षी दलों को साथ लेकर भाजपा के खिलाफ मजबूत इंडी गठबंधन बनाया था।

जिसमें शामिल सभी विपक्षी दलों ने ज्यादातर सीटों पर एक साथ मिलकर चुनाव लड़कर भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को 293 लोकसभा सीटें मिली। वहीं इंडी गठबंधन ने 236 सीटें जीती। कांग्रेस 53 सीटों से बढ़कर 99 सीटों पर पहुंच गई। इसी तरह समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में 5 सीटों से बढ़ कर 37 सीटों पर पहुंच गई। लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को पूरा भरोसा था कि उनकी पार्टी की सरकार बनेगी। इसलिए कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से इतर विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी से समझौता नहीं कर अकेले चुनाव मैदान में उतरी। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 48 सीटें जीत कर कांग्रेस को करारी शिकस्त दी। हरियाणा में जीत से देशभर में भाजपा नेताओं व कार्यकताओं का मनोबल भी बढ़ा।

भाजपा ने हरियाणा में जहां लगातार तीसरी बार सरकार बनायी, अब तक की सबसे अधिक 48 सीटें जीत कर यह दिखा दिया कि लोकसभा चुनाव में पार्टी को उम्मीदों से कहीं कम सीटें मिलने से कार्यकर्ता निराश नहीं हैं। उसके बाद महाराष्ट्र व झारखंड विधानसभा के चुनाव संपन्न हुए। महाराष्ट्र में भाजपा ने अब तक की सबसे अधिक सीटें जीतकर नया रिकॉर्ड बनाया। झारखंड में भाजपा चुनाव हार गई मगर महाराष्ट्र में भाजपा की बड़ी जीत में झारखंड



की हार दब कर रह गई। महाराष्ट्र में भाजपा ने अकेले 132 सीटें जीती जो अब तक की सबसे अधिक थी। वहीं, भाजपा के सहयोगी शिवसेना व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने भी करीब 100 सीटें जीतकर महाराष्ट्र में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद चंद्र पवार व शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे को मात्र 46 सीटों पर समेट दिया। हरियाणा व महाराष्ट्र चुनाव भाजपा के लिए नई संजीवनी साबित हुए। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन महाराष्ट्र में महज 17 सीटें ही जीत पाया था। मगर विधानसभा चुनाव में मिली बंपर जीत ने लोकसभा चुनाव की हार को भुला दिया।

हाल ही में दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भी भाजपा ने पहली बार 48 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया। दिल्ली विधानसभा में भाजपा पिछले 26 वर्षों से सत्ता से बाहर थी। दिल्ली में 1998, 2003 व 2008 में लगातार तीन बार कांग्रेस की सरकार बनी थी। वहीं, 2013, 2015 व 2020 में लगातार तीन बार आम आदमी पार्टी की सरकार बनी थी। 2015 में महज 3 सीट व 2020 में मात्र 8 सीट जीतने वाली भाजपा ने इस बार 48 सीट जीतकर अपनी ताकत का अहसास करवाया है। हालांकि 2014, 2019 व 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा दिल्ली की सभी 7 सीटे जीतकर हैट्रिक बना चुकी है। मगर विधानसभा चुनाव में लगातार 6 बार सत्ता से बाहर रहने के कारण भाजपा इस बार हर हाल में दिल्ली में सरकार बनाना चाहती थी। इसके लिए भाजपा के सभी नेता व कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। यदि भाजपा इस बार भी दिल्ली में चुनाव हार जाती तो आगे आने वाले बिहार, असम विधानसभा के चुनाव में उसे नुकसान उठाना पड़ सकता था। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 48 सीटों के साथ 45.56 प्रतिशत वोट हासिल किए। दिल्ली में यह भाजपा का अब तक का सर्वोच्च चुनावी आंकड़ा है।

पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में जहां भाजपा की 40 सीट बढ़ गई हैं, वहीं उसका वोट प्रतिशत भी 7.38 प्रतिशत बढ़ा है। भाजपा को कुल 46 लाख 23 हजार 110 वोट मिले हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी महज 22 सीटों पर सिमट गई। उसे 43.57 प्रतिशत मत मिले हैं। जो पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में 10 प्रतिशत कम हैं। आम आदमी पार्टी को 41 लाख 33 हजार 898 वोट मिले हैं। इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने चुनावों के दौरान आम आदमी पार्टी की आपदा पार्टी वाली छवि बना दी थी। पार्टी के बड़े नेता अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया सत्येंद्र जैन, संजय सिंह को भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जाने को भाजपा ने बड़ा मुद्दा बना कर दिल्ली की जनता को आम आदमी पार्टी की वास्तविकता से रूबरू करवाया। इसके साथ ही अरविंद केजरीवाल द्वारा मुख्यमंत्री आवास में करवाए गए कार्यों को भाजपा ने शीशमहल कहकर प्रचारित किया। जिससे दिल्ली के आम मतदाताओं को लगने लगा कि जिस पार्टी को वह अपनी हमदर्द पार्टी मानकर लगातार तीन बार से चुनाव जीतवा रहा है, उस पार्टी के नेता भी अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं की तरह भ्रष्टाचार करने लगे हैं।

मतदाताओं की यह सोच आम आदमी पार्टी के खिलाफ गई और उसे चुनाव में करारी पराजय झेलनी पड़ी। दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार मतदाताओं ने दलबदलुओं को भी उनकी औकात दिखा दी। 24 दलबदलू नेता भाजपा, आप व कांग्रेस पार्टी से टिकट प्राप्त कर चुनाव मैदान में उतरे थे। जिनमें 9 नेता ही चुनाव जीत सके। बाकी 15 प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा। दलबदलुओं में 6 भाजपा के चुनाव चिह्न व 3 आप के चुनाव चिह्न पर जीते। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल के मुकाबले भाजपा ने किसी स्थानीय नेता की बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि पर चुनाव लड़ा और जीता। दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के बाद भाजपा कार्यकर्ता उत्साह से लबरेज हैं।

चुनाव नतीजे के बाद भाजपा ने राजस्थान में कैबिनेट मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा व हरियाणा में कैबिनेट मंत्री अनिल विज को उनके पार्टी विरोधी बयानों पर कारण बताओ नोटिस जारी कर यह जता दिया कि भाजपा में अनुशासन की लक्ष्मण रेखा पार करने का किसी को भी अधिकार नहीं है। चाहे वह कितना ही बड़ा नेता क्यों ना हो। यदि कोई पार्टी का अनुशासन तोड़ेगा तो उसके खिलाफ कार्यवाही होगी। कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में लगातार जीतने से जहां भाजपा नेताओं का मनोबल बढ़ा हुआ है। वहीं, इंडी गठबंधन में आपसी आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। यदि विपक्षी दलों में खींचतान बढ़ती है तो आगे आने वाले विधानसभा चुनावों में उसका फायदा भी भाजपा को ही मिलना सुनिश्चित लग रहा है।

# शिन्देशाही से महाराष्ट्र में नयी रार

**राकेश अचल**

शिन्देशाही का मामला हालांकि महाराष्ट्र का है लेकिन ये हमारे शहर ग्वालियर से भी जुड़ा है इसलिए मैं इसकी अनदेखी नहीं कर सकता। ग्वालियर में शिंदे यानि सिंधिया शासन की नीव रखने वाले महान योद्धा महादजी सिंधिया के नाम पर महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को महादजी शिंदे राष्ट्र गौरव पुरस्कार देने और एनसीपी के सुप्रीमो शरद पंवार द्वारा एकनाथ की तारीफ करने से महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर उबाल आ गया है। एकनाथ शिंदे महारष्ट्र के बिभीषण हैं। उन्होंने भाजपा के साथ मिलकर सत्ता हासिल करने के लिए शिवसेना से बगावत कर एक नई शिव सेना बना ली थी। उन्होंने महाराष्ट्र विकास अगाडी की सरकार का तख्ता पलटने में मुख्य भूमिका निभाई थी, उन्हीं एकनाथ को सम्मानित करने के लिए आयोजित समारोह में शरद पंवार की मौजूदगी ही नहीं बल्कि उनके द्वारा शिंदे के कसीदे काढ़ना महाराष्ट्र विकास अघाड़ी के सहयोगियों को रास नहीं आया और शिवसेना [उद्धव ठाकरे गुट] ने पंवार को आड़े हाथ ले लिया। आपको बता दूँ कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को मंगलवार को न्यू महाराष्ट्र सदन में महादजी शिंदे राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार प्रदान किया गया। पुणे स्थित सरहद संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एनसीपी (एसपी) नेता शरद पवार ने शिंदे को पुरस्कार प्रदान किया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी मौजूद रहे, क्योंकि महादजी शिंदे उनके पूर्वज थे। शिवसेना-यूबीटी सांसद संजय राउत ने कहा कि शरद पवार को ऐसे कार्यक्रम में शामिल नहीं होना चाहिए क्योंकि शिंदे ने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली एमवीए की सरकार गिरा दी थी। राजनीति में कुछ चीजों से बचना होता है। जिसे हम महाराष्ट्र का दुश्मन समझते हैं उसे ऐसा सम्मान देना, महाराष्ट्र के गौरव पर आघात है। राउत के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए एनसीपी-एसपी के सांसद अमोल कोल्हे ने कहा कि -राउत अपनी निजी राय जाहिर कर सकते हैं। यह अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन का हिस्सा था। उन्होंने कहा, पंवार साहब ने स्टेट्समैनशिप को दिखाया है जहां हर चीज में कोई राजनीति को नहीं लाता। मुझे नहीं लगता कि इसमें कुछ गलत है। वह कार्यक्रम में अध्यक्ष थे। इस विवाद के पीछे राजनितिक षड्यंत्र देखा जा रहा है। समझा जा रहा है कि इस कार्यक्रम के बहाने भाजपा हाईकमान ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंदिया के जरिये शरद पंवार को भाजपा में लाने की कोशिश की जा रही है। सिंधिया भाजपा के पुराने बिभीषण है। सिंधिया 2020 में मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार गिरा चुके हैं। उनके इसी कौशल के चलते उन्हें महाराष्ट्र में मराठी कार्ड खेलकर शरद पंवार को भाजपा में लाने की जिम्मेदार दी गयी है।

आपको याद होगा कि शरद पंवार की आधी पार्टी को उनके भतीजे अजित पंवार पहले ही भाजपा के साथ जोड़ चुके हैं। शरद पंवार अब अकेले पड़ गए हैं और उन्हें अपनी बेटी सुप्रिया के राजनीतिक भविष्य की चिंता सता रही है। माना जाता है की वे अपने जीते जी सुप्रिया का राजनितिक भविष्य सुरक्षित करने के लिए भाजपा से गठजोड़ कर सकते हैं ,अर्थात जिस महाराष्ट्र विकास अघाड़ी को उन्होंने ही बनाया था उसे वे तोड़ सकते हैं। अभी लोकसभा में शरद पंवार गुट के दोनों सदनों में कुल 5 सांसद हैं। महाराष्ट्र विधानसभा में भी अब पंवार गुट के कुल 10 विधायक बचे हैं। मजे की बात ये है कि भाजपा को महाराष्ट्र की सत्ता में बने रहने के लिए शरद पंवार की जरूरत नहीं है, भाजपा तो महाराष्ट्र में विपक्ष को नेस्तनाबूद करने के लिए पंवार को अपने साथ रखना चाहती है ताकि विपक्षी गठबंधन महाराष्ट्र विकास अघाड़ी पूरी तरह बिखर जाये। हालांकि लोकसभा और राजयसभा में पंवार के 5 सांसद भाजपा के काम के हैं। आपको याद होगा कि महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव में भाजपा मविअ की कमर पहले ही तोड़ चुकी है। शरद पंवार ने इस दिशा में पहला कदम तो आगे बढ़ा ही दिया है। उन्होंने उन एकनाथ शिंदे की तारीफ में कसीदे पढ़ दिए जो महाराष्ट्र विकास अघाड़ी के दुश्मन नंबर एक हैं। उद्धव ठाकरे गुट ने तो पंवार की इस हरकत पर फौरन प्रतिक्रिया दे ही दी ,लेकिन कांग्रेस मौन है। कांग्रेस का मौन भी संकेत देता है की पंवार साहब की हरकत कांग्रेस को भी रास नहीं आयी।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया इस बार पहली बार महाराष्ट्र के लम्बे दौरे पर भी गए थे। वे जबसे भाजपा में आये हैं मराठी गौरव के रूप में महादजी सिंधिया के नाम का इस्तेमाल कर रहे हैं। अपने गृहनगर में भी उन्होंने महादजी सिंधिया स्मारक को नयी सजधज देने के लिए स्मार्ट सिटी परियोजना का पैसा खर्च कराया है। आजाद भारत में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी राजवंश के प्रतीक चिन्हो को दोबारा से सार्वजनिक स्थलों पर प्रतिष्ठित करने की कोशिश की गयी। अब महादजी का नाम महारष्ट्र की राजनीती में खटास पैदा करने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। जानकारों का मानना है कि यदि महादजी शिंदे के नाम का पुरस्कार देने के लिए एकनाथ को न चुना जाता तो शायद ये विवाद भी न होता, लेकिन जानबूझकर एकनाथ को ये सम्मान दिया गया।

एकनाथ शिंदे महादजी शिंदे के गौत्र से हैं या नहीं ये भगवान जाने? लेकिन उनके नाम के आगे शिंदे लगा है। दूसरी बात ये है कि ये सम्मान महाराष्ट्र साहित्य सम्मेलन का था। यहां सम्मान लिए राजनीतिक व्यक्ति को क्यों चुना गया? क्या ये पुरस्कार केवल शिंदे लोगों के लिए ही सृजित किया गया था? पांच लाख का ये पुरस्कार आजतक ग्वालियर में किसी को नहीं दिया गया। बहरहाल अब देखना है कि क्या ज्योतिरादित्य सिंधिया के पूर्वज महाराष्ट्र की सियासत में भाजपा के किसी काम आ सकते हैं या उनके नाम के इस्तेमाल से मराठा समाज में इसकी गलत प्रतिक्रिया होती है।

# ब्रह्माकुमारीज परमात्मा को लिखती है प्रेम की पाती!


डॉ श्रीगोपाल नारसन

**14 फरवरी (वेलेंटाइन डे पर विशेष)**

भले ही वेलेंटाइन डे जवां दिलो की धड़कन को एहसास करने का पर्व हो, लेकिन अध्यात्म के प्रति समर्पित ब्रह्माकुमारीज भाई बहने केवल और केवल परमात्मा को अपना साजन या फिर सजनी मानते है और परमात्मा से ही न सिर्फ अपने प्रेम का इजहार करते है, बल्कि उन्ही प्रेम भरी पाती भी लिखते है। संसार भर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय एक मात्र ऐसा संस्थान है जिसका संचालन स्वयं परमात्मा शिव करते है। इस संस्थान से जुड़े भाई बहनों के लिए परमात्मा शिव ही उनके साजन है और परमात्मा ही उनकी सजनियां। तभी तो ब्रह्माकुमारी व ब्रह्माकुमार परमात्मा शिव को ही प्रेमपत्र लिखते है और उन्ही की याद व प्रेम में ठीक उसी तरह खोये रहते है, जैसे श्रीकृष्ण की भक्ति में मीरा खोई रहती थी। वस्तुतः जब से इस संसार मे जीवन है, तब से प्रेम है और प्रेम की अभिव्यक्ति भी तभी से होती रही है। हम कह सकते है, जब मनुष्य ने भाषा को जन्म दिया होगा, क्रियाओं व भावनाओं के लिए शब्दों की उत्तपत्ति की होगी तथा उन शब्दों के लिए लिपि बनाई होगी, तभी से प्रेम पत्रों का चलन भी शुरू हो गया होगा। अपने प्रेम को अभिव्यक्त करने का प्रेम पत्र एक सशक्त माध्यम रहा है। कहते है संसार मे सबसे पहला प्रेम पत्र रुक्मणि ने श्रीकृष्ण को लिखा था, उन्होंने एक पत्र लिखकर अपनी सखी सुंनदा के हाथों श्रीकृष्ण को भिजवाया था। इस तथ्य का उल्लेख भगवतपुराण के 52वें अध्याय में भी आता है। भगवतपुराण श्रीकृष्ण की भक्ति में लिखा गया संस्कृत महाकाव्य है। जिसका रचना सन 800 से 1000 ईस्वी के बीच की गई थी। प्रेम पत्र का दूसरा लिखित प्रमाण प्राचीन मिस्त्र में मिलता है। प्राचीन मिस्त्र की विधवा रानी आनखेसेनामुन ने हिजीत के राजा को प्रेम भरा पत्र लिखकर प्रार्थना की थी कि वह अपने किसी एक पुत्र को मिस्त्र भेज दे और उसका विवाह आनखेसेनामुन के साथ कर दे। प्रेम पत्रों का इतिहास प्राचीन चीन के सांहित्य में भी मिलता है, जिसमे एक चीनी लड़की की इच्छा के विरुद्ध माता-पिता उसका अपनी मर्जी से विवाह तय कर देते हैं तो वह अपने बचपन के दोस्त को एक प्रेम पत्र लिखती है।

इसी प्रकार रोम सांहित्य में भी प्रेम अभिव्यक्तियों से भरे पत्रों के साक्ष्य मिलते हैं। अमेरिका में एक शोध के अनुसार संभवतः दो विश्व युद्धों के समय दुनिया में सबसे ज्यादा प्रेम पत्र लिखे गए थे। लेकिन वर्तमान में प्रेम पत्र लिखने की परम्परा अब समाप्त हो गई है और प्रेम प्रदर्शन का यह तरीका इतिहास बन गया है। प्रेम पत्रों की जगह व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर, मैसेंजर इंस्टाग्राम आदि माध्यमो से प्रेम का इजहार होने लगा है। फिर भी एक दिन के लिए ही सही वेलेंटाइन डे के नाम पर प्यार की अभिव्यक्ति का दिवस आज भी मनाया जा रहा है। अपनी प्रेम भावनाओं को शब्दों में प्रस्तुत करने के लिए इस विशेष अवसर पर हर धड़कते हुए दिल को बेसब्री से इंतजार रहता है। दुनियाभर मे 14 फरवरी को मनाया जाने वाला वेलेंटाइन डे विभिन्न देशों में अलग-अलग तरह से और अलग-अलग विश्वास के साथ मनाया जाता है। पश्चिमी देशों में इस दिन की रौनक शीर्ष पर रहती है, जबकि पूर्वी देशों में इस दिन को मनाने का अलग अंदाज होता है। चीन में यह दिन 'नाइट्स ऑफ सेवेन्स' के रूप में मनाया जाता है,जो प्यार में डूबे लोगो के लिए खास होता है, वहीं जापान व कोरिया में इस पर्व को 'वाइट डे' के नाम से जाना जाता है। इन देशों में इस दिन से पूरे एक महीने तक लोग अपने प्यार का इजहार करते हैं और एक-दूसरे को तोहफे व फूल देकर अपनी भावनाओं को प्रकट करते हैं। पाश्चात्य संस्कृति से जुड़े दुनिया के देशों में पारंपरिक रूप से इस पर्व को मनाने के लिए 'वेलेंटाइन' नाम से प्रेम-पत्रों का आदान प्रदान किया जाता है, साथ में दिल, क्यूपिड, फूलों आदि प्रेम के चिन्हों को उपहार स्वरूप देकर अपनी भावनाओं को प्रदर्शित किया जाता है। 19वीं सदीं में अमेरिका ने इस दिन पर अधिकारिक तौर पर अवकाश घोषित तक कर दिया था।

हर वर्ष लगभग एक बिलियन वेलेंटाइन्स कार्ड उपयोग में आते हैं, जो क्रिसमस के बाद दूसरे सबसे अधिक कार्ड के विक्रय वाला पर्व माना जाता है। वेलेंटाइन-डे मूल रूप से संत वेलेंटाइन के नाम पर मनाया जाता है। सैंट वेलेंटाइन के विषय में विभिन्न मत हैं, सन् 1969 में कैथोलिक चर्च ने कुल ग्यारह सेंट वेलेंटाइन के होने की पुष्टि की थी। प्रत्येक वर्ष 14 फरवरी को उनके सम्मान में यह पर्व मनाने की घोषणा की गई थी। इनमें सबसे महत्वपूर्ण वेलेंटाइन रोम के सेंट वेलेंटाइन माने जाते हैं। सन् 1260 में संकलित की गई 'ऑरिया ऑफ जैकोबस डी वॉराजिन' नामक पुस्तक में सेंट वेलेंटाइन का वर्णन मिलता है। इसके अनुसार रोम में तीसरी शताब्दी में सम्राट क्लॉडियस का शासन था। उसके अनुसार विवाह करने से पुरुषों की शक्ति और बुद्धि कम हो जाती है। इसीलिए उसने राजाज्ञा जारी की कि उसका कोई सैनिक या अधिकारी विवाह नहीं करेगा। संत वेलेंटाइन ने इसे क्रूर आदेश मानते हुए इसका विरोध किया। उन्हीं के आह्वान पर अनेक सैनिकों और अधिकारियों ने सम्राट की आज्ञा के विरुद्ध विद्रोह कर विवाह किए। जिससे नाराज होकर क्लॉडियस ने 14 फरवरी सन् 269 को संत वेलेंटाइन को फांसी पर चढ़वा दिया। तब से उनकी स्मृति में प्रेम दिवस मनाया जाने लगा। सेंट वेलेंटाइन ने अपनी मृत्यु के समय जेलर की नेत्रहीन बेटी जैकोबस को नेत्रदान किया व जेकोबस को एक पत्र लिखा, जिसमें अंत में उन्होंने लिखा था 'तुम्हारा वेलेंटाइन'। उस दिन 14 फरवरी थी, जिसे बाद में इस संत के नाम से यह पर्व मनाया जाने लगा। इस पर्व के एक सप्ताह पहले से विशेष दिन मनाने की परंपरा चली आ रही है। प्यार के खूबसूरत हफ्ते की शुरुआत 7 फरवरी के दिन से होती है। इस दिन आप जिससे प्यार करते हैं उन्हें गुलाब का फूल देकर अपनी भावनाओं से अवगत करवा सकते हैं। प्यार करने वाले जोड़े एक-दूसरे को लाल गुलाब देना पसंद करते हैं।

दूसरा दिन प्रपोज डे का होता है। इस दिन प्रेमी जोड़ा एक-दूसरे को प्रपोज करता है। वहीं आप चाहें तो गुलाब और गिफ्ट के साथ उन्हें प्रपोज करने जा सकते हैं। चॉकलेट तो सभी को पसंद होती है। वहीं लड़कियों को यह सबसे ज्यादा पसंद होती है। प्यार का इजहार करने के लिए चॉकलेट का सहारा लिया जा सकता है, इससे सामने वाले की नाराजगी को पल भर में दूर किया जा सकता है, वहीं अपने रुठे हुए प्रियजनों को इससे मनाया जा सकता है। इस दिन चॉकलेट देने से प्यार बढ़ता है। लड़कियों को टैडी बहुत पसंद होता है। टैडी को पूरी दुनिया में प्यार का प्रतीक माना जाता है। बचपन के साथ ही यह आपकी जवानी के भी साथी होते हैं। वायदे हर रिश्ते की आधारशिला होते हैं। यह आपके हेल्दी रिलेशनशिप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृष :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**मिथुन :** सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**कर्क :** कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगाा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। परिश्रम से ही कार्य सिद्ध होंगे।

**सिंह :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी।

**कन्या :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़े में रुकावट का एहसास होगा। यात्रा को फिलहाल टालें।

**तुला :** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**वृश्चिक :** कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें।

**धनु :** आलस्य का त्याग करें। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। समन्वय बन जाएगा।

**मकर :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**कुंभ :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम से सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### बड़कागांव में दाखिल नामांतरण शुद्धि पत्र वितरण सह लगान रसीद निर्गत शिविर का आयोजन




**बड़कागांव।** सरकार के निर्देशन एवं हजारीबाग जिला प्रशासन के नेतृत्व में जिले के सभी अंचल में भूमि संबंधित निवारण हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इसी आलोक में बड़कागांव प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में अंचलाधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में दाखिल नामांतरण शुद्धि पत्र वितरण सह लगान रसीद निर्गत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 30 दिन से अधिक बिना आपत्ति के लंबित 36 मामलों का निष्पादन करते हुए कुल स्वीकृत 61 वादों की स्वीकृति दी गई। साथ ही 108 रुपया 20 पैसा का लगान वसूली की गई। शिविर को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी ने कहा कि सरकार के निर्देशन एवं जिला प्रशासन के नेतृत्व में इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व में जमा किए गए मामलों का निष्पादन करते हुए शुद्धि पत्र वितरण एवं लगान रसीद निर्गत की जा रही है। साथ ही साथ कई आवेदन भी लिए जा रहे हैं, जिसका निष्पादन समय अवधि के बाद की जाएगी। अंचलाधिकारी ने आगे कहा कि प्रखंड क्षेत्र में बहुत अधिक विवादित मामले आते हैं जिसकी जांच पड़ताल करने की आवश्यकता है। सबसे अधिक विवादित मामले कंपनी के पोषक क्षेत्र से आ रहे हैं। इस परिस्थिति में सही मालिकों को लाभ दिलाने के लिए जांच पड़ताल करना अति आवश्यक है। यही कारण है कि मामलों का निष्पादन करने में थोड़ी विलंब भी होती है। शिविर में अंचल निरीक्षक नवल किशोर प्रसाद, राजस्व कर्मचारी प्रहलाद मांझी, जितेंद्र कुमार दास, मनीष पाठक, नंदकिशोर राम सहित अंचल के कर्मचारी एवं भू-रैयत उपस्थित थे।

### सीकरी में रविदास जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**बड़कागांव।** संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के अवसर पर सीकरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्धघाटन मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू, पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम, अनुज कुमार व उपस्थित अन्य लोगों ने सामूहिक रूप से किया। मौके पर योगेंद्र साहू ने कहा कि संत रविदास जी ईमानदारी के परिचायक हैं। इनके मार्गदर्शन पर चलकर हमें एक बेहतर समाज स्थापित करने की जरूरत है, जहां छल कपट बेईमानी नहीं हो। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष उपेंद्र कुमार व संचालन सचिव तुलसी राम ने किया। मौके पर दर्जनों लोग व अन्य उपस्थित थे।

### झामुमो की बैठक में टेकलाल महतो की जयंती समारोह की तैयारियों पर चर्चा

**विष्णुगढ़।** झामुमो प्रखंड कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी ने की और संचालन प्रखंड सचिव संजय कुमार प्रजापति ने किया। बैठक में 15 फरवरी 2025 को झारखंड आंदोलन के अग्रणी योद्धा, पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक स्व. टेकलाल महतो की 80 वीं जयंती समारोह की तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया। इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी पंचायतों से भारी संख्या में झामुमो कार्यकताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया। इसके अलावा संगठन को मजबूत करने, सदस्यता अभियान तेज करने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में रकीब अंसारी, डालेश्वर यादव, अनंतलाल महतो, बाबू चंद मांझी, सुनील सिंह, विष्णुधारी यादव समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी पंचतत्व में विलीन

### हजारीबाग में गूंजा जब तक सूरज चांद रहेगा कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी का नाम रहेगा

प्रदीप पाठक







**हजारीबाग।** सिख रेजीमेंट रामगढ़ में सलामी देने के बाद शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी का पार्थिव शरीर भारत माता चौक होते हुए प्रातः 9:00 बजे उनके निवास स्थान जुलु पार्क लाया गया जहां दर्शन के लिए जन सैलाब उमड पड़ा। क्या आम, क्या खास सभी ने श्रद्धांजलि दी। हजारीबाग के लाल भारत के वीर सपूत शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी की अंतिम यात्रा पुराना बस स्टैंड से बुढ़वा महादेव आनंद चौक से गुजरते हुए गुरु गोविंद सिंह रोड में सर्वप्रथम गुरुद्वारा पहुंची, जहां गुरुद्वारे में ग्रंथि भाई अमरजीत अरदास किया गया और पुष्प एवं अंग वस्त्र अर्पित किया गया। इसके बाद बागोड़ा चौक झंडा चौक गोटोली चौक से गुजर कर अंतिम यात्रा के दौरान सड़क के किनारे हाथों में फूल लिए जनता पुष्प वर्षा कर रही थी। लोग जय हिन्द, भारत माता की जय के नारे लगा रहे थे।

बस वीर शहीद की एक झलक पाने के लिए बेताब खड़े थे। हर कोई वीर शहीद का दर्शन करना चाह रहा था। उनके चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे थे। हृदय बिदारक स्थिति में उनके परिवार जनों को लोग संबल दे रहे थे।

सिख समाज के सभी लोगों की दुकानें बंद रही। इस दौरान बड़ी संख्या में सिख समाज के सभी लोगों के अलावे विभिन्न धर्म संप्रदाय संगठन, राजनीतिक संगठन, सांस्कृतिक संगठन, सांसद प्रतिनिधि भाजपा व कांग्रेस के कोर कमेटी के लोगों के अलावे हजारीबाग की जनता शामिल रही। अंतिम यात्रा में आर्ष कन्या गुरुकुल के बच्चे व बच्चियां तिरंगे के साथ शामिल हुई। भारत माता की जय का उद्घोष कर रही थी। बड़ी संख्या में सिख समाज की महिलाएं भी अंतिम यात्रा में मुक्तिधाम तक कीर्तन करते हुए जा रही थी। जिले के प्रशासनिक पदाधिकारी, हजारीबाग के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोग सभी उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की। सिख समाज के लोगों ने कहा कि हम सब अमर शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के परिजनों के साथ हैं। वीर शहीदों की कुर्बानियों को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हमें गर्व है ऐसे वीर सपूत पर। अंतिम यात्रा के दौरान हजारीबाग की जनता सड़कों के किनारे पुष्प लेकर पुष्प वर्षा कर रही थी। हर तरफ भारत माता की जय वंदे मातरम का उद्घोष किया जा रहा था। खिरगांव कब्रिस्तान के पास मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बहुत ही मार्मिक देशभक्ति गीत बजाकर वीर शहीद के ऊपर पुष्प वर्षा कर रहे थे।।सिख समुदाय के द्वारा जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के नारों से अंतिम विदाई दी जा रही थी। जब तक सूरज चांद रहेगा वीर करमजीत आपका नाम रहेगा आदि नारा लगा रहे थे।

**उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने शहीद के घर जाकर ससम्मान अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए**

सेना के बहादुर शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के सर्वोच्च बलिदान को सलाम करती हूं, जिन्होंने कर्तव्य की पंक्ति में अपनी प्राण न्योछावर कर दिए।

**उनकी वीरता और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता : उपायुक्त**

उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह मौजूद थे। उपायुक्त ने तिरंगे झंडे में लिपटे शहीद के पार्थिव शरीर के ताबूत के सामने ससम्मान नमन किया। उपायुक्त ने इस मौके पर कहा कि राष्ट्र सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवान कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को सलाम है। पूरे देश को इन वीर जवानों पर गर्व है। जम्मू के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास एलईडी ब्लास्ट में हजारीबाग के वीर जवान कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी शहीद हो गए थे। आज उनकी अंतिम यात्रा में पूरे शहर वासियों ने नम आंखों से विदाई दी। शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी की वीरता को सदैव याद रखा जाएगा।

**उनके सम्मान में हजारीबाग में स्मारक या मार्ग का नामकरण हो यह मेरा प्रयास रहेगा : प्रदीप प्रसाद**

जब शहीद का पार्थिव शरीर हजारीबाग पहुंचा, तो पूरे जिले में शोक और सम्मान का माहौल देखा गया। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शहीद के निवास स्थान, जुलु पार्क पहुंचकर शोक-संतप्त परिवार से मुलाकात की और इस कठिन समय में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। विधायक ने नम आंखों से कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी ने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनका बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणा है। भारत माता के इस वीर सपूत को कोटि-कोटि नमन। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम उनके परिवार को हर संभव सहयोग प्रदान करें। शहीद के पार्थिव शरीर को उनके निवास स्थान पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया, जहां हजारों की संख्या में आमजन, समाजसेवी और युवा शामिल हुए। विधायक प्रदीप प्रसाद ने अंतिम यात्रा में भाग लिया। पूरे रास्ते गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा। भारत माता की जय, शहीद कैप्टन करमजीत सिंह अमर रहें, जब तक सूरज चांद रहेगा, करमजीत तेरा नाम रहेगा हर आँखें नम थी, लेकिन गर्व से भरी हुई थी कि हजारीबाग की मिट्टी के इस वीर ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

**शहीद परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन**

विधायक प्रदीप प्रसाद ने शहीद के पिता अजिंदर सिंह बक्शी और उनके परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और भरोसा दिलाया कि राज्य और केंद्र सरकार से हर संभव सहायता दिलाने के लिए वे पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

शहीदों का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाता। हम सबको गर्व है कि झारखंड की धरती ने ऐसे वीर सपूत को जन्म दिया। हजारीबाग की माटी इस बलिदान को कभी नहीं भूलेगी। सरकार और समाज की ओर से शहीद परिवार को हर संभव मदद मिलेगी।

**विधायक प्रदीप प्रसाद ने झारखंड सरकार से मांगें रखीं :** कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी जी के नाम पर हजारीबाग में एक स्मारक या मार्ग का नामकरण किया जाए,परिवार को समुचित आर्थिक सहायता दी जाए। शहीद के परिजनों को सरकारी नौकरी में प्राथमिकता दी जाए।।कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी जी का यह बलिदान भारत की सुरक्षा में उनके अतुलनीय योगदान को दशार्ता है। उनकी वीरता और समर्पण की गाथा सदियों तक प्रेरणा देती रहेगी। हम भगवान से प्रार्थना करते हैं कि उनकी आत्मा को शांति मिले और उनके परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान हो।

**शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के अंतिम विदाई में हजारीबाग में उमड़ा जनसैलाब**

शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के अंतिम विदाई में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सुपुत्र करण जायसवाल भी शामिल हुए और उनके शव यात्रा के साथ रहें। शहर के ग्वालटोली चौक चौक पर करण जायसवाल की अगुवाई में समाजसेवी कुमार यादव, राजेश यादव, रवि यादव, अमित सिंह,आदित्य रंजन, रवि कांत, गौतम सोनकर, विकास यादव , रोहित यादव, शंभु यादव, कुणाल कुमार उर्फ. कन्नू सहित दर्जनों लोगों ने हाथों में तिरंगा झंडा लहराते हुए और शव यात्रा में पुष्प वर्षा कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल के पुत्र करण जायसवाल ने बताया कि कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी मेरे मित्र थे। उनका शहादत हमारे लिए व्यक्तिगत क्षति है। लेकिन उससे अधिक गर्व की बात है कि उन्होंने अपने मातृभूमि की रक्षा हेतु सर्वोच्च बलिदान देकर हजारीबाग का मान बढ़ाया। उन्होंने कहा कि कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के अंतिम विदाई में सम्मान स्वरूप हजारीबाग लोकसभा वासियों ने जो राष्ट्रप्रेम और शहीद के प्रति सम्मान प्रदर्शित किया है वह अद्भुत और अतुलनीय है। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक सूरज चाँद रहेगा, शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी का नाम रहेगा। वे अमर है और रहेंगे। हमारे दिलों में हमेशा उनकी यादें जिंदा रहेगी।

**शहीद करमजीत का सेना में भर्ती होने के जूनून को लोग सदा याद रखेंगे : विकास राणा**

झारखण्ड मुक्ति मोर्चा नेता सह विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर के अखनूर में हुए आईईडी ब्लास्ट में सेना के 2 जवानों के शहीद होने की खबर है। इस घटना में हजारीबाग के लाल कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी वीरगति को प्राप्त हो गए। हजारीबाग के लिए अत्यंत दुःखद खबर है। हजारीबाग की जनता ने नम आखों से आज उनकी बिदाई दी। इस दुःख की घड़ी में भगवान उनके माता पिता, उनके परिजनों को सहन शक्ति प्रदान करे।।भगवान वीर सपूत की आत्मा को शांति दें।आज पूरा हजारीबाग एकजुट होकर आपके साथ खड़ा है।।झारखण्ड मुक्ति मोर्चा नेता सह विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने कहा कि शहीद करमजीत सिंह बख्शी में सेना में जाने के जूनून को लोग सदा याद रखेंगे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली में स्नेह मिलन समारोह का हुआ आयोजन

संवाददाता



**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग में कक्षा 11 वीं के द्वारा कक्षा 12 वीं के भैया-बहनों के लिए स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आचार्य बंधु-भगिनी सहित कक्षा एकादश एवं द्वादश के भैया- बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माता सरस्वती वंदना के साथ हुआ। जिसमें समिति के अध्यक्ष डॉ० प्रदीप कुमार सिंह, सचिव डॉ० जयप्रकाश आनंद, विभाग निरीक्षक ओमप्रकाश सिंहा व विद्यालय के प्राचार्य सह प्रवासी कार्यकर्ता ब्रजेशकुमार सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन, पुष्पार्चन एवं माता सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

स्नेह मिलन कार्यक्रम में स्वागत गीत, विदाई गीत, अनुभव कथन जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर कक्षा द्वादश की बहन आदित्य आर्यन, सुनामी एवं नियति ने विद्यालय में बिताए गए अपने समय और अनुभव को एक दूसरे से साझा किया। भैया- बहनों ने कहा कि हम लोग भाग्यशाली है कि ऐसे संस्थान में हमने अपनी पढ़ाई पूरी की, जहां हमें भविष्य के लिए एक अच्छी नीव प्रदान की गई। मौके पर समिति के अध्यक्ष, डॉ० प्रदीप कुमार सिंह ने भैया- बहनों को उनके आगामी जीवन की शुभकामनाएं देते हुए कहा आप सभी पढ़ लिख कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। आप सभी अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रौशन करेंगे। विद्यालय में दी गई संस्कार युक्त शिक्षा एवं अनुशासन का पालन करते हुए राष्ट्रधर्म का निर्वहन करेंगे।

मौके पर विद्यालय के सचिव, डॉ० जयप्रकाश आनंद ने कहा कि हमारी संस्था में विदाई जैसा कोई शब्द नहीं होता और हम अपने भैया- बहनों को विदा नहीं करते। हम उन्हें उच्च और उच्चतर शिक्षा के लिए उन्हें यहां से विदा करते हैं। यह विद्यालय समाज का है और भैया- बहन भी समाज के है इस कारण उनका जुड़ाव आजीवन होता है। मौके पर विभाग निरीक्षक ओमप्रकाश सिंहा ने आगामी भविष्य की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने कहा कि भैया- बहन आपका विद्यालय में बिताया गया समय अविस्मरणीय है और आजीवन अविस्मरणीय बना रहता है। उन्होंने कहा कि हम आप सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। कार्यक्रम में अतिथियों का परिचय प्रभारी आचार्य अनिल कुमार ने एवं मंच संचालन मनिका दीदी जी ने किया। मौके पर कक्षा एकादश एवं द्वादश के भैया-बहन एवं आचार्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने तकनीकी विभाग की समीक्षा बैठक की



संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में गुरुवार को कार्यालय सभागार में तकनीकी विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विशेष प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल, लघु सिंचाई, विद्युत, भवन निर्माण सहित अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई।उपायुक्त ने लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए और विशेष रूप से हॉस्पिटल, स्कूल, आंगनबाड़ी के कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने डीएमएफटी और मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना की भी समीक्षा की और सभी अधिकारियों को टेंडर हुए कार्यों को जल्द शुरू करने को कहा। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी विभागीय पदाधिकारी अपने अधीनस्थ ठेकेदारों के साथ बैठक कर क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा करें और धीमी प्रगति वाले कार्यों की रिपोर्ट दें। उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और अपूर्ण योजनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**हजारीबाग** उपायुक्त के साथ त्रिपक्षीय वार्ता में रैयत शामिल नहीं थे

## उक्त त्रिपक्षीय वार्ता का युवा विस्थापित मोर्चा ने किया खंडन

संवाददाता



**हजारीबाग।** 10 फरवरी को हजारीबाग समाहरणालय कार्यालय में उपायुक्त के साथ त्रिपक्षीय वार्ता में कोई भी ग्रामीण उपस्थित नहीं हुए थे। जो भी ग्रामीण उपस्थित थे वह सिर्फ पार्टी कार्यकर्ता के रूप में थे। जबकि खबर में ग्रामीणों के साथ त्रिपक्षीय वार्ता की खबर छपवाकर भ्रम फैलाई जा रही है। कट ऑफ डेट का मुद्दा युवा विस्थापित मोर्चा द्वारा उठाई जा रही है। इस मुद्दे को भुनाने के लिए जनप्रतिनिधियों में होड़ मच गई है। उक्त बातें युवा विस्थापित मोर्चा जुगरा, आराहरा, चेपाकला के बैनर तले सदस्यों ने आज बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन सभागार में प्रेस कांफ्रेंस में कही। मोर्चा के सदस्यों ने आगे कहा कि जिला प्रशासन एनटीपीसी के अधिकारी एवं ग्रामीणों के साथ त्रिपक्षीय वार्ता नहीं बल्कि विधायक रौशन लाल चौधरी अपने कार्यकताओं को लेकर बैठक में पहुंचे थे। इस बैठक की सूचना विस्थापित क्षेत्र के ग्रामीणों को नहीं दी गई, जिसके कारण ग्रामीण जिला प्रशासन को समस्याओं से अवगत अच्छे ढंग से नहीं कराया गया। पंचायत के मुखिया बैठक में तो गए लेकिन वह भी समस्याओं की जानकारी के अभाव में जिला प्रशासन को अच्छे ढंग से अवगत नहीं करा पाए। क्योंकि पंचायत के मुखिया कभी भी किसी भी गांव के ग्रामीणों के साथ समस्याओं से अवगत होने का काम नहीं किए हैं।

विस्थापन क्षेत्र का सबसे बड़ी समस्या बेरोजगार युवकों को कट ऑफ डेट के आधार पर रोजगार देने की है। साथ ही साथ गैर गैरमजरुवा भूमि पर कभी भी कोई जनप्रतिनिधि द्वारा कोई बात नहीं हो रही है। सदस्यों ने आगे कहा कि भाजपा सरकार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देती है लेकिन कंपनी शादी हुई लड़कियों को मुआवजा देने के लिए तैयार नहीं है। इस मुद्दा को ना सांसद ना विधायक, कोई भी पटल पर रखने का काम भी नहीं करते हैं। वर्तमान में युवा विस्थापित मोर्चा विस्थापन क्षेत्र में युवा युवतियों का सर्वेक्षण कार्य कर रही है ताकि यह पता चल सके कि वर्तमान समय में कितने युवा युवतियों को परियोजना में रोजगार के साथ विस्थापन दी गई है। साथ ही कितने युवा युवती इस लाभ से वंचित हैं। पुरी आंकड़ा आ जाने के बाद बिना किसी राजनीतिक दल के सहयोग से चरणबद्ध तरीके से धारदार आंदोलन की जाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अमित कुमार गुप्ता, प्यारेलाल साव ,सूरज कुमार, सुमित कुमार, सरोज कुमार, सुभाष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बदहाल है हेठली बोदरा गांव की सड़क, आवागमन करने वालों को होती है भारी परेशानी

संवाददाता



**विष्णुगढ़।** प्रखंड के हेठली बोदरा की सड़कें बदहाल हैं। उपरैली बोदरा स्थित पक्की सड़क को जोड़ने वाली तकरीबन दो किलोमीटर लंबी सड़क बेहद हीं जर्जर और बदहाल स्थिति में है। सड़कों की बदहाली के कारण वाहनों से आवागमन करने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बहरहाल अलपिटो पंचायत के हेठली बोदरा समेत बरांय पंचायत के गांवों के लोगों को विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय को ले जाने वाली सड़कों में सिर्फ गड्ढों की हीं भरमार है, सड़कों में कई जगहों पर से अलकतरे गायब हैं। सड़कों पर गिट्टी बिखरे पड़े हुए हैं, आलम यह है कि सड़क को छोड़ कर साइकिल, बाइक एवं चार पहिया वाहन से आवागमन करने वालों को कच्ची पगडंडियों का सहारा लेना पड़ता है। विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय से छह किलोमीटर की दूरी पर स्थित उपरैली बोदरा में पक्की सड़क है। यहां से हेठली बोदरा को जोड़ने वाली सड़क भी दो किलोमीटर लंबी है। सड़क के कालीकरण का कार्य तकरीबन दस साल पूर्व प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत हुआ था। विभागीय उदासीनता एवं ठीकेदार की लूट-खसोट के कारण सड़क जैसे तैसे बन कर तैयार हुई थी। महज कुछ हीं सालों बाद सड़क उखड़नी शुरू हो गई थी, लेकिन अब यह सड़क चलने लायक भी नहीं है। बता दें कि हेठली बोदरा गांव का प्रखंड मुख्यालय अथवा मुख्य सड़क उपरैली बोदरा से कनेक्टिविटी के लिए यही एक मात्र सड़क माध्यम है। वहीं दूसरा माध्यम हेठली बोदरा से चौथा गांव होते हुए कच्ची सड़क से है। नहर से होकर गुजरी सड़क के हालत भी कुछ अच्छे नहीं हैं। बरसात के दिनों में सड़कें कीचड़ से सन जाती है, लोगों का आवागमन तब इस नहर वाले रास्ते से बेहद हीं दूभर भरा साबित होता है।

## संक्षिप्त खबरें

### 43 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** भारत-नेपाल सीमा से सटे झरौखर थाना पुलिस व एसएसबी 71वीं वाहिनी के जमुनिया कैंप के जवानो ने गुरुवार की सुबह संयुक्त कारवाई करते हुए नेपाल की ओर से आ रही टाटा सफारी में रखे 43 किलों गांजा के साथ एक नेपाली तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया तस्कर नेपाल के रौतहट जिला के मौलापुर थाना क्षेत्र के पिपरिया गांव निवासी लक्ष्मी नारायण साह है। एसएसबी के अधिकारियो ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की नेपाल से झरौखर बॉर्डर होकर तस्कर गांजा लेकर जाने वाले है,जिसके बाद चेक पोस्ट पर चौकसी बढा दी गई। इसी बीच बार्डर के पिलर संख्या 357/3 के निकट उक्त टाटा सफारी गाड़ी को देखा गया,जिसकी तलाशी के दौरान 8 पैकेटो में रखे 43 किलो गांजा के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया गया। झरौखर थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने बताया नेपाली तस्कर द्वारा भारतीय टाटा सफारी गाड़ी संख्या बीआर01 पी बी 0110 से गांजा की खेप घोड़ासहन में किसी को डिलवरी करने जा रहा था।पुलिस उक्त भारतीय नंबर गाड़ी वास्तविक मालिक की पहचान में जुटी है।साथ ही तस्कर के पास से बरामद मोबाइल के कॉल डिटेल से इसके लिंकेज खंगालने में जुटी है।उन्होने बताया कि तस्कर ने कुछ नामो का भी खुलासा किया है,जिसके विरूद्ध छापेमारी की जा रही है।

### दो समुदाय के बीच उत्पन्न हुआ विवाद

**बेतिया।** बेतिया पुलिस जिला के जगदीशपुर थाना इलाका में जमुनिया पंचायत के वार्ड नम्बर 6 में गुरुवार की सुबह दो समुदायों के बिच आपस में विवाद उत्पन्न हो गया. पुलिस ने एक को हिरासत में लेकर पुछताछ शुरू कर दिया है। मामले की भनक लगते ही घटनास्थल पर एसडीपीओ 2 रजनीकांत प्रियदर्शी ,अंचलाधिकारी अजीत कुमार झा ,जगदीशपुर थाना अध्यक्ष राहुल कुमार दलबल के साथ पहुंचकर दोनों समुदाय के लोगों को बैठाकर मामले को शांत कराया। एसडीपीओ रजनीशकांत प्रियदर्शी ने बताया घटनास्थल पर पहुंचकर मामले में बालेश्वर पटेल का 22 वर्षीय पुत्र शुभम कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है,व घटनास्थल पर पुलिस बलों की तैनाती कर दी गई है। घटना पर पुलिस पल-पल अपनी नजर बनाई हुई है। फिल्हाल घटनास्थल पर शांति व्यवस्था कायम है . मामले को शांत कराने में मुखिया बसंत साह, सरपंच कैमुल्लाह अंसारी,वार्ड सदस्य पारस ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का सराहनीय सहयोग रहा ।

### सरोजिनी नायडू की जयंती मनायी गई

**अररिया।** फारबिसगंज के तिरसकुंड के प्राथमिक विद्यालय आदिवासी टोला मधुरा में स्वर कोकिला सरोजिनी नायडू की जयंती राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में गुरुवार को धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि देकर कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। मौके पर प्रधानाध्यापक कुमार राजीव रंजन एवं सहायक शिक्षक रिंकू कुमार पासवान ने बच्चों को उनकी जीवनी के बारे में बताया। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर चर्चा करते हुए बताया गया कि उन्होंने महात्मा गांधी और गोखले से मिलकर भारत छोड़ो आंदोलन और सत्याग्रह आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग ली और जेल का सफर भी तय की। अपनी कविता को ऐसी सुरीली आवाज में सुनाती थी कि महात्मा गांधी ने उन्हें भारत की कोकिला के नाम की उपाधि प्रदान की। इस तरह उनको स्वर कोकिला के नाम से भी जाने जाने लगा।कार्यक्रम में पोषक क्षेत्र के दर्जनों महिलाएं एवं सैकड़ो बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम को सामुदायिक पंडित शिबू हेब्रम, अभिभावक वेटका मुर्मू,शैला हेब्रम ने भी संबोधित किया।

### 27वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व मंत्री शीतल प्रसाद गुप्ता,दी गई श्रद्धांजलि

**अररिया ।** फारबिसगंज में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री स्व. शीतल प्रसाद गुप्ता की 27 वीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। प्रखंड एवं नगर कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में कांग्रेस के नेता शेखर सुमन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस,राजद सहित अन्य दलों के नेता कार्यकर्ता सहित शहर के गणमान्य लोगों ने भाग लिया और उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि देनेवालों में राजद जिलाध्यक्ष मनीष यादव,कांग्रेस के पूर्व जिलाअध्यक्ष सह अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा सहित आबादी संख्या में शहर के गणमान्य लोग मौजूद थे।

### जोगबनी से महाकुंभ के लिए मिली स्पेशल ट्रेन

**अररिया।** जोगबनी से आनंद विहार जाने वाली सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन में महाकुंभ को लेकर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ और लगातार इस ट्रेन में तोड़फोड़ को लेकर पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने महाकुंभ के लिए एक स्पेशल ट्रेन की घोषणा की है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के द्वारा जोगबनी-टुंडला-जोगबनी विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। 05718 जोगबनी-टुंडला शुक्रवार को 18:40 में जोगबनी से खुलेगी और फारबिसगंज, अररिया, अररिया कोर्ट, पूर्णिया, कटिहार, नवगछिया, खगड़िया, बेगूसराय, पाटलिपुत्र, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, मिर्जापुर, प्रयागराज,फतेहपुर,गोविंदपुरी,इटावा होते हुए शनिवार को टुंडला 19:00 बजे पहुंचेगी। फिर यही ट्रेन 05717 टुंडला से रविवार को 21:40 में खुलकर जोगबनी मंगलवार को 2:20 मिनट में पहुंचेगी। 22 आईसीएफ कोच वाले इस ट्रेन का परिचालन महाकुंभ मेले के दौरान अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए परिचालित की गई है।ट्रेन का परिचालन केवल एक फेरे के लिए है। अररिया सांसद प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि लगातार महाकुंभ को लेकर स्पेशल ट्रेन की मांग हो रही थी।जोगबनी कटिहार से चलने वाली अन्य ट्रेनों पर भीड़ का काफी अत्यधिक दबाव था,जिसको लेकर रेल मंत्री से मुलाकात कर स्पेशल ट्रेन परिचालन करने की मांग की गई थी,जिसके आलोक में रेलवे की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर यह स्पेशल ट्रेन चलाई गई है।

# ममता और अभिषेक के बयानों में विरोधाभास



एजेंसी

**कोलकाता।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) की हार के कारणों को लेकर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के दो शीर्ष नेताओं ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के बयानों में विरोधाभास सामने आए हैं। जहां ममता बनर्जी ने कांग्रेस और 'आप' के बीच तालमेल की कमी को हार की वजह बताया, वहीं अभिषेक बनर्जी ने इस तर्क से असहमति जताई। उनका कहना है कि भले ही 'आप' और कांग्रेस का गठबंधन होता, फिर भी भाजपा की जीत को पूरी तरह नहीं रोका जा सकता था।

टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने गुरुवार को अपने लोकसभा क्षेत्र डायमंड हार्बर के सातगाछिया में एक शिविर के दौरान दिल्ली चुनाव पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, अगर 'आप' और कांग्रेस गठबंधन करते, तो महज चार-पांच सीटों पर फर्क पड़ता। इससे ज्यादा कुछ नहीं। असली मुद्दा यह था कि दिल्ली की जनता बदलाव चाहती थी, और लोकतंत्र में जनता का मत ही सर्वोपरि होता है।उल्लेखनीय है कि 27 साल बाद भाजपा ने दिल्ली की सत्ता में वापसी की है। 70 सीटों में से भाजपा ने 48 सीटें जीतीं, जबकि 'आप' 22 सीटों पर सिमट गई। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली। चुनाव परिणाम आने के बाद ममता बनर्जी ने कहा था कि अगर कांग्रेस 'आप' के साथ गठबंधन करती, तो यह परिणाम नहीं आता। उन्होंने हरियाणा चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां 'आप' ने कांग्रेस के साथ जो किया, वही कांग्रेस ने दिल्ली में 'आप' के साथ किया।

अभिषेक बनर्जी ने 'आप' की हार के लिए भाजपा की प्रचार रणनीति को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, भाजपा झूठे प्रचार में माहिर है। लेकिन 'आप' उनके खिलाफ प्रभावी जवाब जनता तक नहीं पहुंचा सकी। यही उसकी सबसे बड़ी गलती रही। उन्होंने पश्चिम बंगाल का उदाहरण देते हुए कहा, यहां भी भाजपा ने यही कोशिश की थी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पैसा दे रही है, लेकिन टीएमसी उसे जनता तक नहीं पहुंचा रही। हमने इसका करारा जवाब दिया और कहा कि अगर केंद्र सरकार ने पैसा दिया है, तो श्वेत पत्र जारी करे। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।

अभिषेक ने आगे कहा कि 2023 में जब केंद्र ने बंगाल को मनरेगा योजना के तहत बकाया पैसा नहीं दिया, तब टीएमसी ने दिल्ली जाकर आंदोलन किया और 50 लाख लोगों के हस्ताक्षर जुटाए। लोकसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार ने अपने कोष से 59 लाख लोगों को मनरेगा का बकाया भुगतान किया। टीएमसी का नारा था–मोदी ले रहा है, दीदी दे रही है। दिल्ली और हरियाणा में गठबंधन न होने के लिए कांग्रेस और 'आप' को दोषी ठहराने वाली ममता बनर्जी ने साफ कर दिया है कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी अकेले चुनाव लड़ेगी। अभिषेक ने भी इसकी पुष्टि करते हुए कहा, दीदी पहले ही कह चुकी हैं कि टीएमसी अकेले लड़ेगी और दो-तिहाई बहुमत से सत्ता में वापसी करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि टीएमसी 'इंडी' गठबंधन में राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष को मजबूत करने के लिए शामिल है, लेकिन अगर बंगाल में सीटों के बंटवारे को लेकर सहमति नहीं बनी, तो टीएमसी बिना किसी गठबंधन के लड़ेगी। हम अकेले चुनाव लड़ते हैं और जीतते भी हैं, अभिषेक ने आत्मविश्वास के साथ कहा।

# हॉस्टल में मेडिकल छात्र की रहस्यमय परिस्थितियों में मौत, जांच में जुटी पुलिस



एजेंसी

**कोलकाता।** कूचबिहार मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में एक डॉक्टरी छात्र का झुलता हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान 27 वर्षीय किशन कुमार के रूप में हुई है, जो बिहार का रहने वाला था। शुरूआती जांच में पुलिस का अनुमान है कि प्रेम संबंध टूटने से तनाव में आकर उसने आत्महत्या कर ली।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, बुधवार रात 12 बजे के बाद जब किशन ने अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोला तो उसके साथी छात्रों ने कॉलेज के प्रधानाचार्य निर्मल कुमार मंडल को सूचना दी। इसके बाद दरवाजा तोड़कर देखा गया तो किशन का शव फंदे से लटका हुआ मिला।

प्रधानाचार्य ने बताया, रात 12 बजे के बाद मुझे हॉस्टल से फोन आया। जब कमरा खोला गया तो किशन मृत पाया गया। वह इंटर्न था और उसका साढ़े चार साल का कोर्स पूरा हो चुका था। कुछ ही दिनों में उसे सर्टिफिकेट मिलने वाला था। घटना की जानकारी मिलते ही मैंने अस्पताल के अधीक्षक और पुलिस को सूचना दी। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि किशन के शरीर पर किसी तरह की चोट के निशान नहीं मिले हैं। जिस कमरे में शव मिला, उसे सील कर दिया गया है। कूचबिहार के पुलिस अधीक्षक द्युतिमान भट्टाचार्य ने बताया, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मृतक प्रेम संबंधों को लेकर मानसिक तनाव में था।

फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

लक्ष्य विकास परियोजनाओं का कार्यान्वयन

# उत्तर बंगाल की नगर पालिकाओं के लिए 52 करोड़ का आवंटन




एजेंसी

**जलपाईगुड़ी।** राज्य लोक निर्माण और शहरी विकास विभाग ने विभिन्न विकास परियोजनाओं पर काम करने के लिए उत्तर बंगाल की 15 नगर पालिकाओं और सिलीगुड़ी नगर निगम को पहली किस्त में 52 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। यह धनराशि राज्य के बजट से पहले 15वें वित्त आयोग की अनटाइड और बंधित निधि की पहली किस्त में आवंटित की गई है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, नगर पालिकाएं अनटाइड फंड के रुपए का उपयोग सड़क निर्माण और नवीकरण, स्ट्रीट लाइट, फुटपाथ निर्माण, छोटी वस्तुओं से फर्नीचर की खरीद, पुराने बिलों के निपटान और जल परियोजनाओं के लिए कर सकती हैं। बंधित निधि के रुपए का उपयोग विशिष्ट क्षेत्रों जैसे स्वच्छता परियोजनाओं, स्वच्छ परियोजनाओं में शौचालयों के निर्माण और शुद्ध पेयजल परियोजनाओं में किया जा सकता है। लोक निर्माण एवं शहरी विकास विभाग के सूत्रों के अनुसार, उत्तर बंगाल में सिलीगुड़ी नगर निगम को सबसे अधिक 17.5 करोड़ रुपया मिले है। अलीपुरद्वार नगर पालिका दो करोड़ 66 लाख, बालुरघाट 4.5 करोड़, दालखोला एक करोड़ 80 लाख, दार्जिलिंग चार करोड़, इंग्लिशबाजार 6.5 करोड़, गंगारामपुर 2.5 करोड़, हल्दीबाड़ी 65 लाख, इस्लामपुर दो करोड़ 30 लाख, कालियागंज दो करोड़ 10 लाख, कूचबिहार दो करोड़ 62 लाख,माथाभांगा को 86 लाख, मेखलीगंज को 57 लाख, मयनागुड़ी को 1.80 लाख रुपये और फालाकाटा को दो करोड़ 45 लाख रुपये पहली किस्त के रूप में आवंटित किये गये हैं।

नक्सलियों ने की थी खेती

# 40 करोड़ अफीम की फसल को पुलिस ने किया नष्ट



एजेंसी

**नवादा।** नवादा जिले के रजौली क्षेत्र के सवैयाटांड़ पंचायत के पेल्मो जंगल में गुरुवार को बड़े पैमाने पर हो रहे अफीम की खेती को रजौली पुलिस और वन विभाग की टीम ने नष्ट कर दिया है, जिसकी कीमत 40 करोड़ बताई जा रही है।

सूचना मिली कि नक्सलियों ने हथियार खरीदने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर अफीम की खेती की थी ।संयुक्त कार्रवाई कर लगभग एक एकड़ में लहलहाते अफीम की फसल को विनष्ट किया गया।

थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि घने जंगल और दुर्गम रास्तों को पार करते हुए अफीम फसल को नष्ट के लिए टीम ने यह सफलता पाया है।जंगल में बरसाती नालों के पास एवं छोटी पहाड़ी की घाटियों के बीच छुपी हुई । जमीन पर लगी अफीम की फसल लगभग तैयार हालत में थी,जिसे नष्ट किया गया है।छापेमारी करने के दौरान में एक व्यक्ति को भी हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है।

**क्या कहते हैं,एसपी**

नवादा एसपी अभिनव धीमान ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर सवैयाटाड़ पंचायत के पेल्मों के जंगल में लगे एक एकड़ में लगी अफीम को फसल को नष्ट किया गया है।छापेमारी करने के क्रम में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है।जिससे पूछताछ की जा रही है।अफीम की फसल तैयार करने वालों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कैंसर से बचाव को लेकर टीकाकरण अभियान प्रारंभ

भागलपुर। जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल मायागंज अस्पताल के ओपीडी परिसर में गुरुवार को जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने गर्भाशय कैंसर से बचाव को लेकर टीकाकरण अभियान का प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर हेमशंकर, जिला प्रतिरक्षक पदाधिकारी डॉक्टर धनंजय कुमार सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।इस मौके पर बताया गया कि 450 डोज टीका की आपूर्ति की गई है। जिला स्वास्थ्य समिति ने इससे संबंधित सूची भी जारी कर दी है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना के तहत जिले के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्रों को गर्भाशय के मुंह यानी सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा के लिए निशुल्क एचपीवी टीका पड़ेगा।

# बंगाल विधानसभा में तृणमूल के 118 विधायकों ने नहीं लिया किसी भी चर्चा में हिस्सा, सक्रिय करने की तैयारी में पार्टी




एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की विधानसभा में 118 तृणमूल विधायकों की निष्क्रियता को लेकर पार्टी नेतृत्व ने सख्त रुख अपनाया है। पिछले चार वर्षों में इन विधायकों ने किसी भी चर्चा, प्रश्नोत्तर सत्र, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव या विधेयक पर बहस में भाग नहीं लिया। अब तृणमूल नेतृत्व ने इन विधायकों को सक्रिय करने की जिम्मेदारी वरिष्ठ नेता और संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेव चटर्जी और पार्टी के मुख्य सचेतक निर्मल घोष को सौंपी है।

हाल ही में तृणमूल कांग्रेस की विधानमंडलीय दल की समीक्षा बैठक में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया कि पार्टी के 222 विधायकों में से 118 ने बीते चार सालों में विधानसभा में एक शब्द तक नहीं बोला। इसे लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बजट सत्र के पहले ही दिन विधायकों की बैठक बुलाई थी।

संसद और विधानसभा की राजनीति में निष्क्रिय सदस्यों को मजाक में मूकबधिर स्कूल कहा जाता है। कभी बंगाल के कुछ सांसदों को दिल्ली में इस उपाधि से नवाजा गया था, लेकिन आज बंगाल के कई सांसद लोकसभा और राज्यसभा में मुखर हैं। इसके विपरीत, विधानसभा में तृणमूल विधायकों की चुप्पी पार्टी के लिए असहज स्थिति उत्पन्न कर रही है।2026 में बंगाल में विधानसभा चुनाव होने हैं और पार्टी के पास अपने विधायकों को सक्रिय करने के लिए सिर्फ एक साल का समय है। इसी को ध्यान में रखते हुए तृणमूल नेतृत्व ने निर्णय लिया है कि 118 निष्क्रिय विधायकों को हर हाल में विधानसभा में बोलने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेव चटर्जी ने कहा, हम विधायकों को दंडित नहीं करना चाहते, बल्कि उन्हें सत्र के दौरान सक्रिय करने की जिम्मेदारी लेंगे। बजट सत्र ही नहीं, बल्कि भविष्य में भी सभी विधायकों को चर्चा में भाग लेने के लिए तैयार किया जाएगा। बुधवार को बजट पेश होने के बाद चार दिनों का अंतराल है, जिसमें सोमवार और मंगलवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी और बुधवार-गुरुवार को बजट पर बहस होगी। इस चर्चा के दौरान उन विधायकों को अनिवार्य रूप से बोलने के निर्देश दिए गए हैं, जिन्होंने अब तक विधानसभा में कोई भाषण नहीं दिया।

मुख्य सचेतक निर्मल घोष ने अपने कार्यालय को निर्देश दिया कि इन विधायकों के नाम स्पीकर के पास भेजे जाएं ताकि वे अनिवार्य रूप से चर्चा में भाग लें। तृणमूल संसदीय दल ने पहली बार बोलने वाले विधायकों की सूची भी तैयार कर ली है, जिसमें आमता से सुकांत पाल, बसीरहाट दक्षिण से सप्तर्षि बनर्जी, हरिपाल से करबी मन्ना, चांपदानी से अरिंदम गुइन सहित कई नाम शामिल हैं।

इसके अलावा, उपचुनाव में नवनिर्वाचित विधायकों को भी चर्चा में भाग लेने के लिए कहा गया है। इनमें मेदिनीपुर के विधायक सुजॉय हाजरा, नैहाटी के विधायक सनत डे, तालडांगर के विधायक फाल्गुनी सिंह, हाड़ोआ के विधायक शेख रबीउल इस्लाम और सिताई की विधायक संगीता राय प्रमुख हैं।

# हरियाणा से दुल्हन लेने पहुंचे अधेड़ का दुल्हन को साथ ले जाने का सपना हुआ चकनाचूर,मंडप से जा पहुंचा सीधे थाना



एजेंसी

**अररिया ।** हरियाणा से दुल्हन को लेने पहुंचा दुल्हा का अपने साथ विदा करके दुल्हन को ले जाने का सपना चकनाचूर हो गया। दुल्हा कुसाकांटा सुन्दरनाथ मंदिर से शादी के मंडप से सीधे थाना पहुंच गया। मामला बुधवार की रात कुसाकांटा कुआड़ी थाना क्षेत्र के सुन्दरनाथ मंदिर का। दुल्हन सिकटी के पड़रिया गांव की थी। शादी से पहले की सारी रस्म गांव में पूरी होने के बाद शादी के जोड़े में दुल्हा और दुल्हन सिंदूरदान के लिए सुन्दरनाथ धाम पहुंची थी। हरियाणा के महेंद्रगढ़ से दो लोग सिकटी प्रखंड के पड़रिया गांव शादी करने के लिए पहुंचे। करीब दस दिनों से वे पड़रिया गांव में रुककर ग्रामीणों के साथ शादी के लिए लड़की ढूंढने लगे।काफी खोजबीन के बाद सिकटी थाना क्षेत्र के पहाड़ा चौक कॉलोनी वार्ड संख्या तीन निवासी वार्ड सदस्य विजय सदा के साथ बैंगू मांझी और उनकी पत्नी तारा देवी के पास पहुंचा। लड़की के पिता बैंगु मांझी से उनकी लड़की रितिका की शादी के लिए बातचीत करने लगा। विजय सदा ने उनकी बेटी रीतिका की शादी एक अमीर लड़के से कराने की बात कही। शादी का पूरा खर्च लड़के द्वारा देने की बात कही गई।

कालू चौक पड़रिया से कुछ और लोग भी आए और शादी को लेकर अपनी सहमति दी। लड़की की मां तारा देवी को वार्ड सदस्य ने भरोसा दिया कि कोई दिक्कत नहीं होगी।वार्ड सदस्य के आश्वासन पर युवती की मां भी शादी के लिए तैयार हो गई। शादी के खर्च के लिए लड़की के पिता को 15 हजार रुपये भी दिए गए। सारी तैयारी की गई हल्दी,मेहंदी की रस्म की भी अदायगी धूमधाम से की गई। सारे रस्में लड़की के घर पर ही किया गया।जब शादी और सिंदूरदान की बारी आई तो लड़की की मां ने कुसाकांटा के सुन्दरनाथ धाम में शादी और सिंदूरदान करने की बात कही।इस पर भी परिवार के लोग सहित समाज और दूल्हा पक्ष राजी हो गया,जिसके बाद बैंगू मांझी, उनकी बेटी रीतिका, वार्ड सदस्य विजय सदा,अधेड़ दूल्हा राजीव गुप्ता, उसका जीजा सुनील अग्रवाल स्थानीय ग्रामीणों के साथ शादी के लिए कुसाकांटा के सुन्दरनाथ धाम मंदिर पहुंचे। सुन्दरनाथ धाम पहुंचने पर मंदिर कमिटी ने दोनों पक्षों से पहचान पत्र की मांग की। पहचान पत्र भी दोनों पक्षों की ओर से दे दिया गया।लेकिन जब दो गवाहों को देने की बात आई तो वार्ड सदस्य विजय सदा गवाह के रूप में अपना पहचान पत्र देने से साफ इंकार कर दिया और वे मंदिर परिसर से बाहर निकलकर चले गए।

# डाकघर घोटाला: हाई कोर्ट के आदेश पर सीआईडी करेगी जांच

एजेंसी

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के पूर्व बर्धमान जिले के जमालपुर डाकघर में कथित वित्तीय घोटाले की जांच अब सीआईडी करेगी। कलकत्ता हाई कोर्ट ने इस मामले में पुलिस की निष्क्रियता पर नाराजगी जताते हुए सीआईडी को छह महीने के भीतर जांच पूरी करने का निर्देश दिया है।

गुरुवार को न्यायमूर्ति तिर्थंकर घोष की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि पुलिस ने डेढ़ साल में इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। न्यायमूर्ति घोष ने सवाल उठाया, अगर लोग सरकारी संस्थानों में पैसे रखकर भी ठगे जाएंगे, तो वे न्याय के लिए कहां जाएंगे।

**क्या है मामला**

जमालपुर के निवासी सुरजीत पाल ने अदालत में याचिका दायर कर बताया कि उनके पिता रंजीत पाल ने 2021 में जमालपुर डाकघर में 12 लाख रुपये जमा किए थे। 2022 में जब उन्होंने अपनी बीमार मां के इलाज के लिए यह राशि निकालनी चाही, तो पोस्ट ऑफिस ने पैसे देने से इनकार कर दिया।सुरजीत, जो फल व्यापारी हैं, ने जब इस मामले की शिकायत जमालपुर थाने में की, तो पुलिस ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इस पर उन्होंने हाई कोर्ट का रुख किया।31 जनवरी को हुई सुनवाई में न्यायमूर्ति घोष ने पुलिस से इस मामले में की गई कार्रवाई का ब्योरा मांगा था और केस डायरी तलब की थी लेकिन जब पुलिस संतोषजनक जवाब नहीं दे सकी, तो अदालत ने इस मामले की जांच सीआईडी को सौंप दी।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, शुक्रवार 14 फरवरी 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### चियांकी पंचायत से नगर निगम का बोर्ड हटाने की मांग

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत चियांकी की मुखिया बिनको उरांव ने मेदिनीनगर नगर निगम के आयुक्त जावेद हुसैन को पत्र लिखकर चियांकी पंचायत से नगर निगम का बोर्ड हटाने की मांग की है। मुखिया ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत चियांकी पहाड़ के निकट नगर निगम द्वारा गलत तरीके से बोर्ड लगा दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि कुछ लोग इस बोर्ड का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं और अवैध वसूली कर रहे हैं। कई बार मौखिक रूप से मना करने के बावजूद नगर निगम का बोर्ड दिखाकर लोगों से कहा जाता है कि हमें ऊपर से आदेश मिला है कि जहां तक नगर निगम का बोर्ड है, वहां तक निगम का टैक्स लिया जाना है। इससे आम जनता और दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुखिया बिनको उरांव ने नगर आयुक्त से आग्रह किया है कि नगर निगम का बोर्ड चियांकी पंचायत से हटाकर निगम क्षेत्र में लगाया जाए ताकि आम जनता और दुकानदारों को राहत मिल सके।

### हरिहरगंज में होटल नैनो फैमिली रेस्टोरेंट का भव्य उद्घाटन



**हरिहरगंज।** हरिप्रखंड के बांसों-तेंदुआ गांव के समीप, एनएच-139 के किनारे, एचपी पेट्रोल पंप के सामने होटल नैनो फैमिली रेस्टोरेंट का विधिवत उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर अभिभावक ओमप्रकाश सिंह, विजय सिंह और नीरज सिंह ने पूजन-अर्चन कर इस रेस्टोरेंट का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में शामिल अतिथियों ने कहा कि यह रेस्टोरेंट स्थानीय लोगों के लिए एक बेहतर विकल्प साबित होगा, जहां वे स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकेंगे। यह रेस्टोरेंट आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा और विशेष रूप से बर्थडे पार्टी, एनिवर्सरी समारोह और अन्य सामाजिक आयोजनों के लिए विशेष व्यवस्था प्रदान करेगा। इसके अलावा, यहां एक अलग टी-स्टॉल की भी व्यवस्था की गई है, जो चाय प्रेमियों के लिए एक आकर्षण का केंद्र होगा। उद्घाटन के मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रो० सनी सिंह, जयंत सिंह, अविनाश सिंह, संदीप प्रकाश, रामनरेश यादव, शैलेंद्र नारायण सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अमित सिंह, विनोद सिंह, राम उदगार सिंह, रंजय सिंह, गुड्डू सिंह, सुरजीत सिंह, उत्तम कुमार, शुभम कुमार, पंकज कुमार, मंटेश कुमार, कौशल सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। होटल नैनो फैमिली रेस्टोरेंट के मालिकों ने बताया कि यह रेस्टोरेंट स्वादिष्ट और गुणवत्तापूर्ण भोजन के साथ-साथ बेहतरीन आतिथ्य सेवाओं के लिए जाना जाएगा। उन्होंने स्थानीय लोगों से आग्रह किया कि वे इस रेस्टोरेंट में आएं और बेहतरीन खानपान का आनंद लें।

### झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का मिलन समारोह 16 फरवरी को रांची में

**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की ओर से 16 फरवरी 2025 को रांची स्थित धुर्वा डैम पर मिलन सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में झारखंड राज्य के 24 जिलों से हजारों आंदोलनकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान झारखंड आंदोलन की रणनीति पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार ने कहा कि यह समारोह आंदोलनकारियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों को जेल जाने की बाध्यता समाप्त होनी चाहिए और सभी आंदोलनकारियों को सम्मानजनक पेंशन, उनके आश्रितों को रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा में आरक्षण की गारंटी दी जानी चाहिए। झारखंड आंदोलन के वरिष्ठ नेता गणेश रवि ने कहा कि पलामू प्रमंडल से भी बड़ी संख्या में आंदोलनकारी इस समारोह में शामिल होंगे। वहीं, आंदोलनकारी प्रदीप सिन्हा ने बताया कि रांची जाने की पूरी तैयारी कर ली गई है। पारंपरिक वाद्ययंत्रों और झारखंडी परिवेश के साथ आंदोलनकारी इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

### सहायक शिक्षक सुरेश राम के निधन पर शोक



**हरिहरगंज।** हरिहरगंज प्रखंड के सेमरवार पंचायत स्थित रजवार प्राथमिक विद्यालय के सहायक शिक्षक सुरेश राम का गुरुवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से लकवा रोग से ग्रसित थे और इलाज चल रहा था, लेकिन आखिरकार इस बीमारी ने उनकी जान ले ली। उनके निधन पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार, सहायक शिक्षक सत्यविजय सिंह, प्रकाश कुमार सिंहा समेत कई शिक्षकों ने शोक व्यक्त किया। शिक्षकों ने बताया कि सुरेश राम न केवल एक उत्कृष्ट शिक्षक थे, बल्कि सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहते थे। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# समृद्धि की पाठशाला में बच्चों का उज्ज्वल भविष्य गढ़ रहा मिशन समृद्धि



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि द्वारा संचालित समृद्धि की पाठशाला के बच्चों में अब शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ती जा रही है। इसके पीछे संस्था के समर्पित सदस्यों का अथक प्रयास और निःस्वार्थ सेवा का योगदान है। संस्था की कचरवा शाखा में प्रतिदिन जाना संभव नहीं हो पाता, लेकिन सप्ताह में तीन दिन जाकर भी सदस्यों को महसूस होता है कि समय कम पड़ रहा है। शुरूआत में यहां के बच्चों में पढ़ाई के प्रति कोई रुचि नहीं थी। माता-पिता भी शिक्षा से कोसों दूर थे। आज भी कई माता-पिता की सोच नहीं बदली है, लेकिन मिशन समृद्धि संस्था की बड़ी देन है कि अब बच्चे पढ़ाई के प्रति उत्साहित हो रहे हैं।

उनके अभिभावक भी अब महसूस कर रहे हैं कि उनके बच्चे पढ़-लिख जाएं। संस्था की अध्यक्ष शीला श्रीवास्तव ने बताया कि इन बच्चों को अभी किताबी ज्ञान से अधिक व्यवहारिक और नैतिक शिक्षा की जरूरत है, जिस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अलावा, खेलकूद और योग में भी उन्हें अवसर दिया जा रहा है ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। संस्था के समर्पित सदस्यों अहिल्या गिरि, बैजन्ती गुप्ता, वीणा राज, रंजीता और ममता के अथक परिश्रम और लगन को देखकर शब्द भी कम पड़ जाते हैं। समाज और राष्ट्र के प्रति संवेदनशीलता तभी विकसित हो सकती है जब हम सभी मिलकर इस दिशा में प्रयास करें। मिशन समृद्धि संस्था का अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी महानुभावों को भी अभिनंदन किया जाता है।

## राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला संपन्न



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर के दुबियाखांड में आयोजित दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का समापन धूमधाम से किया गया। इस आयोजन के दूसरे और अंतिम दिन पूरे मेले का माहौल सांस्कृतिक कार्यक्रमों के रंग में डूबा रहा। पारंपरिक परिधान में सजे आदिवासी कलाकारों ने लोकगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मांदर की थाप पर लोग झूमते नजर आए और पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बन गया। समापन समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक कार्यों से जुड़े व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। मेला आयोजन समिति और जिला प्रशासन की ओर से इन्हें मोमेंटो, शॉल और गुलदस्ता भेंट कर उनकी सेवाओं की सराहना की गई। इसके अलावा, शिक्षा के क्षेत्र में निःशुल्क सेवा देने वाली वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन ने मेले के दौरान विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर में लोगों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं। उपायुक्त शशि रंजन ने मेले की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि भविष्य में इस मेले को और अधिक भव्य रूप दिया जाएगा और इसे राष्ट्रीय फलक पर पहचान दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## ग्रासीम इंडस्ट्रीज में हुआ आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला प्रशासन एवं एनडीआरएफ 9 वीं वाहिनी, पटना के संयुक्त तत्वावधान में रेहला स्थित ग्रासीम इंडस्ट्रीज में एक आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य किसी भी केमिकल, बॉयोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल या न्यूक्लियर आपदा की स्थिति में कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना था। मॉक ड्रिल के दौरान एक परिकल्पित स्थिति के तहत क्लोरीन गैस के रिसाव को दिखाया गया और उसके बाद वहां कार्यरत कर्मचारियों को बचाने की प्रक्रिया को प्रदर्शित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराई गई और एनडीआरएफ की विशेष टीम ने तत्परता से गैस रिसाव को नियंत्रित करते हुए स्थिति को सामान्य किया। इस अभ्यास के माध्यम से कर्मचारियों को यह सिखाया गया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में घबराए बिना किस तरह से सही कदम उठाने चाहिए, जिससे जान-माल की हानि को न्यूनतम किया जा सके। इस मॉक ड्रिल में एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट रंजीत कुमार, विश्रामपुर के अंचल पदाधिकारी राकेश तिवारी, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी जयराम सिंह यादव, जिला अग्निशमन पदाधिकारी उत्तम कुमार, एनडीआरएफ के एसआई सूरज कुमार, रेहला थाना पुलिस, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर की टीम एवं ग्रासीम इंडस्ट्रीज के यूनिट हेड हितेंद्र अवस्थी सहित कई अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 24 फरवरी को मेदिनीनगर में चार नए भूपेंद्र सुपर मार्केट ब्रांच का शुभारंभ होगा



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर के बैरिया चौक स्थित होटल क्राउन प्लाजा में भूपेंद्र सुपर मार्केट ब्रांच के निर्देशक भूपेंद्र चौधरी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में घोषणा की कि 24 फरवरी को मेदिनीनगर के शिवाजी मैदान में भूपेंद्र सुपर मार्केट के चार नए ब्रांच की शुरूआत की जाएगी। इस भव्य उद्घाटन समारोह में भोजपुरी सिनेमा के मशहूर अभिनेता अरविंद अकेला 'कल्लू' विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।उन्होंने बताया कि भूपेंद्र सुपर मार्केट गढ़वा और पलामू जिले में अपनी अलग पहचान बना चुका है और अब इसे और विस्तारित करने के उद्देश्य से गढ़वा जिले के नगर ऊंटारी, पलामू जिले के डाल्टनगंज, पांकी और छतरपुर में नए ब्रांच खोले जा रहे हैं। इन ब्रांचों के खुलने से इन इलाकों के लोगों को इसका सीधा लाभ मिलेगा, जहां वे उचित दामों पर अपनी दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुएं खरीद सकेंगे।भूपेंद्र चौधरी ने बताया कि उनकी कंपनी लाखों घरों तक अनाज और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति कर रही है।

इस सुपर मार्केट का उद्देश्य सिर्फ व्यापार करना नहीं, बल्कि समाज की सेवा करना भी है। भूपेंद्र सुपर मार्केट उन क्षेत्रों में भी खाद्य आपूर्ति पहुंचाने का कार्य कर रहा है, जहां संसाधन सीमित हैं और लोगों को उचित मूल्य पर अनाज और अन्य वस्तुएं नहीं मिल पातीं। इसके साथ ही, यह सुपर मार्केट स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर भी प्रदान कर रहा है, जिससे बेरोजगारों को एक स्थाई आजीविका मिल सके। भूपेंद्र चौधरी ने पलामू और गढ़वा के सभी लोगों को इस शुभ अवसर पर आमंत्रित करते हुए कहा कि यह सुपर मार्केट ग्राहकों के लिए बेहतर सुविधाएं और किफायती दामों पर गुणवत्तापूर्ण सामान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## हरिहरगंज में नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज के पिपरा थाना क्षेत्र के अंबा झरना गांव में एक नवविवाहिता इंदु देवी (22) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस मामले में मृतका के पिता लल्लू यादव, जो हैदरनगर थाना क्षेत्र के सिंघना गांव के निवासी हैं, ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि उनकी बेटी की जहर देकर हत्या कर दी गई है। पिता ने मृतका के पति प्रवीण यादव, ससुर मुखन यादव, सास और ननद पर हत्या का आरोप लगाया है और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। इस मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। पिपरा थाना प्रभारी नकुल शर्मा ने बताया कि इस मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है और सभी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है।

### बरवाडीह के आंगनबाड़ी केंद्रों की बदहाली उजागर

## बच्चों को नहीं मिल रहा पोषण आहार, केंद्र बंद मिलने से बढ़ी चिंता

संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में लापरवाही और अनियमितता के कारण बच्चों को पोषण आहार नहीं मिल पा रहा है। इससे बच्चों की उपस्थिति में भी गिरावट आई है। गुरुवार को प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल और पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार ने आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अहिरपुरवा आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका तो मौजूद थी, लेकिन कई दिनों से बच्चों को पोषण आहार नहीं मिला था। वहीं, मुगीडीह आंगनबाड़ी केंद्र संख्या दो पूरी तरह बंद पाया गया। मंगरा आंगनबाड़ी केंद्र संख्या तीन में एक भी बच्चा मौजूद नहीं था, जिससे साफ जाहिर होता है कि बच्चों को सही सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी ने चिंता जताते हुए कहा कि प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति दयनीय है। सेविकाओं द्वारा बच्चों को शिक्षा देना तो दूर, गुणवत्तापूर्ण भोजन भी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकतर आंगनबाड़ी केंद्रों में केवल खिचड़ी परोसी जाती है, जिससे बच्चों का समुचित पोषण नहीं हो पा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने इसकी जांच रिपोर्ट वरीय पदाधिकारियों को भेजने की बात कही।

## पिपरा थाना में शिवहनुमत मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर 24 घंटे के अखंड कीर्तन का आयोजन



संवाददाता

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज के पिपरा थाना परिसर में स्थित शिवहनुमत मंदिर की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर 24 घंटे के अखंड कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया। यह आयोजन पिपरा थाना के जवानों के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया और भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक आयोजन के दौरान रामचरितमानस पाठ और संकीर्तन हुआ, जिसका संचालन पंडित मनोहर पाठक, मनोज मिश्रा, अंशु मिश्रा, विपिन पाठक और शिवम मिश्रा ने किया। भजन-कीर्तन की गूंज से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस मौके पर एसआई नकुल शर्मा, कुलेश्वर महतो, मनोज राणा, एएसआई ओमप्रकाश बैठा, अनिल नायक, नवीन सिंह, मुंशी रविकांत राय और जैप पुरनो बारी सहित थाना के अन्य पुलिसकर्मियों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पिपरा थाना के जवानों द्वारा आयोजित इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन की सराहना की और इसे आध्यात्मिक शांति प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। इस सफल आयोजन के लिए पिपरा थाना के सभी पुलिसकर्मियों और आयोजन समिति को स्थानीय लोगों ने धन्यवाद दिया और इस तरह के धार्मिक कार्यक्रमों को भविष्य में भी जारी रखने की अपील की।

## कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के कर्मचारियों ने किया महाकुंभ स्नान



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर स्थित कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेले में अमृत स्नान कर अपने जीवन को पावन करने के लिए रवाना हुए। विद्यालय के प्राचार्य ई. नंद किशोर भारती ने 11 फरवरी को हरी झंडी दिखाकर इस धार्मिक यात्रा की शुरूआत कराई। माघ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने संगम में स्नान कर आध्यात्मिक सुख की अनुभूति की। विद्यालय के प्राचार्य एन.के. भारती ने कहा कि महाकुंभ का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व बहुत बड़ा है, जहां करोड़ों श्रद्धालु संत-महात्माओं और साधु-संतों के आशीर्वाद से अपने जीवन को धन्य करते हैं। उन्होंने बताया कि यह पर्व हमारी आस्था को मजबूत करता है और धार्मिक स्वतंत्रता व सद्भाव का संदेश देता है। प्राचार्य ने यह भी बताया कि 2025 का महाकुंभ बेहद खास रहेगा क्योंकि 144 वर्षों के बाद एक दुर्लभ ग्रह संयोग बनने जा रहा है, जिसमें सूर्य, चंद्रमा, शनि और बृहस्पति ग्रहों की विशेष स्थिति अत्यंत शुभ मानी जा रही है। इस अवसर पर शिक्षक रीता सिन्हा, पूनम तिवारी, प्रिया रंजनी तिवारी, सव्या सिंह, शिखा दुबे, आकाश कुमार, काजल कुमारी, अनु दुबे, सतीश कुमार, मनीष कुमार, निभा कुमारी, मनीष कुमार यादव एवं वीरेंद्र कुमार सिंह आदि शामिल रहे। सभी ने महाकुंभ स्नान के अलावा विंध्याचल, विंध्यवासिनी, दूधी संगम एवं श्री बंशीधर मंदिर आदि पवित्र स्थलों का भी दर्शन किया।

पलामू ❯ कौवाखोह में यूएस होटल एंड रिसॉर्ट का भव्य उद्घाटन

# भोजपुरी स्टार पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह रहीं मुख्य अतिथि



संवाददाता

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज प्रखंड के कौवाखोह महुबन में एनएच-139 के किनारे स्थित यूएस होटल रिसॉर्ट एंड द स्काई बार का भव्य उद्घाटन बुधवार को किया गया। इस शुभ अवसर पर होटल संचालक की मां उर्मिला सिंह एवं विशिष्ट अतिथि भोजपुरी पावर स्टार पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर होटल का उद्घाटन किया। इस होटल का संचालन छोटे सिंह द्वारा किया जा रहा है, जबकि उनके छोटे भाई मुनमुन सिंह और बजरंगी सिंह इस पूरी व्यवस्था में सहयोगी हैं। होटल प्रबंधन की ओर से बताया गया कि यह रिसॉर्ट अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जहां न केवल ठहरने की उत्तम व्यवस्था की गई है, बल्कि स्वादिष्ट भोजन और नाश्ते के लिए एक विशेष रेस्टोरेंट भी संचालित किया जा रहा है। इसके अलावा, शादी समारोह, रिंग सेरेमनी, जन्मदिन पार्टी एवं अन्य मांगलिक कार्यों के लिए भी यहां विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे यह होटल स्थानीय लोगों के लिए एक बेहतरीन विकल्प बन सकेगा। उद्घाटन समारोह के अवसर पर भोजपुरी गायिका सोनी पांडेय और खुशबू शर्मा ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें उनकी सुरीली आवाज और आकर्षक नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों के लिए विशेष सामूहिक भोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें शामिल लोगों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया।इस खास मौके पर पूर्व प्रमुख प्रदीप सिंह, सुशील कुमार सिंह, सुबोध सिंह उर्फ बबलू, धर्मेंद्र सिंह, राजेश्वर सिंह, विनोद सिंह, लाल बाबू सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि अनिल पासवान, काजल सिंह, अनु सिंह, संदीप सिंह उर्फ भान जी, सतीश प्रकाश उर्फ अमन, अर्जुन गुप्ता, नागेंद्र सिंह, गुड्डू सिंह, उदयेंद्र सिंह, अखिलेश मेहता, जानू चौधरी, विकास सिंह, डॉ. जगनारायण यादव, अरविंद सिंह, दिलु सिंह, मुखिया उमेश साव, राजकुमार गौतम, उदय सिंह, अशोक सिंह, रामउद्गार सिंह, अवधेश राम, पप्पू सिंह, गोराई सिंह, कमलेश सिंह, संवेदक बबलू सिंह, अभिमन्यु वर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संपन्न परिवारों द्वारा राशन कार्ड का दुरुपयोग गरीबों के हक पर डाका डाल रहे अमीर लोग



संवाददाता

**मेदिनीनगर।** झारखंड के चान्हो प्रखंड क्षेत्र में सैकड़ों संपन्न परिवार गलत तरीके से राशन कार्ड बनवाकर गरीबों के हक पर डाका डाल रहे हैं। ये लोग सरकारी योजनाओं का अनुचित लाभ उठाकर गरीबों के हिस्से का अनाज हड़प रहे हैं।झारखंड में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 लागू है, जिसके अंतर्गत अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता प्राप्त गृहस्थ योजना के माध्यम से खाद्यान्न का वितरण किया जाता है। इस अधिनियम के तहत केवल उन्हीं लोगों को लाभ मिलना चाहिए जो पात्रता के दायरे में आते हैं। लेकिन कई अपात्र लोग फर्जी तरीके से राशन कार्ड बनवाकर इसका लाभ ले रहे हैं। झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश-2019 के अनुसार, जो लोग पीएचएच प्राथमिकता प्राप्त गृहस्थ या अंत्योदय राशन कार्ड की पात्रता नहीं रखते हैं, उन्हें स्वेच्छा से अपना राशन कार्ड समर्पित करने का निर्देश दिया गया है। बावजूद इसके, कई संपन्न परिवार अब भी गलत तरीके से राशन कार्ड का उपयोग कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### हॉकी टूर्नामेंट: इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट, हंसराज और खालसा कॉलेज की शानदार जीत



**नई दिल्ली।** 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी (महिला एवं पुरुष) टूर्नामेंट में मंगलवार को खेले गए लीग मुकाबलों में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज, हंसराज कॉलेज, श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स और श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज ने शानदार जीत दर्ज की। पहले मुकाबले में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज ने किरोड़ीमल कॉलेज को 8-1 के बड़े अंतर से हराया। टीम के लिए फरमान और राम यादव ने दो-दो गोल दागे, जबकि शेखर, सुमित, पुलकित और गुरमुख ने एक-एक गोल किया। किरोड़ीमल कॉलेज की ओर से एकमात्र गोल प्रज्ञात आनंद ने किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार पुलकित को मिला। दूसरे मैच में हंसराज कॉलेज ने एमिटी यूनिवर्सिटी को 5-0 से मात दी।

### हरियाणा के खेल मंत्री ने 38वें राष्ट्रीय खेलों का किया दौरा, खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह



**देहरादून।** हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने मंगलवार को राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम, देहरादून में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने हरियाणा से भाग ले रहे खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। खेल मंत्री ने विभिन्न खेल स्थलों का निरीक्षण किया, जिनमें भागीरथी हॉल भी शामिल था, जहां जिम्नास्टिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने खिलाड़ियों, कोचों और अधिकारियों से बातचीत कर उनकी मेहनत और समर्पण की सराहना की। गौतम ने कहा कि हरियाणा की समृद्ध खेल संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए सरकार हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा, ₹हरियाणा के खिलाड़ी पहले से ही शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और राष्ट्रीय खेलों में भी बेहतरीन खेल दिखा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हमारी खेल नीति ने खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। सरकार उन्हें वित्तीय सहायता और रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है, ताकि वे सिर्फ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित कर सकें।

# राष्ट्रीय खेल : अनंतजीत सिंह नरुका और गनेमत सेखों ने स्कीट फाइनल में जीता स्वर्ण

- परमपाल ने खेल में कड़ी टक्कर दी, 51 अंकों के साथ रजत पदक हासिल किया
- कांस्य पदक पंजाब के भवतेग सिंह गिल के खाते में गया



**देहरादून। एजेंसी**

38वें राष्ट्रीय खेल के स्कीट फाइनल में राजस्थान के अनंतजीत सिंह नरुका और पंजाब की गनेमत सेखों ने शानदार खेल का परिचय दिया और पुरुष और महिला वर्गों में जीत हासिल की। नरुका ने 56 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता और गनेमत सेखों ने 53 अंकों के साथ महिला वर्ग में दबदबा बनाया।

**पुरुष वर्ग :** पुरुषों के स्कीट क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 15 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें शीर्ष छह निशानेबाज फाइनल में पहुंचे। राजस्थान के अनंतजीत सिंह ने 122 के प्रभावशाली स्कोर के साथ क्वालीफायई किया, उसके बाद तेलंगाना के मुनेक बट्टुला ने 120 के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। मध्य प्रदेश के ऋतुराज सिंह बुंदेला ने 119 के साथ तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि पंजाब के हरमेहर सिंह लाली (118), चंडीगढ़ के परमपाल सिंह गुरोन (117) और पंजाब के भवतेग सिंह गिल (116+4) ने फाइनलिस्ट की सूची पूरी की। पुरुषों के फाइनल मैच में चंडीगढ़ के परमपाल सिंह गुरोन ने खेल में कड़ी टक्कर दी और 51 अंकों के साथ रजत पदक हासिल किया। कांस्य पदक पंजाब के भवतेग सिंह गिल के खाते में गया, उन्होंने 42 अंकों के साथ पदक हासिल किया।

**महिला वर्ग :** महिलाओं के क्वालिफिकेशन राउंड में 17 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें पंजाब की गनीमत सेखों ने 124 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उत्तर प्रदेश की अरीबा खान (114) और हरियाणा की रायजा ढिल्लों (115+4) उनके ठीक पीछे रहीं। राजस्थान की दर्शना राठौर (115+3), तेलंगाना की रश्मि राठौर (112+4) और मध्य प्रदेश की वंशिका तिवारी (116) ने शीर्ष छह में जगह बनाते हुए फाइनल में जगह बनाई। महिलाओं के फाइनल में उत्तर प्रदेश की अरीबा खान ने 45 अंकों के साथ रजत पदक जीता, जबकि हरियाणा की रायजा ढिल्लों ने 36 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने प्रतिभाओं ने अपनी छाप छोड़ी, जिसमें अनुभवी निशानेबाजों और उभरते सितारों ने अपने खेल की छाप खिलाड़ियों पर छोड़ी।

### रजत पाटीदार बने आरसीबी के नए कप्तान

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की शुरुआत से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुरुवार को अपने नए कप्तान की घोषणा कर दी है। फ्रेंचाइज़ी ने मध्यक्रम के युवा बल्लेबाज रजत पाटीदार को टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। पाटीदार से पहले दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी फाफ डु प्लेसिस टीम की कमान संभाल रहे थे। पिछले साल मेगा नीलामी से पहले आरसीबी ने डु प्लेसिस को रिलीज कर दिया था। वह 2022 से 2024 तक टीम के कप्तान थे। 40 साल के डु प्लेसिस इस सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते नजर आएंगे। टीम के स्टार खिलाड़ी एवं पूर्व कप्तान विराट कोहली ने रजत के कप्तान बनने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु द्वारा सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट वीडियो में कहोली ने कहा कि मैं आप सबको यह बात बताना चाहता हूं कि रजत पाटीदार अब आरसीबी के नए कप्तान होंगे। रजत, सबसे पहले मैं आपको बधाई एवं शुभकामनाएं देना चाहता हूं।

## युगल मुकाबलों में महाराष्ट्र और तमिलनाडु का दबदबा

**देहरादून। एजेंसी**



उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेल के टेबल टेनिस मुकाबलों में चौथे दिन जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। महिला, पुरुष और मिश्रित युगल स्पधाओं में महाराष्ट्र और तमिलनाडु के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल में महाराष्ट्र की स्वस्तिका घोष और दिया चिताले ने पश्चिम बंगाल की कौशानी नाथ और प्रप्ति सेन को 9-11, 7-11, 11-5, 12-10, 11-8 से हराया। दूसरी ओर, तमिलनाडु की नित्याश्री और काव्याश्री ने पश्चिम बंगाल की अयिहिका मुखर्जी और मौमा दास को 11-2, 8-11, 11-7, 11-13, 11-8 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में महाराष्ट्र की स्वस्तिका घोष और दिया चितले ने जबरदस्त वापसी करते हुए तमिलनाडु की नित्याश्री मणि और काव्याश्री भास्कर को 6-11, 8-11, 11-9, 11-7, 11-6 से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया।

**पुरुष युगलः तमिलनाडु ने दोनों पदक जीते**

सेमीफाइनल में तमिलनाडु के साथियन और अमलराज ने महाराष्ट्र के रेगन और सिद्धेश को 4-11, 11-7, 14-12, 11-9 से हराया। दूसरी ओर, अभिनंध और प्रेयश ने पश्चिम बंगाल के आकाश पाल और रोणित भांजा को 7-11, 12-10, 12-10, 11-8 से हराया। फाइनल मुकाबला तमिलनाडु की दोनों जोड़ियों के बीच खेला गया, जिसमें साथियन ज्ञानशेखरन और अमलराज एंथनी ने अभिनंध पी.बी. और प्रेयश सुरेश राज को 8-11, 11-4, 5-11, 11-6, 11-7 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

**मिश्रित युगलः महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन**

मिश्रित युगल के सेमीफाइनल में महाराष्ट्र की दो जोड़ियों के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें चिन्मय सोमैया और रीथ रिश्या ने रेगन अल्बुकर्क और स्वस्तिका घोष को 12-10, 11-6, 11-5 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में पश्चिम बंगाल के अनिर्बान घोष और अयिहिका मुखर्जी ने महाराष्ट्र के जैश अमित मोदी और तनीषा संजय कोटेचा को 11-4, 11-9, 11-9 से हराया।

मिश्रित युगल का फाइनल रोमांचक होने की उम्मीद है, जहां महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल की जोड़ियां आमने-सामने होंगी। राष्ट्रीय खेल के टेबल टेनिस मुकाबलों में महाराष्ट्र और तमिलनाडु का दबदबा देखने को मिला। महिला युगल में महाराष्ट्र, जबकि पुरुष युगल में तमिलनाडु ने स्वर्ण पदक जीते। अब सबकी नजरें मिश्रित युगल के फाइनल पर टिकी हैं, जहां एक और रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा।

## नेटबॉल मिश्रित श्रेणी में रोमांचक मुकाबले, छत्तीसगढ़ और असम ने दिखाया दमखम

**देहरादून। एजेंसी**

यहां जारी 38वें राष्ट्रीय खेलों के नेटबॉल मिश्रित श्रेणी में टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खेल भावना और समन्वय का परिचय दिया। पुरुष और महिला खिलाड़ियों से बनी इन मिश्रित टीमों ने अपने शानदार खेल से दर्शकों को रोमांचित किया। पूल ए में छत्तीसगढ़ ने अपने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन करते हुए हरियाणा को 33-32 से कड़े मुकाबले में मात दी। इसके बाद, टीम ने पुडुचेरी पर 34-27 से शानदार जीत दर्ज कर अपनी दावेदारी मजबूत कर ली। वहीं, दिल्ली ने भी पुडुचेरी को 37-17 से हराकर शानदार शुरूआत की, लेकिन हरियाणा के खिलाफ 30-39 से हार का सामना करना पड़ा। पूल बी में उत्तराखंड ने कर्नाटक को 32-23 से हराकर बढ़त बनाई, जबकि असम ने तेलंगाना को 30-28 से हराकर अपने



अभियान की शानदार शुरूआत की। हालांकि, तेलंगाना ने अगले मुकाबले में उत्तराखंड को 38-31 से हराते हुए जोरदार वापसी की। वहीं, असम ने कर्नाटक को 30-28 से मात देकर अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा।

नेटबॉल प्रतियोगिता अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है, जहां सभी टीमें स्वर्ण पदक जीतने के लक्ष्य के साथ अपनी रणनीति पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। आने वाले मुकाबले रोमांचक होने की उम्मीद है, जहां टीमें अपनी पूरी ताकत झोंकने को तैयार हैं।

## फीफा विश्व कप : सऊदी अरब में शराब पर प्रतिबंध, राजदूत ने की पुष्टि

**लंदन। एजेंसी**

सऊदी अरब में 2034 फीफा विश्व कप के दौरान शराब की अनुमति नहीं दी जाएगी। ब्रिटेन में सऊदी राजदूत प्रिंस खालिद बिन बंदर अल सऊद ने बुधवार को इस बात की पुष्टि की। एलबीसी रेडियो स्टेशन को दिए गए एक साक्षात्कार में उन्होंने स्पष्ट किया कि सऊदी अरब में कहीं भी शराब नहीं बेची जाएगी। यह फैसला 2022 कतर विश्व कप से अलग है, जहां विशेष प्रशंसक क्षेत्रों और पांच सितारा होटलों में ऊंची कीमतों पर शराब उपलब्ध थी। प्रिंस खालिद ने कहा,



फिलहाल, हम शराब की अनुमति नहीं देते हैं। उन्होंने आगे कहा कि सऊदी अरब अपनी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं का सम्मान करते हुए विश्व कप की मेजबानी करेगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा हर किसी की अपनी संस्कृति होती है। हम अपनी संस्कृति की सीमाओं के भीतर लोगों को समायोजित करने के लिए तैयार हैं, लेकिन हम किसी और के लिए अपनी संस्कृति को बदलना नहीं चाहते। राजदूत ने यह भी स्पष्ट किया कि विश्व कप सिर्फ सऊदी अरब का नहीं, बल्कि एक वैश्विक आयोजन है।

उन्होंने कहा हम उन सभी का स्वागत करेंगे जो इस टूर्नामेंट का हिस्सा बनना चाहते हैं। सऊदी अरब में 2034 फीफा विश्व कप की मेजबानी को लेकर पहले ही चचार्एं तेज हैं। यह आयोजन खेल के साथ-साथ सऊदी अरब की संस्कृति और परंपराओं को भी दुनिया के सामने प्रस्तुत करेगा।

## भारत ने तीसरे वनडे में इंग्लैंड को 142 रन से हराया, श्रृंखला 3-0 से

**अहमदाबाद। एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को 142 रनों के बड़े अंतर से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 356 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 34.2 ओवर में 214 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से मिले 357 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम को शुरूआत तो अच्छी मिली, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने मैच पर जल्द ही पकड़ बना ली। फिल सॉल्ट और बेन डकेट के



बीच 60 रन की शुरुआती साझेदारी हुई, मगर इसके बाद इंग्लैंड की टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर केवल 6 रन बनाकर आउट हो गए, जबकि जो रूट 24 रन ही जोड़ सके। भारतीय गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, अक्षर पटेल और हार्दिक पांड्या ने 2-2 विकेट झटके, जबकि वाशिंगटन सुंदर और कुलदीप यादव को 1-1 सफलता मिली। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए भारत को कप्तान रोहित शर्मा (एक रन) के रूप मे शुरूआत में ही पहला झटका लगा। फिर कोहली और गिल ने पारी को संभाला और दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी की। कोहली 52 रन बनाकर आउट हुए।

इसके बाद श्रेयश अय्यर ने गिल के साथ मिलकर 104 रन जोड़कर टीम का स्कोर 226 तक पहुंचाय। तभी शतक लगाने वाले गिल 112 रन पर पवेलियन लौट गए। इसके बाद हार्दिक पांड्या (17 रन), अक्षर पटेल 13 रन, वाशिंटन सुंदर 14 रन, हर्षित राणा 13 रन ने अय्यर का साथ दिया, जिससे टीम का स्कोर 356 तक पहुंच सका।

अय्यर ने 78 रन की पारी खेली। इंग्लैड के लिए आदिल राशिद ने चार विकेट चटकाए। जबकि मार्क वुड को दो और शाकिब महमूद-गस अटकिंसन व जो रूट को एक-एक सफलता मिली। शुभमन गिल पूरे एकदिनी श्रृंखला में शानदार लय में नजर आए। उन्होंने पहले मैच में 87 और दूसरे मैच में 60 रन बनाए थे। तीसरे मैच में उन्होंने अपने एकदिवसीय करियर का 7वां शतक लगाया।

## व्यापार

### घरेलू शेयर बाजार में निवेशकों को 1 दिन में 32 हजार करोड़ की लगी चपत

# लगातार सातवें दिन सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को लगातार सातवें कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। कारोबार में पूरे दिन उतार-चढ़ाव होता रहा। दिन के पहले सत्र में खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाया, लेकिन दूसरे सत्र में बिकवाली का दबाव बन गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.04 प्रतिशत और निफ्टी 0.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। कारोबार में रियल्टी, मेटल और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही।

इसके अलावा कैपिटल गुड्स और पीएसई इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। आईटी, एफएमसीजी और कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर के शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव



बना रहा। इसी तरह ऑयल एंड गैस, ऑटोमोबाइल, बैंकिंग और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए।

ब्रॉडर मार्केट में मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.07 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.43 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद घट कर 407.14 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी बुधवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 407.46 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 32 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

कारोबार में बीएसई में 4,074 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,857 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,089 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 128 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,574 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,217 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,357 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 16 शेयर बढ़त के साथ और 14 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 25 शेयर हरे निशान में और 25 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

### सोने की कीमत में गिरावट, चांदी में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में गिरावट का रुख है । देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 86,660 रुपये से लेकर 86,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 79,390 रुपये से लेकर 79,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में भी 99,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 86,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 79,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 86,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 86,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 79,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

### ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार करके बंद हुए। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.27 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 6,051.97 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर नैस्डेक ने 0.03 प्रतिशत कि मामूली तेजी के साथ 19,648.91 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.18 प्रतिशत की मजबूती के साथ 44,450.23 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.34 प्रतिशत उछल कर 8,807.44 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.17 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,042.19 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

### भारत सरकार खिलौने, फुटवियर विनिर्माण के लिए नई नीतियां लाएगी : पीयूष गोयल

**बेंगलुरु/नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार जल्द ही भारत में खिलौनों और जूतों के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए नई नीतियां पेश करेगी। इसका उद्देश्य देश को इन क्षेत्रों में वैश्विक नेता बनाना है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने बुधवार को बेंगलुरु में इन्वेस्ट कर्नाटक 2025-ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट में खिलौना उद्योग में सरकार के प्रयासों की जानकारी दे रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत का खिलौनों आयात 50 फीसदी तक कम हो गया है। हमारा निर्यात अब 5 साल पहले की तुलना में 3.5 गुना है। गोयल ने कहा, ह्यह्यहम जल्द ही खिलौनों और जूतों के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए नीतियां लेकर आएंगे, ताकि हम इन क्षेत्रों में वैश्विक चैंपियन बन सकें। उन्होंने कहा कि आगामी नीतियों से भारत में खिलौनों और



फुटवियर विनिर्माण के विकास को और बढ़ावा मिलेगा। वाणिज्य मंत्री ने देश में उच्च तकनीक विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार के व्यापक प्रयासों पर भी जोर दिया। उन्होंने उल्लेख किया कि उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत करीब 2 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, साथ ही सेमीकॉन मिशन के लिए 74 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## विधायक उमेश के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया एनसीआर में मामला

**हरिद्वार।** विधायक उमेश कुमार और पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह का आपसी विवाद पिछले महीने भर से हरिद्वार में चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि मामले में कुंवर प्रणव सिंह 27 जनवरी से जेल में हैं, लेकिन दोनों के विवाद में रोज कोई न कोई नया घटनाक्रम सामने आ रहा है। अब इस मामले में विधायक उमेश कुमार पर लोकसेवक को धमकाने की धाराओं में रुड़की में मुकदमा दर्ज हुआ है। दरअसल 26 जनवरी को हुए विवाद के बाद खानपुर विधायक का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें उमेश कुमार एसएसपी को कहते सुने जा रहे थे कि डोबाल जी मैंने आपको पहले भी चेतावनी दी थी।

## अमेरिकी नौसेना का जेट दुर्घटनाग्रस्त होकर सैन डिएगो बंदरगाह में गिरा

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी नौसेना का एक जेट बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त होकर सैन डिएगो बंदरगाह में गिर गया। जेट के दोनों पायलट को बचा लिया गया है। लॉस एंजिल्स टाइम्स समाचार पत्र की खबर में नौसेना अधिकारियों के हवाले से जेट (ई/ए-18जी ग्रोलर) हादसे की पुष्टि की गई। नौसेना अधिकारियों के अनुसार, दोनों पायलट को पानी से सुरक्षित निकालकर सबसे पहले अमेरिकी सीमा शुल्क और सुरक्षा नाव में स्थानांतरित किया गया। इसके बाद दोनों को यूसी सैन डिएगो हेल्थ के हिलक्रेस्ट मेडिकल सेंटर ले जाया गया। वहां दोनों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

## कांवड़ मेले की तैयारियों को लेकर एसपी ने की बैठक



**हरिद्वार।** आगामी शारदीय कांवड़ मेला की तैयारियों को लेकर एसपी जितेन्द्र मेहरा की अध्यक्षता में सिडकुल इंडस्ट्रियल एसो. एवं सिडकुल ट्रक ओनर वेलफेयर एसो. के साथ आयोजित गोष्ठी में चर्चा गई। बैठक में मेले के दौरान भारी वाहनों की आवाजाही के लिए रूट तय किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों से शारदीय कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था बनाने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई। आयोजित गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक नगर पंकज गैरोला ने बताया कि ऋषिकेश, देहरादून, हरिद्वार से बिजनौर, रुद्रपुर, नैनीताल की ओर जाने वाले समस्त भारी वाहन हरिद्वार से रुड़की, मुजफ्फरनगर, मीरापुर, बिजनौर, नूरपुर, मुरादाबाद, काशीपुर होते हुए अपने गंतव्य स्थान के लिए भेजा जाएगा एवं वापसी का मार्ग भी यही रहेगा। किसी भी प्रकार का कोई भी भारी वाहन चंडी चौक से श्यामपुर की तरफ नहीं जाएगा।

## जहरीली व कच्ची शराब के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**राजगढ़।** शहर ब्यावरा थाना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार की रात निमार्णाधीन सुठालिया बाइपास रोड़ से दबिश देकर 50 वर्षीय व्यक्ति को पकड़ा और उसके कब्जे से 100 लीटर जहरीली व कच्ची शराब जब्त की, जिसकी कीमत 20 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर पूछताछ शुरू की। थाना प्रभारी वीरेन्द्रसिंह धाकड़ ने गुरुवार को बताया कि मुखबिर की सूचना पर बुधवार की रात सुठालिया बाइपास रोड़ से दबिश देकर उमेश पुत्र ओंकारलाल शिवहरे निवासी अपनानगर ब्यावरा को पकड़ा और उसके कब्जे से 100 लीटर जहरीली व कच्ची शराब जब्त की, जिसकी कीमत 20 हजार रुपये बताई गई है।

## देवर ने भाभी की कुल्हाड़ी से काटकर की हत्या

**जालौन।** रामपुरा थाना क्षेत्र में बुधवार की देर शाम खेत से चारा लेकर लौट रही 50 वर्षीय महिला की देवर ने कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामश्री पत्नी संतोष कुमार उम्र करीब 50 वर्ष निवासी फतेहपुरा टीहर बुधवार की देर शाम खेत से चारा लेकर लौट रही थी।

## सैलानियों के वाहन टकराये, चार घायल

**नैनीताल।** पर्यटन नगरी नैनीताल के निकट गुरुवार पूर्वाह्न दो कारों के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में पांच लोग घायल हो गये। इनमें से एक 16 वर्षीय किशोरी की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, उसे जिला चिकित्सालय से भर्ती किया गया है, जबकि अन्य 4 घायलों का जिला चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। तल्लीताल पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को 112 से सूचना प्राप्त हुई कि हल्द्वानी-नैनीताल मार्ग पर नगर से चार किलोमीटर पहले चील चक्कर के निकट मंदिर के पास दो वाहन आपस में टकरा गये हैं। दुर्घटना में कई लोगों को चोट आई हैं।

## ट्रक से टकराई डीसीएम, चालक की मौत

**मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरौंधा पुलिस चौकी अंतर्गत नैड़ी कठारी गांव के पास बुधवार रात एक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार से जा रही डीसीएम अज्ञात ट्रक के पीछे से टकरा गई, जिससे चालक केबिन में बुरी तरह से फंसकर और गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# सबको जोड़कर चलेंगे तभी श्रेष्ठ बनेंगे : कलराज

● पंडित जी के एकात्म मानववाद और अंत्योदय में यह धारणा समाहित रही
● पंडित दीनदयाल अपनी कक्षा के कमजोर विद्यार्थियों को पढ़ाते थे



**जौनपुर। एजेंसी**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में नव भारत के निर्माण में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार विषयक संगोष्ठी का आयोजन गुरुवार को रज्जू भईया संस्थान के आर्यभट्ट सभागार में किया गया। मुख्य अतिथि राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि सबको जोड़कर चलेंगे तभी श्रेष्ठ बनेंगे। इसी विचारधारा से आज हमारा देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। पंडित जी के एकात्म मानववाद और अंत्योदय में यह धारणा समाहित रही। पंडित दीनदयाल अध्ययन के दौरान ही अपनी कक्षा के कमजोर विद्यार्थियों को पढ़ाते थे।

कमजोरों के प्रति उनकी संवेदनशीलता बचपन से ही रही। उन्होंने कहा कि पारिवारिक स्थिति ठीक न होने के बाद भी देश के प्रति समर्पण का भाव रहा और नौकरी न करने का निर्णय लेकर उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज को समर्पित कर दिया। प्रारम्भ से ही सामूहिकता की भावना के साथ विपन्न लोगों में आत्मविश्वास पैदा करने का निरंतर कार्य किया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति आधुनिक विज्ञान के साथ प्राचीन ज्ञान को जोड़कर नए भारत के निर्माण में बड़ी भूमिका अदा कर रही है। आधुनिक और प्राचीन ज्ञान के समन्वय के साथ अगर काम किया जाए तो हम दुनिया में सबसे आगे रहेंगे और यही पंडित जी का विचार रहा है। उन्होंने कहा कि आज देश का मेधा स्टार्टअप के माध्यम से देश की तस्वीर को बदल रहा है। पहले नौकरियां और अवसर न उपलब्ध होने के कारण लोग विदेश की तरफ रुख करते थे, लेकिन अब विदेशों से आकर भारत में नए स्टार्टअप के माध्यम से देश की नई तस्वीर प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आत्मसात करने और उनके सिद्धांतों के माध्यम से नवभारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। अध्यक्षीय सम्बोधन में कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन संघर्ष से आज के युवा प्रेरणा ले और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी भूमिका अदा करें।

## बेकाबू कार ट्रक में घुसी, तीन युवकों की मौत, एक घायल

**भोपाल। एजेंसी**

मध्य प्रदेश के नर्मदापुरम जिले में बुधवार- गुरुवार की रात इटारसी रोड पर एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां चार दोस्त कार से एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सामने जा रहे एक ट्रक के पीछे जा घुसी। हादसे में कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह पिचक गया। कार के पिचकने से युवक फंस गए, जिन्हें मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया।

हादसे मे तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर घायल को अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार, हादसा बुधवार देर रात करीब 2.30 बजे इटारसी-नर्मदापुरम के बीच पवारखेड़ा के पास नवोदय विद्यालय और कन्या शिक्षा परिसर गेट के सामने हुआ। नर्मदापुरम (देहात) थाना प्रभारी प्रवीण चौहान ने बताया कि चार युवक नगर के पहाड़िया के पास रिसॉर्ट में शादी समारोह में गए थे। वहां से लौटते वक्त यह हादसा हो गया। हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई और एक युवक घायल है।

डायल 100 और एम्बुलेंस स्टाफ ने मौके पर पहुंचकर मृतकों को जिला अस्पताल और घायल को नर्मदा हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। थाना प्रभारी चौहान ने बताया कि मृतकों की पहचान संदीप कुमार (37) पुत्र मूल चंदानी निवासी कृष्णापुरी सिंधी कॉलोनी, सूरज (35) पुत्र सुंदरलाल आहूजा पिंक एवेन्यू कॉलोनी, सागर (37) पुत्र जयराम नवलानी निवासी सिंधी कॉलोनी ग्वालटोली के रूप में हुई है। संस्कार (24) पुत्र वासुदेव अदनानी गंभीर घायल है। जिसका जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही जिला हॉस्पिटल में परिजन, रिश्तेदार और सिंधी समाज के लोगों की भीड़ लग गई।

# रूस से लौटे मार्क फोगेल ने की राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात



**वाशिंगटन। एजेंसी**

रूस में जेल से रिहाई के बाद अमेरिका लौटे शिक्षक मार्क फोगेल अपने घर पहुंच गए। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलकर मार्क बेहद खुश हैं। उनके परिवार, रिश्तेदारों, दोस्तों, शुभचिंतकों और खुद मार्क फोगेल ने इसके लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके राजनयिकों का आभार जताया है। अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास द 'व्हाइट हाउस' की वेबसाइट के न्यूज सेक्शन में 'राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रंप मार्क फोगेल को घर ले आए' शीर्षक से जारी खबर में खुशी जताते हुए लिखा गया है कि वर्षों तक रूसी जेल में गलत तरीके से हिरासत में रहे अमेरिकी नागरिक मार्क फोगेल आखिरकार राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके प्रशासन के रिहाई के लिए किए गए अथक प्रयासों के कारण घर आ गए हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फोगेल की 95 वर्षीय मां माल्फिन से किए गए वादे को पूरा किया है। अपने घर पहुंचे मार्क फोगेल ने प्रतिक्रिया दी है, " राष्ट्रपति ट्रंप नायक हैं। मैं हमेशा राष्ट्रपति ट्रंप और स्टीव विटकॉफ का ऋणी रहूंगा। राष्ट्रपति ट्रंप गतिशील व्यक्ति हैं। जब मैं उनसे मिला तो उनके शरीर से ऊर्जा झलक रही थी। उनमें बहुत कुछ कर सकने की भावना है।" व्हाइट हाउस के अनुसार, मार्क की रिहाई पर उनके परिवार, अधिकारियों और सांसदों के द्विदलीय समूह ने खुशी जताते हुए राष्ट्रपति ट्रंप की प्रशंसा की है। फोगेल परिवार ने कहा, ₹हम राष्ट्रपति के बहुत आभारी हैं। मार्क फोगेल को घर में पाकर अभिभूत हैं। परिवार के सदस्यों ने राष्ट्रपति ट्रंप का आभार जताया है। परिवार ने कहा है कि अब मार्क फोगेल स्वतंत्र हैं। हमारे जीवन का सबसे अंधकारमय वक्त खत्म हो गया।

मार्क की मांग मैल्फिन फोगेल ने कहा है कि वह डोनाल्ड ट्रंप को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहती हैं। उन्होंने मुझसे वादा किया था कि वह उसे बाहर निकालेंगे। उन्होंने अपना वादा निभाया। मैं उनका जितना धन्यवाद दूं, वह कम है। ऐनी फोगेल ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप अपने वचन के प्रति पक्के हैं। यह हम सबके लिए आश्चर्यजनक है। यह बिल्कुल अलग तरह का रिश्ता है।

## भारतीय मूल के पॉल कपूर को डोनाल्ड ट्रंप ने सौंपी अहम जिम्मेदारी



**वाशिंगटन। एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पॉल कपूर को दक्षिण एशियाई मामलों के प्रमुख राजनयिक के रूप में नामित किया है। भारतीय मूल के पॉल कपूर इस समय यूनाइटेड स्टेट्स नेवल पोस्ट ग्रेजुएट स्कूल के राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के विभाग में प्रोफेसर हैं। विल्सन सेंटर में दक्षिण एशिया संस्थान के निदेशक माइकल कुगेलमैन ने एक्स पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने कहा है कि दक्षिण एशियाई सुरक्षा के विद्वान पॉल कपूर को राष्ट्रपति ट्रंप ने डोनाल्ड लू की जगह लेने के लिए नामित किया है। कपूर अमेरिका-भारत साझेदारी के प्रबल समर्थक और पाकिस्तान के कठोर आलोचक हैं। अगर सीनेट से मंजूरी मिल जाती है तो वह डोनाल्ड लू की जगह लेंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने जनवरी में पुष्टि की थी कि दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों के सहायक विदेश मंत्री डोनाल्ड लू का कार्यकाल 17 जनवरी, 2025 को समाप्त हो गया है। दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों का ब्यूरो अमेरिका की विदेश नीति के अलावा अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, कजाकिस्तान, किर्गिजस्तान, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान से जुड़े मामलों को देखता है। इससे पहले उन्होंने वर्ष 2020-21 के दौरान अमेरिकी विदेश विभाग के नीति नियोजन कर्मचारी के रूप में सेवाएं दी। इस विभाग में कपूर दक्षिण और मध्य एशिया, हिंद-प्रशांत रणनीति और अमेरिका-भारत संबंधों से जुड़े मामलों पर काम कर चुके हैं।

## बांग्लादेश में शेख हसीना की पार्टी पर प्रतिबंध लगाने की मांग ने जोर पकड़ा

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। आज गाजीपुर में पूर्वमंत्री काशिम खान की नमाज-ए-जनाजा में शामिल छात्र नेताओं ने अंतरिम सरकार से 24 घंटे के भीतर अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया। हमले में घायल काशिम खान का कल ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। उनकी नमाज-ए-जनाजा आज सुबह करीब 11:35 बजे गाजीपुर के राजबाड़ी मैदान में हुई। नमाज-ए-जनाजा से पहले छात्र अधिकार परिषद के जिला महासचिव फरीदुज्जमान जाहिद ने कहा कि 24 घंटे के भीतर अवामी लीग पर प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए। स्टूडेंट अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन के महासचिव नासिर ने काशिम को बांग्लादेश में क्रांति के बाद पहला शहीद बताया। उन्होंने कहा कि हमले में घायल अन्य लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के केंद्रीय मजलिस-ए-शूरा सदस्य हुसैन अली ने आरोप लगाया कि हमले के आरोप में गिरफ्तार लोगों के साथ नरम व्यवहार किया जा रहा है।

## बस-कार की टक्कर में एक की मौत,आठ घायल

**राजगढ़।** तलेन थाना क्षेत्र में ग्राम टिकरिया जोड़ के समीप गुरुवार सुबह तेज रफ्तार बस और अर्टिगा कार की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में 25 वर्षीय कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं कार सवार उसकी बहन को गंभीर चोटें लगी, जिसे शुजालपुर रेफर किया गया उधर बस में सवार छह से सात लोगों को भी चोटें लगी है, जिनका उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार पचोर-आष्टा रोड़ स्थित ग्राम टिकरिया जोड़ के नजदीक तेज रफ्तार विजय बस ने अर्टिगा कार को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में कार चालक अंकित पुत्र प्रमोद सोनी निवासी पचोर की मौके पर ही मौत हो गई वहीं उसकी बहन गुनगुन उर्फ अंशिका सोनी साल को गंभीर चोटें लगी, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद शुजालपुर रेफर किया गया। उधर बस में सवार छह से सात लोग चोटिल हो गए।

## वक्फ पर जेपीसी की पूरी रिपोर्ट पेश की गई, विपक्ष की आपत्तियां गलत : किरेन



**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा में पेश की गई वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट में विपक्ष की आपत्तियों को शामिल नहीं किए जाने के आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया के तहत पूरी रिपोर्ट को पेश किया गया है। केवल समिति और अध्यक्ष के बारे में की गई टिप्पणियों को अध्यक्ष ने अपने अधिकार का उपयोग कर हटाया है। रिजिजू ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि आज वक्फ संशोधन विधेयक से संबंधित रिपोर्ट को दोनों सदनों में पेश किया जाना था। आज पहले इसे राज्यसभा में पेश किया गया। विपक्ष ने इस पर आपत्ति जताई कि इसमें उनकी आपत्तियों को शामिल नहीं किया गया है। विपक्ष का आरोप गलत है। उन्होंने राज्यसभा में भी इसकी जानकारी दी और बताया कि रिपोर्ट में सभी के पक्ष शामिल किए गए हैं। अगर समिति या अध्यक्ष के बारे में कोई आक्षेप लगाया जाता है तो अध्यक्ष के पास उसको हटाने का अधिकार है और उन्होंने इसका उपयोग करके कुछ टिप्पणियों को हटाया होगा। समिति के सदस्य उसपर भी अपील कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जेपीसी की रिपोर्ट राजग की रिपोर्ट नहीं है बल्कि यह संसद की रिपोर्ट है।

## प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य का कोई विशेषज्ञ नहीं, केंद्र सरकार को तत्काल नियुक्ति के लिए दिए निर्देश



**बिलासपुर। एजेंसी**

छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य का कोई विशेषज्ञ नहीं होने को लेकर जनहित याचिका लगाई गई। इस पूरे मामले में गुरुवार को चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान बैंच ने इस मामले कहा कि गंभीर चिंता का विषय है, जहां साइबर अपराध हो रहे हैं, ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति बिल्कुल जरूरी है। केंद्र सरकार को तत्काल नियुक्ति के लिए उचित कदम उठाने निर्देश दिए हैं। वहीं केंद्र सरकार का पक्ष रखने वाले अधिवक्ता रमाकांत मिश्रा को इस मामले में चार सप्ताह में शपथपत्र पेश कर जवाब मांगा है।

याचिकाकर्ता शिरीन मालेवर ने अधिवक्ता रुद्र प्रताप दुबे और गौतम खेत्रपाल के माध्यम से याचिका दाखिल की। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने कोर्ट में बताया कि देश भर में 16 जगह पर एक्सपर्ट की नियुक्ति की गई है जो कि केंद्र सरकार के द्वारा की जाती है।

फिलहाल छत्तीसगढ़ प्रदेश में किसी एक्सपर्ट की नियुक्ति नहीं हैं। जिसपर पर महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत ने भी कोर्ट को जानकारी दी। वहीं बैंच ने सुनवाई करते हुए कहा कि आईटी अधिनियम राज्य के लिए धारा 79 के तहत इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य का कोई परीक्षक नहीं है। जिसपर कोर्ट ने प्रतिवादियों को नियुक्त करने का निर्देश दिया है। वहीं संघ की परिषद की ओर से अधिवक्ता को चार सप्ताह में हलफनामा दायर करने के निर्देश दिए है। चीफ जस्टिस ने इस मामले में सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा जैसा कि मामला प्रतीत होता है, आजकल एक गंभीर चिंता का विषय है।

**महाकुम्भ** माघ पूर्णिमा तक के स्नान संपन्न, अब पुन: प्रारंभ होंगी सांस्कृतिक गतिविधियां

# फाल्गुन मास में होगा संस्कृति, पर्यावरण व बर्ड फेस्टिवल का 'संगम'

● 14 फरवरी से यमुना, सरस्वती व त्रिवेणी पंडाल पर अनवरत होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम
● 16 फरवरी से प्रारंभ होगा त्रिदिवसीय बर्ड फेस्टिवल




**महाकुम्भ नगर। एजेंसी**

योगी सरकार ने महाकुम्भ-2025 को अद्वितीय, अविस्मरणीय व अभूतपूर्व बना दिया है। इसमें माघ पूर्णिमा तक के स्नान संपन्न हो चुका है। इसके उपरांत फाल्गुन मास में भी त्रिवेणी तट पर संस्कृति, पर्यावरण व बर्ड फेस्टिवल का 'संगम' होगा। एक तरफ यहां त्रिवेणी, सरस्वती व यमुना पंडाल पर शुक्रवार से सांस्कृतिक गतिविधियां प्रारंभ होंगी तो वहीं 16 फरवरी को जलवायु सम्मेलन होगा। इस दिन से ही त्रिदिवसीय बर्ड फेस्टिवल भी आयोजित किया जाएगा। गंगा पंडाल पर गुरुवार से सांस्कृतिक आयोजन प्रारंभ हो गए। महाकुम्भ के मुख्य पंडाल 'गंगा' में अभी बॉलीवुड सिंगर कैलाश खेर, मोहित चौहान, कविता सेठ, नवदीप वडाली सरीखे कलाकारों के सुगम संगीत से श्रोता दो-चार होंगे। सुरमयी सांझ से आगंतुक करेंगे भारतीय संस्कृति का दीदार

माघ पूर्णिमा स्नान के उपरांत फाल्गुन मास में भी सुरमयी सांझ में श्रोता-दर्शक भारतीय संस्कृति का दीदार करेंगे। गंगा पंडाल पर गुरुवार से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ हो गए, जबकि शुक्रवार से त्रिवेणी, यमुना व सरस्वती पंडाल पर कार्यक्रम शुरू होंगे।

महाकुम्भ की अवधि के दौरान कैलाश खेर, मोहित चौहान, सुचेता भिड़े, कविता सेठ, नितिन मुकेश सरीखे नामचीन कलाकारों की भी प्रस्तुति होगी। इस दौरान शास्त्रीय संगीत, वायलिन, तबला, बांसुरी वादन, ध्रुपद गायन, भरतनाट्यम, कुचुपुड़ी, कथक, ओडिसी नृत्य आदि विधा के कलाकार महाकुम्भ में अपनी प्रतिभा बिखरेंगे। आस्था के साथ ही महाकुम्भ प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण होगा। सीएम योगी के निर्देश पर श्रद्धालुओं के लिए ईको टूरिज्म का विशेष प्लान भी बनाया गया है। 16 से 18 फरवरी तक अंतरराष्ट्रीय बर्ड फेस्टिवल भी होगा, जिसमें लगभग 200 प्रजातियों के पक्षियों का महाकुम्भ भी होगा। इसमें लुप्तप्राय इंडियन स्कीमर, फ्लेमिंगो और साइबेरियन क्रेन आदि का दीदार कर सकेंगे। यहां साइबेरिया, मंगोलिया, अफगानिस्तान समेत लगभग एक दर्जन से अधिक देशों से साइबेरियन पक्षी का भी दीदार होगा। फेस्टिवल के दौरान फोटोग्राफी, पेंटिंग, नारा लेखन, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी समेत अनेक प्रतियोगिताएं होंगी, जिनके विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय बर्ड फेस्टिवल भारतीय संस्कृति, प्रकृति प्रेम व वैज्ञानिक दृष्टिकोण का अनूठा मिश्रण होगा।

यूपी के पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन विभाग की तरफ से महाकुम्भ में 'कुम्भ की आस्था व जलवायु परिवर्तन' पर जलवायु सम्मेलन भी होगा। इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटना और जलवायु सुधार को लेकर प्रेरित करना है। सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शिरकत करेंगे। साथ ही धर्मगुरु, पर्यावरणविद, अनेक सामाजिक संगठन, उद्योग व व्यापारिक जगत के साथ ही गणमान्य नागरिक भी हिस्सा लेंगे।

## प्रयागराज में ट्रैफिक सुचारु, बिना किसी बाधा के यात्री कर रहे संगम स्नान

**महाकुम्भ नगर। एजेंसी**

महाकुम्भ 2025 में माघ पूर्णिमा के स्नान पर्व पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच शहर की ट्रैफिक व्यवस्था अब पूरी तरह से सुचारू रूप से संचालित हो रही है। प्रशासन की ओर से किए गए व्यापक प्रबंधों का सकारात्मक असर दिख रहा है, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है और वे सुगमता के साथ संगम स्नान कर रहे हैं।

**सभी प्रमुख मार्गो पर ट्रैफिक हुआ सुगम**

मेला पुलिस के अनुसार मलाक हरहर (लखनऊ), मिजार्पुर रोड, रीवा रोड, सहसो (जौनपुर), फाफामऊ (लखनऊ), अंदावा (वाराणसी रूट) और कौशांबी रूट पर यातायात सामान्य रूप से जारी है। महाकुम्भ के मद्देनजर सुरक्षा बलों और यातायात पुलिस को हर प्रमुख मार्ग पर तैनात किया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो।

**यातायात निदेर्शों का करें पालन**

यातायात विभाग ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा जारी किए गए निदेर्शों का पालन करें और अनावश्यक रूप से किसी भी मार्ग पर रुकने से बचें। प्रयागराज में उमड़ी भारी भीड़ के बावजूद प्रशासन की कुशल व्यवस्था के चलते यातायात नियंत्रण में है। श्रद्धालु आसानी से संगम तक पहुंचकर पुण्य स्नान कर रहे हैं।

